# दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

शिवपुरी ■ शुक्रवार 24 जनवरी 2025 ■ वर्ष-25 ■ अंक-235 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03


**सुविचार**

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के समान दूसरा कोई पाप नहीं है।
- लोकमान्य तिलक

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा- भोपाल देश का दिल, तेजी से होगा विकास

# भोपाल में 'अंबेडकर' फ्लाई-ओवर






## नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी, प्रदेश में महिला सशक्तिकरण नीति पर कैबिनेट लगाएगी मुहर

- 180 करोड़ रु. की लागत से बनेगा बावड़िया-कलां ओवर ब्रिज
- कांग्रेस ने बार-बार संविधान निर्माता बाबा के साथ किया अन्याय
- मुख्यमंत्री ने जीजी फ्लाई-ओवर ब्रिज-एलिवेटेड कॉरीडोर का किया लोकार्पण
- खुली जीप में फ्लाई-ओवर का अवलोकन कर नागरिकों का किया अभिवादन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के सबसे लंबे ब्रिज जीजी फ्लाई-ओवर का लोकार्पण किया। 153 करोड़ की लागत से बने इस ब्रिज को अब डॉ. भीमराव अंबेडकर सेतु के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस ब्रिज का एक सिरा सुभाष चंद्र बोस सेतु से जुड़ता है तो दूसरा सिरा सावरकर सेतु से जुड़ेगा। ऐसे में हम इस ब्रिज का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना, अतिक्रमण, मेट्रो प्रोजेक्ट जैसी कई मुश्किलों के बावजूद श्रमिकों ने रात-रात भर जागकर इस सेतु का निर्माण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासन में भोपाल का कभी विकास नहीं हो पाया। कांग्रेस ने भोपाल के विकास को रोके रखा, लेकिन पटवा सरकार में विकास की नई इबारत लिखी गई। बहुत जल्द बैरागढ़ ब्रिज का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने बावड़ियाकलां में 180 करोड़ की लागत से नया ब्रिज बनाए जाने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राजधानी वृहद परियोजना का नक्शा आने वाला है। जिसमें भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा को मिलाकर एक बड़ी परियोजना बनाई जाएगी।

### कांग्रेस ने नेताजी को घर बैठाया

सुभाष जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने नमन करते हुए कहा कि नेताजी ने अंग्रेजों के शासनकाल में सबसे कठिन आईसीएस की परीक्षा पास की, लेकिन उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी नहीं की बल्कि देश की आजादी की लड़ाई में शामिल हो गए। लेकिन कांग्रेस ने नेताजी जैसे अच्छे नेताओं को भी परेशान किया। कांग्रेस हमेशा अच्छे नेताओं को घर बैठाने का काम करती आई। वे चुनाव जीतकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने लेकिन आखिरकार उन्हें इस्तीफा देने को मजबूर किया गया।

### कांग्रेस अपने पुराने पापों का दे हिसाब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर के साथ भी बार-बार अन्याय किया। आज कांग्रेस के नेता बगुलाभगत की तरह महू से यात्रा निकालने का सपना देख रहे हैं। लेकिन पहले कांग्रेस को अपने पुराने पापों का हिसाब करना चाहिए। उन्हें अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। डॉ. अंबेडकर ने धारा 370 समेत जिन मुद्दों का विरोध किया, लेकिन पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरु ने उन्हीं फैसलों को लागू किया। कांग्रेस ने बाबा साहब को मनपसंद के विभाग नहीं दिए। उन्हें जीते-जी कोई सम्मान नहीं दिया गया।

- 2734 मी.लंबा, 15 मीटर चौड़ा यह फ्लाई-ओवर भोपाल का सबसे लंबा फ्लाईओवर
- वल्लभ भवन चौराहा और गणेश मंदिर के बीच ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी निजात
- भोपाल शहर में 13 मीटर ऊंचा यह फ्लाई-ओवर लगभग चार मंजिला इमारत के बराबर

### महिला सशक्तिकरण की पॉलिसी आज होगी मंजूर

मुख्यमंत्री मोहन ने लोकमाता मां अहिल्या को नमन करते हुए उनके शासनकाल की उपलब्धियां और विशेषता बताते हुए कहा कि उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर हम महेश्वर में कैबिनेट की बैठक करने जा रहे हैं। जहां कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार ने नई पॉलिसी बना ली है। जिसे कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी जाएगी।

### राज्यों के मॉडल्स को मप्र में करेंगे लागू

लोकार्पण समारोह के दौरान प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह फ्लाई-ओवर शहर के यातायात प्रबंधन में महती सुधार लाने के साथ यात्रियों को राहत प्रदान करेगा। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी राज्य की रीढ़ की हड्डी होता है। प्रदेश के महानगरों में 3000 करोड़ की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही 361 पुलों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। मध्यप्रदेश के सुदूर क्षेत्रों तक सड़कों का विस्तार हो रहा है। जहां टू-लेन सड़कें थीं, वहां फोर-लेन और जहां फोर-लेन थीं, वहां सिक्स-लेन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। हाल ही में मैंने अफसरों के साथ विभिन्न राज्यों में जाकर विकास कार्यों का अध्ययन किया गया। अब उन मॉडल्स को मध्यप्रदेश में लागू किया जाएगा।

### अब जाम की समस्या से मिलेगा छुटकारा

यह फ्लाई ओवर शहर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकार्पण सरकार द्वारा 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक प्रदेश में चलाए जा रहे जनकल्याण अभियान के अंतर्गत विकास कार्यों के जरिए प्रदेश की जनता को दी जा रही सुविधाओं में से एक है।

# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह कानून लागू

## शादी के बंधन में बंधे समलैंगिक जोड़े

- संघर्ष के बाद एशिया का तीसरा देश बना
- बच्चा गोद लेकर उत्तराधिकार तय कर सकेंगे




एजेंसी ■ नई दिल्ली

थाईलैंड में पिछले साल समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिलने के बाद यह अब देशभर में लागू हो गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया में ऐसा करने वाला थाईलैंड पहला देश बना है। गुरुवार को थालैंड में बड़ी संख्या में समलैंगिक जोड़ों ने सामूहिक विवाह में हिस्सा लिया। विवाह की कानूनी मान्यता मिलने के बाद समलैंगिक जोड़ों में खुशी की लहर है। वह सरकार के इस कदम को सपने सच होने जैसा बता रहे हैं। इस खुशी में गुरुवार को पूरे थाईलैंड में लोगों ने जश्न मनाया। समलैंगिक विवाह कानून की मांग करने वाले कार्यकर्ताओं ने इसे बड़ी जीत कहा।

### कानून में कई अधिकार

एक दशक से भी अधिक समय से थाईलैंड में एलजीबीटीक्यू समुदाय समलैंगिक विवाह की मांग कर रहा था। थाईलैंड की संसद से पारित विधेयक को पिछले साल राजा ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस कानून की वजह से समलैंगिक जोड़ों को वित्तीय, कानूनी और चिकित्सीय अधिकार मिल गए हैं। वह बच्चा गोद लेने में भी सक्षम होंगे।

### 30 से अधिक देशों में मिल चुकी मान्यता

प्यू रिसर्च सेंटर के मुताबिक मौजूदा समय में दुनियाभर में 30 से अधिक देशों ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दे चुके हैं। मगर एशिया में ऐसा करने वाले सिर्फ तीन देश हैं। सबसे पहले 2019 में ताइवान और इसके बाद नेपाल ने मान्यता दी थी। अब तीसरा देश थाईलैंड बना है। हालांकि थाईलैंड में अभी ट्रांसजेंडर को अपनी लिंग पहचान बदलने की अनुमति नहीं है। एशिया पैसिफिक ट्रांसजेंडर नेटवर्क का कहना है कि थाईलैंड में अनुमानित 314,000 ट्रांस लोग रहते हैं।

# बालाघाट में बोलेरो की टक्कर से चार दोस्तों की मौत

### मामा की तेरहवीं से लौट रहे युवक हादसे का शिकार



**बालाघाट।** जिले के बैहर के जामटोला गढ़ी में बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार चार युवकों की मौत हो गई। मोतीनाला मंडला मुख्य मार्ग पर हादसा हुआ। बाइक और बोलेरो की टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन युवकों ने मौका स्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक युवक ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। गढ़ी थाना प्रभारी सुखदेव धुर्वे ने बताया कि गुरुवार को चारों शवों का बैहर सामुदायिक अस्तपाल में पीएम कराकर शव स्वजनों के सौंप दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतकों में निखिल मोहने (16) निवासी पोंडी, राजेंद्र मोहने पिता बगतराम मोहने (22), वीरेंद्र यादव पिता मुन्नालाल यादव (18) और वासुदेव यादव कार्तिकराम यादव (16) निवासी बलगांव हैं। निखिल, राजू और वीरेंद्र ने मौका स्थल पर दम तोड़ दिया, जबकि वासुदेव की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई।

## ब्रीफ न्यूज

### क्लास से उठा और तीसरी मंजिल से कूद गया छात्र

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश में एक कॉलेज के छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। इसका वीडियो भी सामने आया है। छात्र क्लास में बैठकर पढ़ाई कर रहा था। वह रूम से बाहर निकल आया। इसके बाद वह रेलिंग पर चढ़ा और तीसरी मंजिल से नीचे कूद गया। उसी क्लास में बैठे दूसरे छात्र तुरंत दौड़ते हुए बाहर आए।

### कपिल शर्मा समेत चार को जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा को पाकिस्तान से ई-मेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। वहीं अभिनेता राजपाल यादव, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा को भी धमकी दी गई। ई-मेल में लिख गया है- हम आपकी एक्टिविटी पर नजर बनाए हुए हैं। ये कोई पब्लिक स्टंट नहीं है।

### अमेरिका में 20 फरवरी से पहले डिलीवरी की होड़

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 20 फरवरी से पहले बच्चे को जन्म देने की होड़ मची है। एक भारतीय मूल की डॉक्टर ने बताया कि उन्हें ऐसे 20 फोन आए हैं जिनमें गर्भवती महिलाएं समय से पहले डिलीवरी के लिए सी-सेक्शन यानी सर्जरी कराना चाह रही हैं। दरअसल, ट्रम्प ने जन्मजात नागरिकता के अधिकार को समाप्त करने का फैसला किया है।

# चायवाले ने फैलाई थी पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह

### लोग ट्रेन से उतरकर ट्रैक पर खड़े थे, दूसरी ट्रेन ने कुचल दिया



एजेंसी ■ जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव में 22 जनवरी को लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के 23 यात्रियों को दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कुचल दिया। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 घायलों का इलाज जलगांव के सिविल अस्पताल में चल रहा है। घटना के दौरान ट्रेन में मौजूद लोगों ने बताया कि आग लगने की अफवाह सबसे पहले एक चायवाले ने फैलाई थी। जिसे जनरल डिब्बे में सफर कर रहे उधल कुमार और विजय कुमार ने सुना। दोनों घबराकर चलती ट्रेन से कूद गए। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग की और कुछ अन्य पैसेंजर्स भी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूद गए। अफवाह के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल था। लोग जान बचाने के लिए ट्रेन से निकलने की कोशिश में थे।

## ओला-उबर के आईफोन-एंड्रॉयड से बुकिंग पर अलग-अलग किराया

### सीसीपीए ने नोटिस भेज कर कहा- किराया तय करने की प्रोसेस बताओ

**नई दिल्ली।** ओला-उबर पर एंड्रॉयड फोन या आईफोन से कैब बुक करते हैं तो किराए में अंतर आएगा। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने इस पर कैब एग्रीगेटर्स ओला-उबर को नोटिस भेजा है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया पर बताया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने इस विषय पर गौर किया और सीसीपीए को जांच के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया था कि कुछ फोन मॉडल पर ज्यादा किराया, जबकि अन्य पर कम दिखाया जाता है। ओला और उबर को अब अपने किराए तय करने की प्रोसेस और अलग-अलग किराया वसूलने के कारणों को स्पष्ट करने के लिए कहा गया है। सीसीपीए ने उन रिपोर्ट्स के बाद कैब एग्रीगेटर्स को यह नोटिस भेजा है, जिनमें कहा गया था कि दोनों कंपनियां एक ही सर्विस के लिए अलग-अलग किराया वसूलती हैं।

# डीईओ के बेड से मिले तीन करोड़ बोरी में रखे थे नोट और गहने

### बिहार में जिला शिक्षा अधिकारी के सात ठिकानों पर छापा

### विजिलेंस टीम को 100, 200 और 500 रुपए के नोटों की गड्डी मिलीं

## नोट गिनने मंगानी पड़ी मशीन, गहनों का हिसाब भी डीईओ नहीं दे सके



एजेंसी ■ पटना

बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण के पास से तीन करोड़ रुपए कैश और गहने बरामद किए गए। गुरुवार अल सुबह विजिलेंस की टीम ने 40 सदस्यों के साथ रजनीकांत के सात ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। विजिलेंस की टीम बेतिया में 10 घंटे की छापेमारी के बाद डीईओ के घर से बाहर निकली। हालांकि, अधिकारियों ने इस मामले में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है। रजनीकांत के घर में रखे बेड में नोटों से भरी बोरियां छिपाकर रखी गई थीं। इतना ज्यादा कैश मिलने के बाद अधिकारियों को नोट गिनने वाली मशीन लाना पड़ी। खुलासे के बाद डीईओ को निलंबित कर दिया गया। डीईओ रजनीकांत प्रवीण नालंदा के रहने वाले हैं। पत्नी सुषमा शर्मा बगहा, समस्तीपुर और दरभंगा में तीन स्कूल संचालित करती हैं। इन स्कूलों में भी विजिलेंस की टीम जांच की। साली पूनम शर्मा समस्तीपुर में ही श्रीकृष्णा हाई स्कूल में टीचर हैं। सास निर्मला शर्मा रिटायर्ड टीचर हैं।

**ससुराल में भी दबिश:** डीईओ रजनीकांत पिछले 3 साल से बेतिया में पोस्टेड हैं। उनका ससुराल समस्तीपुर में है। पिछले 20 सालों की सर्विस के दौरान वे बगहा, मधुबनी और दरभंगा में भी पोस्टेड रहे हैं।

**उद्घाटन** हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला में भैयाजी बोले- हिंदू धर्म में अहिंसा का तत्व निहित

# कभी-कभी अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा जरूरी

एजेंसी ■ अहमदाबाद

### पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों को ताक पर रख दिया



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी का एक बयान काफी चर्चा में है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि कभी-कभी अहिंसा को बनाए रखने के लिए भी हिंसा करनी पड़ती है। वह गुजरात यूनिवर्सिटी के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। जोशी ने कहा कि शांति के रास्ते पर भारत को सभी को साथ लेकर चलना होगा। हिंदू हमेशा अपने धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने धर्म की रक्षा के लिए, हमें वे काम भी करने होंगे जिन्हें दूसरे लोग अधर्म करार देंगे। ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हिंदू धर्म में अहिंसा का तत्व निहित है। हालांकि, कभी-कभी हमें अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा का सहारा लेना पड़ता है। अन्यथा अहिंसा का विचार कभी सुरक्षित नहीं रहेगा। हमारे महान पूर्वजों ने हमें यह संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में यह मिथक है कि चर्च या मिशनरी जैसी कुछ ही संस्थाएं निःस्वार्थ सेवा कर रही हैं। हमारी एक प्राचीन परंपरा है, जिसमें हमारे मंदिरों या गुरुद्वारों में प्रतिदिन 1 करोड़ लोगों को भोजन दिया जाता है। हिंदू धार्मिक संगठन केवल अनुष्ठान करने तक ही सीमित नहीं हैं।

### शांति स्थापना में भारत का रोल

महाभारत के युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों को ताक पर रख दिया। संघ नेता ने कहा कि भारत के लोगों को शांति के रास्ते पर सबको साथ लेकर चलना होगा, क्योंकि जो सबको साथ लेकर चलने में सक्षम है, वही शांति स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई धर्म दूसरों को अपने-अपने धर्मों का पालन करने की अनुमति नहीं देता है तो शांति नहीं होगी।

### वसुधैव कुटुंबकम का जिक्र

जोशी ने कहा कि भारत के अलावा कोई भी ऐसा देश नहीं है जो सभी देशों को साथ लेकर चलने में सक्षम हो। वसुधैव कुटुंबकम हमारा आध्यात्मिकता का विचार है। अगर हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानें तो कोई संघर्ष नहीं होगा। जब हम कहते हैं कि भारत को मजबूत बनना चाहिए, तो हम वास्तव में दुनिया को आश्वासन दे रहे हैं कि एक मजबूत भारत और एक मजबूत हिंदू समुदाय सभी के लिए फायदेमंद है क्योंकि हम कमजोर और वंचितों की रक्षा करेंगे।

# फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा को 3 महीने की जेल



- 7 साल पुराने चेक बाउंस केस में सजा
- कोर्ट से गैर-जमानती वारंट भी जारी

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। मुंबई की अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उन्हें चेक बाउंस मामले में तीन महीने की सजा सुनाई। यह मामला पिछले सात सालों से चल रहा था। हालांकि, सुनवाई के दौरान राम गोपाल वर्मा कोर्ट में मौजूद नहीं थे। कोर्ट ने कहा-इस मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी गैरहाजिर था, जिसके चलते उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी करने का आदेश दिया गया है। साथ ही राम गोपाल वर्मा को शिकायतकर्ता को तीन महीने के भीतर 3 लाख 72 हजार 219 रुपए का मुआवजा देने होगा। अगर ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें तीन महीने की सजा और भुगतनी होगी।

### बजट संवाद में विषय-विशेषज्ञों से प्राप्त सुझावों को बजट में करेंगे शामिल

# बेहतर और जनोपयोगी होगा 2025-26 का बजट : उप-मुख्यमंत्री देवड़ा




सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 से प्राप्त सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बजट संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में नम्बर वन पर लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में हमारा देश विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो, यह बजट संवाद उसी कड़ी का हिस्सा है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हमारा देश विश्व में विकसित ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत बनेगा।

उन्होंने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में उपस्थित विषय-विशेषज्ञों ने अपने प्रस्तुतिकरण में कई सुझाव दिये हैं, जिससे कई क्षेत्रों में और काम करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट बेहतर और जनोपयोगी होगा। देवड़ा ने विषय-विशेषज्ञों से कहा कि आप सभी से बजट के संबंध में मार्गदर्शन लिया है। उन्होंने कहा कि लिखित में भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़ा संयोग है कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है, दो दिनों बाद गणतंत्र दिवस है और प्रयागराज में कुंभ चल रहा है, ऐसे समय में हम प्रदेश के बजट पर संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संवाद हम सबके लिए दूरगामी सकारात्मक परिणामों को सार्थक करने का कदम साबित होगा। बजट संवाद में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सुशील कुमार ने किसानों की सुविधा के लिये मंडियों को ग्रामीण आबादी के नजदीक लाने का सुझाव दिया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के चेयरमेन आरसी बेहरा ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान करने के लिये कहा। सरपंच सुश्री भक्ति शर्मा ने महिला स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, बेहतर इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की बात कही। युवा किसान प्रतीक पाटीदार भोपाल ने खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। किसान जितेन्द्र सिंह रायसेन ने बाँस के लिये बाजार व्यवस्था पर प्रकाश डाला। फिल्म प्रोड्यूसर नरेन कुमार ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय व्यवस्था मुहैया होगी तो वॉलीवुड के लिये काम करने में आसानी होगी। ग्राहक पंचायत के श्री अलंकार वशिष्ठ ने खाद्य पदार्थों की जाँच सुविधा सुदृढ़ करने का सुझाव दिया। सचिव वित्त लोकेश जाटव ने कहा कि हम बजट को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस बजट में नये आयाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में युवा और अनुभव की शक्ति हमें देखने को मिली है। आपके सुझावों को बजट में जगह मिलेगी। संचालक बजट तन्वी सुन्द्रीयाल द्वारा बजट संवाद में विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 को बेहतर और जनोपयोगी बनाने के लिये विचार एवं वक्तव्य पर केन्द्रित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रस्तुतिकरण दिया। बजट संवाद में केन्द्रीय वित्त आयोग नई दिल्ली, यूनिसेफ इण्डिया नई दिल्ली, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक इंदौर, नाबार्ड, लघु उद्योग भारती, मध्यप्रदेश गोविंदपुरा औद्योगिक एसोसिएशन भोपाल, सीआईआई, फिल्म उद्योग, ग्राहक पंचायत, किसान, बाँस उत्पाद, चार्टर्ड अकाउंटेंट, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और विषय-विशेषज्ञ शामिल हुए।

**सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध**

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सतत् विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मध्यप्रदेश की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूल विकास दर्शन से प्रेरित होकर विभिन्न सामाजिक विकास योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला और विकास खंड स्तर पर अब विकास के लक्ष्यों पर निगरानी रखने पर ध्यान दिया गया है। देवड़ा सतत् विकास के लक्ष्यों के लिए निगरानी ढांचे, पर्यावरणीय आंकड़ों के संकलन और लिंग सांख्यिकी पर आयोजित क्षमता निर्माण पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला का आयोजन केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय और मप्र राज्य नीति आयोग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन के बिना विकास अधूरा है। विकास के लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए आंकड़ों की शुद्धता आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सबके समन्वित प्रयासों की जरूरत है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि विकास प्रक्रियाओं से संबंधित आंकड़ों का समय पर संकलन सबसे जरूरी है। इसके अलावा उनके बदलाव पर सतत निगरानी रखना और उनका समय समय पर विश्लेषण करना जरूरी है। इससे नीति निर्माण प्रक्रिया न सिर्फ आसान बल्कि प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की मूल भावना नीति निर्माण प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु है। उन्होंने केन्द्र और राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योजनाओं का सम्पूर्ण क्रियान्वयन होना चाहिए तभी अपेक्षित परिणाम मिलते हैं। मुख्य सचिव ने विकास की दृष्टि से पिछड़ रहे जिलों और विकास खंडों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि आंकड़ों का एकीकरण उतना ही जरूरी है जितना समय पर संकलन। उन्होने विकास के प्रयासों की प्रगति का आंकलन करने के लिए भी संकेतकों का विकास करने की

---

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रीय बालिका दिवस आज, मंत्री भूरिया ने दी बधाई

**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश की सभी बालिकाओं को शुभकामनाएं दी हैं। प्रति वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2008 से शुरू किए गए इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण का उत्सव है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक बालिका को बढ़ने, सीखने और सफल होने का समान अवसर मिले। बाल विवाह जैसी प्रथाओं को रोकने के लिए बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी शिक्षा, कौशल और आत्मविश्वास को मजबूत बनाना सुनिश्चित हो। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि शिक्षा बालिकाओं के लिए सफलता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही अवसर मिलते हैं, तो वे नये कौशल सीखती हैं, उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और वे अपने सपनों को साकार कर पाती है।

### योजना प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें

**भोपाल।** दिव्यांगजन कल्याण के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता से किया जाए। इस आशय के निर्देश प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायंगणकर ने जिलाधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए राज्य सरकार की इन दोनों महत्वाकांक्षी का योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढ़ंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के प्रकरणों के तेजी से निराकरण के लिये दो लाख रूपये तक की राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को दिए हैं।

---

### आज का दिन एक बार फिर से इतिहास में होगा दर्ज, महेश्वर में आज कैबिनेट

# अहिल्याबाई के सुशासन और समाज कल्याण के पथ पर अग्रसर प्रदेश सरकार

**समूचा मंत्री मंडल आज पुण्य-श्लोका अहिल्या बाई को करेगा नमन**

- अहिल्याबाई के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं शुरू
- परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के कराई जाएगी कबड्डी लीग



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन एक बार फिर से इतिहास में दर्ज होने वाला है। मध्यप्रदेश शासन की केबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक लोकमाता देवी अहिल्याबाई की पावन नगरी महेश्वर में होने जा रही है। अपने शासनकाल में देवी अहिल्या बाई होल्कर ने सुशासन के अविश्वसनीय और अद्भुत आदर्श स्थापित किए। उन्होंने अपने राज्य में सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि जनहित से जुड़े विषयों पर अद्भुत कार्य कर एक आदर्श स्थापित किया। उनके द्वारा गढ़े गए सुशासन, कुशल प्रशासन, न्यायप्रियता, परोपकार, धर्म-कल्याण, जल-संवर्धन और जल-संरक्षण के लिये किये कार्यों को आदर्श मानकर उसी दिशा में पथ पर राज्य सरकार तेजी से अग्रसर हो रही है। माँ देवी अहिल्याबाई को अपना आदर्श मानकर उनके बताये मार्ग पर चलकर सुशासन की एक नई दिशा तय की जा रही है। प्रदेश में अहिल्याबाई के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिये अनेक योजनाएं, कार्यक्रम और गतिविधियों का क्रियान्वयन प्रारंभ किया गया है। प्रदेश का समूचा मंत्री मंडल शुक्रवार को पुण्य-श्लोका देवी अहिल्या बाई को नमन करने महेश्वर पहुंच रहा है।

देवी अहिल्याबाई ने इंदौर राज्य की बागडोर संभालते हुए न्याय, धर्म और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए। उनका शासन समृद्ध और उन्नत समाज का परिचायक था। वे एक कुशल प्रशासक के रूप में प्रसिद्ध हुई। उनके समय में इंदौर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई, व्यापार बढ़ा और समाज में सांस्कृतिक एवं धार्मिक समरसता आई। न्यायप्रियता और दयालुता उनकी विशेष पहचान रही है। उन्होंने अपने राज्य में अपराधियों को सजा देने में सदैव कठोर निर्णय लिए। उन्होंने गरीबों, असहाय और अन्य जरूरतमंदों की मदद में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने मंदिरों का निर्माण कराया और धर्म के प्रचार-प्रसार में अविस्मरणीय योगदान दिया। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने वर्ष 1767 से 1795 तक होलकर वंश के शाही परिवार की सत्ता संभाली और मध्यप्रदेश के महेश्वर से अपना शासन चलाया। उनका शासन दूरदृष्टि और न्यायप्रियता के लिए जाना जाता है। उनके शासन में किसानों का कल्याण, व्यापार को बढ़ावा देना और बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़कों, जल आपूर्ति और शिक्षा पर ध्यान दिया गया। देवी अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की एक महान शासिका थीं, जिनका योगदान न केवल मराठा साम्राज्य में बल्कि मध्यप्रदेश के इतिहास में भी उल्लेखनीय रहा। 18वीं सदी में अपनी शासन शैली और दूरदृष्टि के लिए प्रसिद्ध देवी अहिल्याबाई का शासनकाल मध्यप्रदेश में विकास और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बना।

#### अहिल्याबाई की जयंती को समर्पित होगी कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शुक्रवार 24 जनवरी को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी महेश्वर में राज्य सरकार कैबिनेट की बैठक करने जा रही है, जो देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती वर्ष को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई का सम्पूर्ण जीवन लोक-कल्याण और सुशासन को समर्पित रहा है। राज्य सरकार देवी अहिल्याबाई द्वारा महिला सशक्तिकरण, किसान-कल्याण, सुशासन की दिशा में दिखाए मार्ग पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सिद्धातों एवं आदर्श राज्य की नीति एवं निर्माण में समाहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री और पूरा मंत्रिमंडल वहां पौध रोपण भी करेगा।

#### अवसर मिले तो महिला हर क्षेत्र में प्रभावशाली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने न केवल इंदौर राज्य बल्कि पूरे देश में एक सशक्त महिला नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन यह साबित करता है कि एक महिला भी हर एक क्षेत्र में अत्यधिक प्रभावशाली हो सकती है, यदि उसे सही अवसर मिले। उनके द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों को राज्य सरकार अपने कार्यों और नीतियों में लागू कर रही है। मध्यप्रदेश में अहिल्याबाई की धरोहर देवी अहिल्याबाई होलकर का शासनकाल मध्यप्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम युग माना जाता है। आज भी महेश्वर, जो कि होल्कर शासकों के राजाओं की राजधानी था, मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल है।

#### उनका जीवन और कार्य आज भी प्रेरणा का स्रोत

देवी अहिल्याबाई के शासनकाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। आज की सरकार भी राज्य के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है। देवी अहिल्याबाई के सिद्धांतों पर सुशासन आधारित नीतियों का पालन करके मध्यप्रदेश सरकार राज्य के विकास और समृद्धि की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। देवी अहिल्याबाई का जीवन और कार्य आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं और उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

#### भारतीय खिलाड़ियों ने कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में बनाई पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा गोटेगांव में आयोजित ऑल इंडिया प्रो- कबड्डी टूर्नामेंट को संबोधित कर कहा कि देश के खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में पहचान बनाई है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रत्येक आयोजन में कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से पदक प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय युवाओं का समय है। पीएम मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं खेल विधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में खेलों को विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही जन शिक्षकों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा पारंपारिक खेलों के लिए किये जा रहे प्रयासों के साथ ही विगत 41 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही कबड्डी प्रतियोगिता के वृहद आयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने 11 लाख रुपये की राशि समिति को देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी समय में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के तारतम्य में कबड्डी लीग भी कराया जाएगा।

#### प्रदेश में 17 अलग-अलग धार्मिक स्थानों पर होगी शराबबंदी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी की जाएगी। शुक्रवार को महेश्वर में होने वाली प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। सीएम ने कहा कि समाज में नशाखोरी की आदत खास कर शराब से परिवार के परिवार बर्बाद हो जाते हैं। यह एक बड़ा कष्ट है। शराब से सामाजिक बुराई आती है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हम एक बड़ा निर्णय लेने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है। 17 अलग-अलग धार्मिक नगरों में शराबबंदी करने की घोषणा कर रहे हैं। कोई देशी नहीं कोई विदेशी नहीं। सभी प्रकार के धार्मिक शहरों में शराब की दुकानों में ताले लगाए जाएंगे। सीएम ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ पर सुविधाएं और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। परिक्रमा करने वालों के लिए नर्मदा किनारे आश्रय स्थल तथा स्नान घाट बनाए जाएंगे। नर्मदा के आंचल को हरा-भरा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। सीएम ने कहा कि भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण प्रदेश में जहां- जहां प्रवास किये वहां बनाये जायेंगे धार्मिक पर्यटन स्थल बनाएंगे।

## उद्यानिकी फसलों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने बनेगी अलग मंडी : मंत्री कुशवाह



### मंडी हाईटैक होगी, किसान सीधे उपभोक्ताओं को फसल करेगा विक्रय

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उद्यानिकी फसलों के लिए अलग से उद्यानिकी उपज मंडी बनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय पर अमल के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में गुरुवार को उद्यानिकी बोर्ड की बैठक हुई।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को उनकी फसल का उचित दाम दिलवाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा पृथक से उद्यानिकी फसल उपज मंडी बोर्ड बनाने पर कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ऐसी प्रमुख 11 कृषि उपज मंडी इंदौर, बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, उज्जैन, बदनावर, रतलाम, नीमच, भोपाल, जावरा और शुजालपुर, जिनमें एक लाख टन से अधिक उद्यानिकी फसलों की आवक होती है।

ऐसी मंडियों में प्रथम चरण में बोर्ड बनावर उद्यानिकी फसलों के विक्रय के लिये पृथक से परिसर बनेगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि संचालक उद्यानिकी, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक एमपी एग्रो एवं विशेषज्ञों की टीम एक माह में विस्तृत सर्वे कर सलाहकार बोर्ड के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने कहा यह उद्यानिकी उपज मंडी पूरी तरह हाईटैक होंगी, जिनमें फसल उत्पादक किसान सीधा उपभोक्ताओं को अपनी फसल का विक्रय कर सकेगा। यह व्यवस्था बिचौलियों से मुक्त होगी। वर्तमान में मप्र कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के अधीन मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड का गठन किया गया है। इनमें कृषि और उद्यानिकी का फसलों का क्रय-विक्रय एक ही परिसर में किया जाता है। प्रदेश की 25, कृषि उपज मंडी समिति है इनमें फल-सब्जियों के विक्रय के लिए 174 मंडियां अधिसूचित है। नवीन व्यवस्था लागू हो जाने पर फल-फूल सब्जी फसल के लिये पृथक नवीन परिसर बनाये जाएगें। प्रस्तावित मंडियों में ग्रेडिंग, सोर्टिंग, पैकिंग, पैकहाउस, कोल्ड स्टोरेज, कोल्ड चैन, भंडारण आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

#### उद्यानिकी योजनाओं के लिए लें नए आवेदन

मंत्री कुशवाह ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए हैं कि उद्यानिकी विभाग को हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए नवीन ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने की प्रक्रिया का सरलीकरण भी किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभावित हो सकेंगे। संचालक उद्यानिकी प्रिति मैथिल ने कहा कि हितग्राहियों से उद्यानिकी विभाग के पोर्टल wwwmpfsts.mp.gov.in आवेदन आमंत्रित किए जायेंगे। पात्रतानुसार हितग्राहियों का चयन उनकी आवश्यकतानुसार किया जाएगा। उन्होंने यह प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दि, है।

---

**राज्य मंत्री लोधी ने फितूर मैड्रिड में पर्यटन को किया प्रमोट**

### स्पेन में मध्यप्रदेश पवेलियन का शुभारंभ पर्यटन विशेषताओं का किया प्रदर्शन



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र टूरिज्म बोर्ड ने स्पेन में प्रमुख ट्रैवल और टूरिज्म इवेंट्स फितूर मैड्रिड 2025 में भागीदारी की। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने भारत के स्पेन में राजदूत दिनेश के पटनायक के साथ मध्यप्रदेश पवेलियन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के लिए फितूर में पार्टिसिपेट किया गया है। मध्यप्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं है। सभी पर्यटकों को जीवन में एक बार मप्र आने के लिए आमंत्रित करने आए है। लोधी ने बताया कि आयोजन में विश्व के लगभग 108 देशों ने सहभागिता की है। यहां आए टूर और ट्रैवल एजेंट, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के प्रतिनिधियों के माध्यम से पर्यटकों को विभिन्न देशों के पर्यटन संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। फितूर 2025 के माध्यम से मध्यप्रदेश, टूरिज्म विशेषज्ञों से संवाद करने और हार्ट ऑफ इनक्रेडिबल इंडयिा के रूप में अपनी पहचान को स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

**राजनीति** ‘दलितों’ को साधने का सबसे बड़ा मंच बना डॉ. आंबेडकर नगर

# बाबा साहेब की जन्मस्थली बनी नेताओं का तीर्थस्थल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

महू के नाम से जाना जाने वाला आंबेडकर की जन्मस्थली नेताओं का तीर्थस्थल बन गया है। हाल के दिनों में यह दलित राजनीति का केंद्र बन गया है। ‘दलितों’ को साधने के लिए डॉ. आंबेडकर नगर सबसे बड़ा मंच बन गया है। भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य राजनीतिक पार्टी सभी की कोशिश रहती है की देश के सबसे बड़े वोट बैंक दलितों को साधने के लिए डॉ. आंबेडकर नगर में बड़ा समागम किया जाए। इसका असर यह देखने को मिल रहा है कि आज डॉ. आंबेडकर नगर राजनीति और राजनेताओं का तीर्थस्थल बन गया है।

देश में दलित राजनीति की धुरी बन चुके डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू कांग्रेस और भाजपा के लिए सियासी जोर आजमाइश का केंद्र बनने जा रही है। कांग्रेस 27 जनवरी को ‘जय बापू, जय भीम, जय संविधान’ अभियान के तहत रैली आयोजित कर रही है, वहीं भाजपा अपने दिग्गजों को उतारेगी, जो कांग्रेस को आंबेडकर विरोधी बताने के लिए मुखर होंगे। दरअसल, लोकसभा चुनाव में दलित वोट और सीटों के आंकड़ों ने कांग्रेस और भाजपा की सक्रियता बढ़ा दी है। एससी सीटों को देखें तो 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस छह से 20 पर पहुंच गई, जबकि भाजपा 46 से 30 पर आ गई। हालांकि आंकड़े बताते हैं कि वोट शेयर भाजपा के साथ 31 प्रतिशत, तो कांग्रेस के साथ 19 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश के 2023 के विधानसभा चुनाव में एससी



आरक्षित सीटों को देखें तो भाजपा को 26, तो कांग्रेस को नौ सीटों पर जीत मिली है।

**कांग्रेस की सहानुभूति लेने की कोशिश:** माना जा रहा है कि राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में दलित राजनीति को लेकर मुखर होने के लिए जीतू पटवारी को फ्री हैंड दिया है। इधर, दलित वर्ग को साधने की होड़ में कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। महू की रैली में पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका वाड्रा शामिल होंगे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित बयान को दलित विरोधी बताकर सहानुभूति लेने की कोशिश करेंगे।

**भाजपा के लिए चुनौती, कांग्रेस में उत्साह-** 2009 से लेकर 2024 तक के लोकसभा चुनाव परिणामों में एससी आरक्षित सीटों का आंकड़ा देखें, तो भाजपा की बढ़ती मुश्किलें स्पष्ट हो जाती हैं। 2009 में भाजपा को 12, जबकि 2014 में 40 सीटें मिली थीं, वहीं 2019 के मोदी लहर में 46 तक पहुंचने के बाद 2024 में यह घटकर 30 रह गई। कांग्रेस का ग्राफ भले ही छोटा रहा, लेकिन 2024 के नतीजे ने उसकी संभावनाओं को बल दिया है।

#### भाजपा देगी आक्रामक तरीके से जवाब

भाजपा प्रदेश में भाजपा के दिग्गज नेताओं को लाकर कांग्रेस का जवाब देगी। भाजपा जानती है कि डॉ. आंबेडकर की जन्मस्थली का राजनीतिक उपयोग कर कांग्रेस जो संदेश देना चाहती है, वह दूर तलक जा सकता है, इसलिए वह आक्रामक तरीके से जवाब देगी। भाजपा बताएगी कि किस तरह कांग्रेस ने दलित वर्ग को केवल वोट बैंक माना और उसके लिए कुछ नहीं किया ।मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक के आंबेडकर विरोधी होने का तथ्य सामने रख रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**शिवपुरी/** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा वर्ष 2025 के शिवपुरी जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है। कलेक्टर द्वारा संपूर्ण जिले के लिए घोषित स्थानीय अवकाशों में 27 अगस्त गणेश चतुर्थी, 1 अक्टूबर दशहरा(महानवमी), 23 अक्टूबर भाईदूज का स्थानीय अवकाश रहेगा।

### इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी/** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही.जवाहर कालोनी इमामबाडा फीडर पर 24 जनवरी को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 के.व्ही.जवाहर कालोनी इमामबाडा फीडर के बंद रहने से 24 जनवरी को प्रातः 08 बजे से दोपहर 2 बजे तक जवाहर कालोनी, नीलघर चौराहा, सुभाष पार्क, काली माता, गोविन्द नगर, तलैया मोहल्ला एवं राजपुरा रोड से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर आज इन ग्रामों में लगाए जाएगें

**शिवपुरी।** जिले में 11 दिसंबर से मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व मनाया जा रहा है। जनकल्याण अभियान में हितग्राहीमूलक योजना का लाभ लोगो तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर भी आयोजित किए जा रहा है। 24 जनवरी को विकासखंड नरवर की ग्राम पंचायत पपरेडू, सिलरा, राजपुर, देहरेटा अब्बल शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### आरआरसी प्रकरणों में वसूली राशि जमा करने के निर्देश

**शिवपुरी/** महानिरीक्षक पंजीयन म.प्र.भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिला पंजीयक कार्यालय शिवपुरी द्वारा बकायदारों की सूची जारी की गई है। जिसमें लंबित 339 आरआरसी प्रकरणों में लगभग 143.16 लाख रूपए की बसूली निहित है। जिला पंजीयक शिवपुरी ने बताया कि तहसील कोलारस में 42, तहसील शिवपुरी में 186, तहसील करैरा में 44 , तहसील पोहरी में 5 , तहसील खनियांधाना में 20 , तहसील पिछोर में 41, तहसील नरवर में 15 बकायादारों से बसूली की कार्यवाही की जाएगी।

### ऊर्जा विभाग के अधीन पहले चरण के भर्ती आवेदन अब 7 फरवरी तक

**शिवपुरी/** ऊर्जा विभाग के अधीन विभिन्न 6 बिजली कंपनियों के खाली पदों की पूर्ति के लिए पहले चरण की प्रक्रिया में एमपी ऑन लाइन के माध्यम से 2573 पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी तय थी। भर्ती प्रक्रिया की नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि अब ऑन लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 7 फरवरी कर दी गई हैं। प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने बताया कि पहले चरण में अब तक 2573 पदों के लिए 58 हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि दूसरे चरण में 123 पदों के लिए भी ऑन लाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। दूसरे चरण के पदों के लिए आवेदन 21 फरवरी की रात 11.59 तक ऑन लाइन भरे जा सकेंगे।

## भाजपा ने संविधान गौरव दिवस मनाया

# जितना सम्मान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का भाजपा ने किया कांग्रेस ने अभी तक नहीं किया : बिरथरे

**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आवन पर संविधान गौरव दिवस का आयोजन प्रदेश में किया गया इसी क्रम में शिवपुरी में भाजपा कार्यालय कोठी नंबर एक पर गुरुवार को संविधान गौरव दिवस मनाया गया जिला मीडिया प्रभारी विकास दंडौतिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त नरेंद्र बिरथरे मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब एक झूठ को सौ बार बोला जाता है तो यह लोगों की कमजोरी है कि वह उसे सच मान लेते हैं। आज कांग्रेस झूठ पर झूठ बोले जा रही है कांग्रेस यह बताने की कोशिश कर रही है कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति के लोगों से नफरत करती है। भाजपा ने जितना कार्य इस वर्ग के लोगों के लिए किया है वह कांग्रेस ने अभी तक नहीं किया। अभी कांग्रेस मऊ में एक कार्यक्रम करने वाली है और वह यह बताने वाली है कि मध्य प्रदेश में उनका बश नहीं चल रहा वह यह कहने वाली है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का भारतीय जनता पार्टी अपमान करती है। लेकिन जितना सम्मान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का भाजपा ने किया है उतना कांग्रेस ने कभी नहीं किया।




### कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब के साथ अन्याय किया कभी न्याय नहीं : राजू बाथम

पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि बाबा साहब लंदन में रहकर इकोनॉमिक्स करने वाले पहले व्यक्ति थे। पंडित नेहरू को उनसे व उस महासमाज से तब भी एलर्जी थी अब भी है। पंडित नेहरू को बाबा साहब को वित्त मंत्री बनाया जाना चाहिए था क्योंकि बाबा साहब इकोनॉमिक्स में पीएचडी की थी और वह नीचे से उठकर ऊपर तक गए थे गांव की अर्थव्यवस्था का उनका ज्ञान था तो उनका कानून मंत्री बना दिया गया कानून बन चुका संविधान इंप्लीमेंट होना है संविधान संविधान को लेकर बैठक भी हो चुकी और उन्हें संविधान भी सौंप दिया। लेकिन पंडित नेहरू उनसे इतना चिढ़ते थे कि अंतिम सरकार जब बन रही थी तो उन्हें रोकने का काफी प्रयास किया। 1951 के चुनाव में पंडित नेहरू जी ने बाबा साहब के पीए नारायण काज रोलकर को उनके विरुद्ध चुनाव लाडवा दिया और हारने का प्रयास किया। ऐसे कांग्रेस के लोग संविधान की किताब हाथ में लेकर चल रहे हैं राहुल व प्रियंका जी तुमने बाबा साहब के साथ अन्याय किया है कभी न्याय नहीं।

जितने अनुसूचित जाति के सदस्यों का सम्मान भाजपा ने किया है कांग्रेस ने कभी नहीं किया। कांग्रेस ने कभी किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को राष्ट्रपति नहीं बनाया। एक परिवार को चलाने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी के संविधान पर उंगली उठाने का काम कर रही है।कार्यकर्ताओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह नीचे तक जाकर कांग्रेस के झूठ को लोगों को बताएं कि भाजपा आपके हित के लिए कार्य करती है। बिरथरे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म बाद मानववाद बनाया संविधान के अनुसार मानववाद का मतलब अंतिम छोर पर खड़ा हुआ वह व्यक्ति वह गरीब जब तक वह अग्रिम पंक्ति में आकर खड़ा नहीं हो जाता तब तक उसका विकास करना चाहिए उसको आरक्षण देना चाहिए। कांग्रेसी लोग दुष्प्रचार करते हैं उसे दुष्प्रचार से हमको लोगों को बचाने की आवश्यकता है।

पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक ने कहा कि संविधान कहता है कि आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता लेकिन कांग्रेसियों ने दुष्प्रचार प्रचार किया भाजपा संविधान को बदलना चाहती है आरक्षण को खत्म करना चाहती है। हम देश के संविधान को मानते हैं तो पार्टी में भी संविधान को मानते हैं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पृथ्वीराज जादौन ने किया आभार वीर सिंह सगर द्वारा किया गया । इस अवसर पर मंच पर कोलारस विधायक महेंद्र यादव, हरिहर शर्मा, नेहा यादव, भैया सहाब लोधी, भरत सिंह चौहान, डॉक्टर के एल राय, हरवीर रघुवंशी, विजय शर्मा, नेहा यादव, गायत्री शर्मा, सोनू बिरथरे, गगन खटीक, दिलीप मुद्गल, हेमंत ओझा, आकाश शर्मा, विपुल जर्मनी, वीर सिंह सगर, लालाराम, यादराम वर्मा, डॉ राकेश राठौर, जितेंद्र राठौर सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीमा से भरे द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के साथ नवयुक्त जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव का फूल माला पहनकर स्वागत किया।

### कांग्रेस को जब-जब मौका मिला उन्होंने संविधान को मिटाने का काम किया : जसवंत

भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि संविधान का अगर कोई सच्चा हितैषी है, सच्चा सेवक है एवं संविधान का कोई सम्मान करने वाला है तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा है। विपक्ष के तमाम नेता संविधान की कॉपी जेब में लेकर घूम रहे हैं। मैं अपना संविधान अपने साथ लेकर आया हूं और उसको अपने माथे से लगाता हूं। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने जो संविधान को सम्मान दिया है जीवन में अद्वितीय बात है। विपक्ष के लोग संविधान के नाम पर समाज को देश को बरगलाने का काम कर रहे हैं। उनको समाज जाति मजहब में बांटने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने कभी भी देश की एकता अखंडता के लिए काम नहीं किया है उन्हें जब-जब मौका मिला है उन्होंने संविधान को मिटाने का काम किया है।

## मोबाइल लोकेशन से मिला युवक का शवःशिवपुरी में करंट लगने से मौत की आशंका, देर रात खेत में पानी देने गया था



**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी**

जिले के रामपुरा टोड़ा गांव के 21 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई।मोबाइल लोकेशन की मदद से युवक के बारे में पता चला, पुलिस ने जाकर देखा तो उसका शव खेत में पड़ा हुआ था। मृतक की पहचान लवकुश लोधी के रूप में हुई है, जो बुधवार रात साढ़े 10 बजे खेतों में पानी देने के लिए घर से निकला था। जब वह गुरुवार सुबह तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने गांववालों की मदद से उसकी तलाश शुरू की। बाद में करैरा पुलिस से मदद मांगी गई।

### मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की

पुलिस ने युवक के मोबाइल की लोकेशन खाती बाबा स्थान के पास ट्रेस की। तलाश के दौरान खेत की मेड़ पर शव मिला। मौके पर लोहे के बिजली के तार भी पड़े मिले, युवक के हाथों पर करंट लगने के निशान थे। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई के अनुसार, शव का पोस्टमार्टम कराया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के पिता सूरज सिंह लोधी के बयान के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाएगा 15 वां मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह

**शिवपुरी/** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला स्तरीय मतदाता दिवस समारोह शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन चौबे ख्याति प्राप्त शिक्षाविद होगे। कार्यक्रम में मतदाता दिवस के उपलक्ष में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं क्रमशः रोशनी खांन, हिना शर्मा एवं कौशल्या लोधी को सम्मानित किया जायेगा।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में पराक्रम दिवस का किया गया आयोजन

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया



**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी**

शिवपुरी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी केंद्र में गुरुवार को पराक्रम दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी की प्राचार्य श्रीमती पुनीता ज्योति के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्राचार्य श्रीमती पुनीता ज्योति के द्वारा छात्र - छात्राओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और देशभक्ति पर बच्चों को संबोधित किया गया । शिवपुरी जिले के सीबीएसई और शासकीय विद्यालयों के 100 छात्र -छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम में भारत है हम श्रृंखला के 5 एपिसोड का प्रसारण किया गया और उन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विद्यालय की ओर से सभी प्रतिभागियों को ÷ प्रधानमंत्री÷ द्वारा लिखित पुस्तक ÷एग्जाम वारियर÷, डिजिटल प्रमाणपत्र एवं अल्पाहार प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी करैरा, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सेंट बेनेडिक्ट स्कूल शिवपुरी रहा। विजेताओं को प्रोफेसर गजेन्द्र सक्सेना , सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्राचार्य द्वारा पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया ।

**कार्यक्रम में भारत हैं हम श्रृंखला के 5 एपिसोड का प्रसारण किया गया**

### भारत विकास परिषद शाखा वीर तात्याटोपे की वंदे मातरम् बोलो लकी ड्रा 26 जनवरी को

**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी**

वंदे मातरम बोलो लकी ड्रा का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 26 जनवरी को समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा वीर तात्याटोपे शिवपुरी द्वारा इस वर्ष भी, परिषद के संपर्क प्रकल्प के तहत राष्ट्रीय भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वंदे मातरम बोलो लकी ड्रा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इस ड्रा में दिए गए नंबरों पर प्रतिभागी को निश्चित समय, दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच वंदे मातरम बोलना होगा, इस ड्रा में भाग्यशाली प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 11 सांत्वना पुरस्कारो से प्रोत्साहित किया जाएगा। इस ड्रा का परिणाम दिनांक 27 जनवरी (सोमवार) को शाम 7 बजे घोषित किया जाएगा। जिसके स्थान की सूचना विजेताओं को दे दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नंबरों पर प्रतिभागी फोन नं. 9425788821, 9425788841, 9425788853, 9425422273, 9425422276 पर कॉल कर वंदे मातरम बोल सकते हैं। ड्रा में एक मो. नंबर को एक ही बार सम्मलित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक सुरेश कुमार बंसल व सहसंयोजक कपिल भाटिया द्वारा दी गई व जनता से अपील की गई है की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## मूंगफली बेचकर जमा किए थे पैसे, साइबर ठगों ने उड़ाए:बच्चे को पैसा डबल करने का लालच देकर किसान के 38 हजार रुपए हड़पे

**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी**

करैरा में साइबर ठगों ने किसान के 10 वर्षीय बेटे को पैसा डबल करने का लालच देकर 38 हजार रुपए की ठगी कर ली। गुरुवार को पीड़ित किसान ने एसपी कार्यालय की साइबर साखा में शिकायत दर्ज कराई। घटना 17 जनवरी 2025 की है। करैरा निवासी किसान शिवचरण लोधी के मोबाइल नंबर पर ठग ने खुद को राना कुमार बताते हुए दो नंबरों (9039979095 और 9917581320) से कॉल किया। फोन उनके बेटे नवीन के पास था। ठग ने बच्चे से फोन पे के जरिए दो खातों (309027854262 और 00226110000025) में रुपए ट्रांसफर करवा लिए।



शिवचरण ने उसी दिन मूंगफली बेचकर पैसे जमा कराए थे। घटना की जानकारी मिलते ही शिवचरण ने बैंक स्टेटमेंट निकलवाया और एसपी कार्यालय की साइबर साखा में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोपी के खातों को फ्रीज कर पैसे वापसी की मांग की है।

## वल्लभ भवन घेराव करेंगे किसान:गेहूं की कीमत और मंडी व्यवस्था को लेकर कर रहे मांग, सौंपा ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी**

मध्य प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की है। शिवपुरी में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सरवंत दीवान के नेतृत्व में किसानों ने अपर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 5 फरवरी को किसान भोपाल में रैली निकालकर वल्लभ भवन का घेराव करेंगे।

किसान संघ ने राज्य सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि राजस्व, मंडी, बिजली और खाद जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर तहसील से लेकर जिला स्तर तक शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों की प्रमुख मांगों में भाजपा के चुनावी वादे के अनुसार गेहूं की खरीदी 2,700 रुपए प्रति




क्विंटल के समर्थन मूल्य पर करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, कोलारस मंडी में किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी को रोकने और शिवपुरी जिले की सभी कृषि मंडियों में बड़े फ्लैट कांटे से तुलाई कराने तथा हम्माली चार्ज समाप्त करने की मांग की गई है। इन मांगों को लेकर 5 फरवरी को भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें हजारों किसानों के शामिल होने की उम्मीद है। किसान संघ ने अन्नदाता अधिकार रैली निकालकर वल्लभ भवन का घेराव करने की योजना बनाई है।

जरूरी सूचना
शिवपुरी जिले में पिछोर, खनियाधाना, कोलारस, बदरवास, पोहरी, बैराड़, करेरा, नरवर, रन्नौद, लुकवासा में सत्ता सुधार की एजेंसी एवं रिपोर्टरों की नियुक्ति करना है।
संपर्क करें : दीपक अरोरा
मोबाइल नंबर: +918959194646

## वृद्धों की नेत्र ज्योति का सहारा बनी रेडक्रास, एक सैकडा नेत्र रोगियों ने कराए पंजीयन

### निःशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन सपन्न,16 बृद्धों की होगी निःशुल्क सर्जरी



**सत्ता सुधार ■ शिवपुरी-**

वृद्धजन को नेत्र ज्योति प्रदान करने भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शिवपुरी द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सहयोग से निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण शिविर का आयोजन राजमात विजयाराजे सिंधिया परिसर अस्पताल चौराहा शिवपुरी पर किया गया था। इस शिविर में 16 बृद्धों सहित 2 बाल नेत्र रोगियों को सर्जरी के लिए चिन्हाकित किया गया। इनका आपरेशन जिला चिकित्सालय शिवपुरी में किया जाएगा।

कलेक्टरएवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी शिवपुरी रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में आयोजित निःशुल्क नेत्र रोग निदान शिविर का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी सह नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गिरीश चतुर्वेदी, डॉ दिनेश अग्रवाल, बाईस चेयरमेन रेडक्रास सोसायटी अलोक एम इन्दौरिया, सचिव समीर गांधी द्वारा भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में एक सैकडा नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराया जिसमें 11 बाल नेत्र रोगी भी शामिल हुए। यह रोगी जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से शिवपुरी पहुंचे थे। नेत्र रोगियों का परीक्षण डॉ गिरीश चतुर्वेदी,डॉ दिनेश अग्रवाल डॉ प्रवीण वर्मा, डॉ राजेन्द्र जाटव, , दिनेश शर्मा, संजय शाक्य द्वारा किया गया तथा पंजीयन का कार्य राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों के अतिरिक्त संतोष शिवहरे, राजकुमार शर्मा, अखिलेश शर्मा, डॉ मनोज पिप्पल सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं रेडक्रास सोसायटी के सदस्य उपस्थित थे।

दैनिक सत्ता सुधार
विज्ञापन, एजेंसी, समाचार के लिए संपर्क करें
दीपक अरोरा, ब्यूरोचीफ शिवपुरी
मो. 8959194646
कपिल उपाध्याय, जिला संवाददाता
मो. 9893099934

## ग्वालियर थाना पुलिस की कार्रवाई, दोनों तस्कर हुए फरार

# मकान में रेड कर पकड़ी 1.27 लाख की अंग्रेजी शराब

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ग्वालियर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में स्थित एक मकान पर रेड करते हुए 1.27 लाख रुपए से अधिक कीमत की अंग्रेजी शराब पकड़ी है, जबकि दोनों तस्कर मौके से फरार हो गए। जिनके खिलाफ पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बीती रात ग्वालियर थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि दो तस्करों द्वारा गौसपुरा नंबर- एक में पुरानी चौकी के पास स्थित मुकेश गुप्ता के मकान से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। जब उक्त जानकारी एएसपी अखिलेश रेनवाल तक पहुंची, तो उन्होंने इंचार्ज ग्वालियर सर्किल सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के



मार्गदर्शन में ग्वालियर थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, जिसने उक्त बंद मकान का गेट खोलकर वहां रेड की, तो कमरे में बड़ी मात्रा में शराब एवं बीयर रखी हुई थी। जबकि दोनों आरोपी पहले ही गायब हो चुके थे। पुलिस द्वारा वहां मिली शराब को बरामद करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई में ग्वालियर टीआई मिर्जा आसिफ बेग, एसआई संजय शर्मा, प्रदीप तोमर, प्रधान आरक्षक चंद्रपाल सिंह चौहान, मनोज घनघोरिया, आरक्षक राहुल भदौरिया, रोहित कौरव, बृजकिशोर सिंह, महेंद्र धाकड़, मोकम रावत व कुलदीप सिंह तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

### यह शराब हुई बरामद

पुलिस द्वारा मौके से करीब 127160 रुपए कीमत की कुल 43.5 लीटर बीयर व 80.5 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई है, जिसमें पांच बोतल रॉक फोर्ड क्लासिक, 16 बोतल ब्लैक वकार्डी, 16 हाफ ब्लैक वकार्डी, 10 बोतल रॉयल स्टैग, आठ हाफ रॉयल स्टैग, 22 क्वार्टर रॉयल स्टैग, 26 बोतल ओल्ड मॉक, 11 हाफ ब्लैक वकार्डी लेमन, नौ क्वार्टर ब्लैक वकार्डी लेमन, पांच बोतल रॉयल चैलेंज, चार बोतल बकार्डी मैंगो चिली, 35 क्वार्टर ओल्ड मॉक, चार बोतल ब्लेंडर प्राइड, आठ हाफ मैक डबल, 30 कैन बोल्ट बीयर, 23 कैन किंग फिशर बीयर तथा 34 कैन ब्लैकफोर्ट बीयर शामिल है।

# मुरार नदी के जीर्णोद्धार में आ रही रूकावटों को दूर कर कार्य में तेजी लाएं: वैष्णव



**ग्वालियर।** नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा अंतर्गत मुरार नदी किए जा रहे जीर्णोद्धार के संबंध में नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने समीक्षा बैठक की। बैठक में मुरार नदी के कार्य में आ रही कठिनाइयों एवं अतिक्रमण संबंधी समस्या का निराकरण शीघ्र करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कार्यपालन यंत्री प्रदीप जादौन, सहायक यंत्री शालिनी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बाल भवन के टीएलसी कक्ष में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने मुरार नदी के जीर्णोद्धार के कार्य में आ रही कठिनाइयों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। जिसमें सबसे ज्यादा मुरार नदी के दोनो तरफ किए गए अतिक्रमण संबंधी की जानकारी अधिकारियों ने दी। निगमायुक्त वैष्णव ने छोटी-छोटी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए तथा अतिक्रमण के संबंध में निर्देशित किया कि शीघ्र ही पूरी टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमण की जगहों को चिन्हित किया जाएगा। इसके बाद ही प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

विदित हो कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के अंतर्गत मुरार नदी का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मुरार नदी का रमौआ बांध से जडेरूआ बांध तक लगभग 12 किलोमीटर के क्षेत्र का जीर्णोद्धार किया जाएगा। जिसमें नदी के दोनो तरफ पाथ वे, सडक, वॉल, तार फेंसिंग, टॉयलेट, फुब्बारे आदि बनाकर नदी को पुराने स्वरूप में लाया जाएगा।

### कार्यपालन यंत्री संविदा डॉ. यादव बने नोडल अधिकारी

नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के जारी आदेशानुसार कार्य सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से कार्यपालन यंत्री संविदा डॉ. अतिबल सिंह यादव को नमामि गंगे मिशन अंतर्गत मुरार नदी के जीर्णोद्धार कार्यों के लिए नोडल अधिकारी बनाया है तथा उनके वर्तमान कार्य यथावत रहेंगे एवं प्रदीप सिंह जादौन कार्यपालन यंत्री उक्त दायित्व से मुक्त रहेंगे एवं उनके शेष दायित्व यथावत रहेंगे।

### धान की बोरी से भरे ट्रक के नीचे से निकला धुंआ तो मची अफरा- तफरी



**भितरवार।** भितरवार नगर के मुख्य मार्ग करेरा रोड पुलिस थाने के पास गुरुवार की सुबह उस समय अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया जब कृषि उपज मंडी से अनाज की बोरी भरकर जा रहे एक ट्रक के टायरों के यहां से अचानक विकराल रूप लेकर धुंआ उठने लगा तो तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी तो दमकल की गाड़ी ने पहुंचकर ट्रक के नीचे टायरों के यहां से निकल रहे धुंआ पर नियंत्रण किया गया। यदि यही घटना दोपहर के समय या रात्रि के समय में होती तो किसी भी प्रकार बड़ी या अनहोनी दुर्घटना घटित हो सकती थी। पर समय रहते स्थानीय कुछ लोगों ने घटित होने वाली अनहोनी घटना को अपनी सूझबूझ से टाल दिया।

### जिला स्तरीय ओलंपियाड में 669 छात्रों ने दी प्रतिभा की परीक्षा



**भितरवार।** भितरवार के शासकीय कन्या हाईस्कूल में बुधवार से दो दिवसीय जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन शुरू हुआ था गुरुवार को परीक्षा का समापन हुआ दोनों दिनों में 669 बच्चों ने अपनी प्रतिभा की परीक्षा दी, बच्चों में परीक्षा केंद्र पर उत्साह नजर आया वहीं शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र पर बेहतर सुविधाओं के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन कराया गया। शासकीय कन्या हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में दो दिवसीय जिला ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया है। इस परीक्षा में 380 बच्चों ने अलग-अलग विषयों पर परीक्षा दी। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर हुई। इस परीक्षा में बच्चों को प्रायोगिक परीक्षा में तैयार करने के लिए व उनकी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पहल की जा रही है।

### कन्या उमावि ठाठीपुर की बारहवीं की छात्राओं को बताई उच्च शिक्षा की राह




**ग्वालियर।** जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत उच्च शिक्षा के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में श्रीमंत माधवराव सिंधिया आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक व आचार्यों के दल ने गुरुवार को शासकीय कन्या उमावि ठाठीपुर पहुँचकर 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये महाविद्यालयों में प्रवेश के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान छात्राओं को कैरियर विकल्प, छात्रवृत्ति, खेलकूद व एनसीसी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं व विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों के बारे में भी जानकारी दी। इस आयोजन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान हासिल किया। कार्यक्रम के आखिर में सभी ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही भविष्य के लक्ष्य के बारे में बताया। कैरियर काउंसलिंग के लिये गए विज्ञान महाविद्यालय के दल में समिति के संयोजक डॉ. अशोक कुमार शर्मा, समिति के सदस्यगण डॉ. डी के शर्मा व डॉ. तृप्ति शर्मा शामिल थीं। इस अवसर पर शासकीय कन्या उमावि ठाठीपुर के प्राचार्य श्री राजीव कुमार व विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद थे। साथ ही शिक्षा के लिये मिलने वाली आर्थिक सहायता व एनसीसी एवं एनएसएस इत्यादि के बारे में बताया।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर आज ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**ग्वालियर।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर 24 जनवरी को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। तोमर इस दिन विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष तोमर 24 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे पीएनबी बैंक के सामने सिटी सेंटर पहुँचकर बलदेवराज स्मृति सेवा भारती न्यास ग्वालियर के कार्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। तोमर इस दिन ग्वालियर में अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

# जेसीआई ग्वालियर ओस का न्यू ईयर सेलिब्रेशन व इंट्रोडक्शन पार्टी हुई

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जेसीआई ग्वालियर ओस का न्यू ईयर सेलिब्रेशन एवं इंट्रोडक्शन पार्टी का आयोजन होटल शाह इंपीरियल में रखा गया, जिसमें सभी सदस्यों ने अपना अपना परिचय दिया। साथ में ये भी तय किया की जो भी वस्तु हम खरीदेंगे पहली प्राथमिकता जेसीआई सदस्यों को ही देंगे। सभी सदस्यों ने अपने अपने बिजनिस का कार्ड भी आपस में बदले। प्रीति नामदेव द्वारा गेम्स खिलाए गए एवं बच्चों को उपहार दिए गए। इस अवसर पर जिन सदस्यों की शादी की सालगिरह और बर्थडे इस महीने था उनके लिए केक की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया का सम्मान समारोह भी रखा गया था। जिसमें सभी सदस्यों ने उनको फूल मालाओं से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष जेपी राजौरिया ने जेसीआई ओस की टीम की प्रशंसा करते हुए आस्वासन दिया कि हमारा जो सहयोग होगा ग्वालियर के विकास में हम पूरा सहयोग टीम को करेंगे। ग्वालियर के वरिष्ठ समाजसेवी जीडी लड्ढा एवं संजय भार्गव की मदद से आई चेकअप कैम्प का आजोजन



कर मरीजों की आंख की जांच कराकर निशुल्क ऑपरेशन करायेंगे। अभी ये कार्य जीडी लड्ढा समर्पण हॉस्पिटल के द्वारा चल भी रहा है। जेसी डॉ. बीआर श्रीवास्तव, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव के साथ मिलकर ओस की टीम कैंसर पीड़ित के लिए निशुल्क कार्य करेगी। न्यूरोलॉजी की समस्याओं के लिए जेसी आई ओस निशुल्क कैम्प लगाएगा। न्यूरोलॉजी के सर्जन जेसी डॉ. विवेक कनकने जी ने कार्यक्रम में भरोसा दिलाया की जो भी बेहतर होगा जेसी आई ओस के लिए कैम्प के माध्यम से जहां जरूरत होगी वहां अपनी निशुल्क मदद करेंगे। डॉ. योगेंद्र पहाड़िया जी के माध्यम से जेसीआई की टीम ग्रामीण में भी डेंटल चेकअप कैम्प करेगी और भी अनेकों कार्य अध्याय की संरक्षक जेसी कविता सोनी के मार्गदर्शन में जेसीआई ओस सराहनीय कार्य करता आया है और आगे भी समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करेगा। जेसीआई इंडिया की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कविता सोनी ने बताया विगत 10 वर्षों से वह कैंसर के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उनका उद्देश्य है इलाज में किसी भी व्यक्ति को असुविधा नहीं हो इसके लिए वह निरंतर डॉ के संपर्क में जेसी आई ओस टीम के साथ रहती हैं। इस अवसर पर अध्यक्षता श्याम नामदेव ने की। इमीडियेट पास्ट प्रेसिडेंट जेसी राघव गुप्ता द्वारा सदस्यों आगामी कार्यों के लिए अपने सुझाव रखे गए। पास्ट जोन वाईस प्रेसिडेंट जेसी आदित्य सोनी द्वारा सभी सदस्यों को प्रोटोकॉल की और जोन नेशनल इवेंट की जानकारी दी गई।

# अमानक पॉलीथिन एवं गंदगी फैलाने पर वसूला 10000 रूपये से अधिक का जुर्माना

**ग्वालियर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गंदगी करने वाले एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले लोगों पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव के निर्देशानुसार उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्वालियर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा




है। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह ठाकुर के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 11 हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका रोड पर दुकानदारों द्वारा अमानक पॉलीथिन विक्रय, उपयोग करने, गंदगी फैलाने, रेड स्पॉट के विरुद्ध जुर्माना करवाई की गई। जिसके अंतर्गत पॉलीथिन के विक्रय पर 5000 रूपये, गंदगी फैलाने पर 1500 रूपये एवं रेड स्पॉट पर 500 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 36 में गंदगी फैलाने वालों पर 1000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री शरण कुमार, सोनू वाल्मीकि, जेडएचओ रवि करोसिया, राजकुमार चौहान, डब्ल्यूएचओ जीवन यादव, मुकेश चौधरी व मदाखलत अमला उपस्थित रहा। इसके साथ ही दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में वार्ड 41 में दुकानदारों गंदगी फैलाने पर 2000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान दक्षिण फ्लाइंग एस्कॉर्ट प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव की गरिमा के अनुरुप हों गणतंत्र दिवस समारोह की सभी व्यवस्थाएं

### आईजी, डीआईजी, कलेक्टर एवं एसएसपी ने एसएएफ मैदान पहुँचकर लिया तैयारियों का जायजा

**ग्वालियर।** जिले में भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की 75वी वर्षगाँठ तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिले का मुख्य समारोह कम्पू स्थित एस ए एफ ग्राउण्ड पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित होगा। समारोह में प्रभारी मंत्री सिलावट प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और संयुक्त परेड की सलामी लेंगे।

पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी, कलेक्टर रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन व पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को एसएएफ मैदान पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसी व्यवस्था बनाएं, जिससे गणतंत्र दिवस पर अतिविशिष्ट व विशिष्ट व्यक्तियों सहित आम नागरिक सुविधाजनक तरीके से निर्धारित स्थल तक पहुँच सकें। सभी अधिकारियों ने समारोह स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं कारगिल शहीदों के परिजनों, जनप्रतिनिधियों, सम्मानित होने जा रहे व्यक्तियों सहित आम नागरिकों की बैठक व्यवस्था की तैयारियां देखीं। साथ ही ध्वजारोहण मंच, संयुक्त परेड, झांकियों की तैयारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि की तैयारियों की वस्तुस्थिति भी जानी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा कि भारतीय गणतंत्र के शीर्ष उत्सव की गरिमा को ध्यान में रखकर गणतंत्र दिवस समारोह की सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें।




### हमारे राम भारतीयता का आधार हैः रजक

**ग्वालियर।** विक्टर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल किलागेट में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्यतम मंदिर 2024 में बनकर जो तैयार हुआ और उसमें भगवान श्रीराम की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, जो 552 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भगवान श्रीराम अपनी अयोध्या में और अपने मंदिर में पधारे थे, इसी ऐतिहासिक 22 जनवरी में पूरे देश भर में दीपावली महोत्सव के रूप में मनाई जा रही है और विक्टर कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित इस सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन में दीप जलाये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर के समाजसेवी उदयभान रजक रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम भारत की आत्मा है और संपूर्ण भारतीयता का आधार है अर्थात श्रीराम के बिना विश्व गुरु रहे महान भारत और भारतीयता की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए यह दिवस हमें गौरवन्वित भी करता है। साथ में भगवान श्रीराम के प्रति आस्था, त्याग, तपस्या और मर्यादा एवं संघर्ष को धारण करने की प्रेरणा देता है। संदेश के बाद विद्यालय में हुए 2024 के ओलिंपियाड के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंजना गर्ग द्वारा गोल्ड सिल्वर ब्रॉन्ज मेडल के साथ सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और जिन विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, मां सीता, मां अंजनी देवी एवं मां शबरी और हनुमान जी साथ में रावण मेघनाथ का सुंदर स्वरूप धारण किया।

# संविधान गौरव अभियान कल, सीएम होंगे शामिल

**ग्वालियर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान हमारा गौरव है हमारा मान सम्मान है। भारतीय जनता पार्टी महानगर ग्वालियर द्वारा 'संविधान गौरव अभियान' के अंतर्गत महासंगोष्ठी अटल सभागार, जीवाजी यूनिवर्सिटी में आयोजित 25 जनवरी को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी संबोधित करेंगे। इस महासंगोष्ठी को सफल बनाने को लेकर आज मुखर्जी भवन में दिन भर अनेक बैठकों का दौर चला। इन बैठकों मे भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने बैठकों में 'संविधान गौरव अभियान' को लेकर योजना बनाई। बैठक में नेताजी सुभाषचंद बोस की जन्मजयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष



जयप्रकाश राजौरिया ने बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। उनके जन्म से लेकर परिनिर्वाण तक कांग्रेस ने कभी उनको महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम पर वोट लेकर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने बाबा साहब को भारत रत्न से भी सम्मानित नहीं किया।कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब के योगदान को दबाकर रखा और उनको कभी भी उचित सम्मान नहीं दिया। जबकि भाजपा ने हमेशा उनके काम को सम्मान दिया श्री राजौरिया ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान के कारण ही हमारा संविधान बना और आज तक इसका लोक कल्याण का स्वरूप बरकरार रहा है। भाजपा ने बाबा साहब को भारत रत्न से नवाजा और उनके निवास, अध्ययन स्थल और उनके जीवन से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही भाजपा ने संविधान गौरव अभियान शुरू किया है। बैठकों में विशेष रूप से विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, पप्पू बडोरी, पूर्व सभापति राकेश माहौर, महेश उमरैया, धर्मेन्द्र आर्य, संतोष गोडयाले, बाबूलाल भिण्डिया, शिवराम जाटव, पुरूषोत्तम टमोटिया, सतीश खटीक, विनोद अष्टैया, अरविन्द वेदोरिया, ओमप्रकाश धनोल, भारत शाक्य, मधु शाक्य, कृष्णा महोबिया, ममता आर्य, गिरजा गर्ग, भावना कन्नौजिया, पार्वती शाक्य सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये **गाड़ी संख्याः 03219/03220 पटना-प्रयागराज कुम्भ मेला स्पेशल गाड़ी का धीना स्टेशन** पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया है। इसके अतिरिक्त निम्न रेलगाड़ियों के निरस्तीकरण का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**1. रेलगाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | स्टेशन | समय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आगमन | प्रस्थान |
| 03219 | पटना | प्रयागराज | धीना | 17.18 | 17.20 |
| 03220 | प्रयागराज | पटना | धीना | 06.15 | 06.17 |

**2. रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से निरस्तीकरण की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 15657 | दिल्ली | कामाख्या | 30.01.2025 व 04.02.2025 |
| 12802 | नई दिल्ली | पुरी | 30.01.2025 व 04.02.2025 |
| 12398 | नई दिल्ली | गया | 30.01.2025 व 04.02.2025 |
| 20961 | ऊधना | बनारस | 28.01.2025 |
| 12428 | आनंद विहार (ट) | रीवा | 28.01.2025 व 02.02.2025 |
| 12368 | नई दिल्ली | भागलपुर | 30.01.2025 व 04.02.2025 |
| 22307 | हावड़ा | बीकानेर | 30.01.2025 |
| 12815 | पुरी | आनंद विहार (ट) | 27.01.2025 |
| 12505 | कामाख्या | आनंद विहार (ट) | 27.01.2025 व 01.02.2025 |
| 12487 | जोगबनी | आनंद विहार (ट) | 30.01.2025 |
| 12311 | हावड़ा | कालका | 26.01.2025 व 31.01.2025 |
| 18309 | सम्बलपुर | जम्मू तवी | 25.01.2025 |
| 15483 | अलीपुर द्वार जं. | दिल्ली | 27.01.2025 व 01.02.2025 |
| 22465 | मधुपुर | आनंद विहार (ट) | 30.01.2025 |
| 12397 | गया | नई दिल्ली | 28.01.2025 व 02.02.2025 |
| 12367 | भागलपुर | नई दिल्ली | 28.01.2025 व 02.02.2025 |
| 15634 | गुवाहाटी | बीकानेर | 25.01.2025 |
| 12942 | आसनसोल | भावनगर | 30.01.2025 |
| 12307 | हावड़ा | जोधपुर | 04.02.2025 |

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. 1800 4199 139 उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in
147/25 FA




300वें जन्म जयंती वर्ष पर

नारी सशक्तिकरण की आलोक स्तंभ
लोकमाता अहिल्याबाई होलकर
के प्रति सम्मान स्वरूप पवित्र नगरी महेश्वर में

मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद
की बैठक

अध्यक्षता
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

एवं
₹983 करोड़ की
महेश्वर जानापाव उद्वहन
सिंचाई परियोजना का
शिलान्यास



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

24 जनवरी, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे

लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक रहा है। वह एक कुशल शासिका, आदर्श नारी और माता थीं, जिनकी कर्तव्यपरायणता, सुशासन, दानशीलता जैसे गुण हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से याद करता है।

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11164/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# लोकमाता अहिल्याबाई : समाज, संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्र को समर्पित जीवन

रमेश शर्मा

**संसार में जन्में अधिकांश लोगों का जीवन केवल अपने लिये या अपने परिवार के हितों तक सीमित रहता है। किंतु कुछ ऐसी विभूतियाँ संसार में आतीं हैं जो पूरे समाज, संसार और संस्कृति के लिये जीते हैं। पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई ऐसी ही विलक्षण विभूति थीं।**

जो पूरे भारत राष्ट्र, समाज और संस्कृति के लिये समर्पित रहीं। वे एक छोटे से राज्य इंदौर की शासक थीं पर उनके हृदय में पूरा भारत राष्ट्र समाया था। उनका व्यक्तिगत जीवन साध्वी की भाँति शांत और सरल था। किन्तु प्रशासनिक निर्णयों में वह बहुत दृढ़ और संकल्पवान शासक थीं। उन्होने पहले अराजकता और अपराध से मुक्त करके अपने राज्य को समृद्ध, सुदृढ़ और सुरक्षित बनाया फिर पूरे भारत राष्ट्र में सांस्कृतिक पुनर्जागरण अभियान चलाया।

पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई का जन्म अहमदनगर जिला अंतर्गत कस्बा जामखेड़ के ग्राम चाँडी में 31 मई 1725 को हुआ था। उनके पिता मनकोजीराव शिन्दे मराठा सेना में थे। मनकोजी राव के भाई भी मराठा सेना में थे। माता सुशीलाबाई की जीवनशैली भारतीय परंपरा और संस्कारों में रची बसी थी। सुशीला बाई अपने परिवार के समन्वय के साथ गाँव की आत्मरक्षा का भी समन्वय करती थीं। परिवार व्यवस्था के साथ नियमित मंदिर जाना और प्रवचन सुनना उनकी नियमित दिनचर्या थी। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। एक बार सुनकर कभी न भूलतीं थीं। उन्हें अनेक पुराण, कथाएँ और भजन कंठस्थ हो गये थे। गाँव में आचार्य शिवले से उन्होंने मराठी की शिक्षा ली।

अहिल्याबाई जब आठ वर्ष की थीं तभी मालवा क्षेत्र के सूबेदार और सेनानायक मल्हारराव होल्कर ने उन्हे अपनी पुत्रवधु के रूप में पसंद कर लिया था। मल्हारराव जी युद्ध अभियान के लिये दक्षिण भारत जा रहे थे। मार्ग में विश्राम के लिये चाँडी गाँव के मंदिर में रुके। उन्होंने मंदिर में एक बालिका को अन्य समवयस्क बालिकाओं से समन्वय बनाकर गरीबों को भोजन वितरित करते देखा। फिर बालिका ने मधुर कंठ से भजन गाया। मल्हारराव जी ने बालिका का परिचय जाना और पिता मनकोजी राव को बुलाकर अपने बेटे खाँडेराव होल्कर से विवाह का प्रस्ताव रखा। वर्ष 1733 में विवाह हो गया। आयु छोटी होने के कारण चार वर्ष तक मायके में रहीं। 1737 में गौना हुआ और राजवधु बनकर इंदौर आईं। उन्हें अपनी ससुराल इंदौर में विशाल कुटुम्ब मिला। कुटुम्ब परंपरा मायके में भी थी। पर यह परिवार कई गुना विशाल था। मल्हारराव जी होल्कर की चार पत्नियाँ थीं सब साथ रहते थे। परिवार में अन्य कुटुम्ब जन भी थे। अहिल्याबाई के मधुर कंठ की विशेषता से सब परिचित हो गये थे । इसलिए उन्हें महल में प्रतिदिन भजन और आरती के समन्वय करने का दायित्व मिला। उनके मधुर कंठ, पूजन में तन्मयता ने सबका मन मोह लिया। वे पूरे परिवार में आकर्षण और स्नेह का केन्द्र बनीं। उनकी विशेषताओं को देखकर ही मल्हारराव जी ने परिवार की आंतरिक व्यवस्था के समन्वय का काम उन्हें सौंपा। 1745 में पुत्र को जन्म दिया। पुत्र का नाम मालेराव रखा गया। 1748 में पुत्री मुक्ता बाई को जन्म दिया। उनका जीवन बहुत आनंदमय वातावरण में आगे बढ़ रहा कि बज्रपात हो गया। 24 मार्च 1754 में कुंभेर युद्ध में खाँडेराव जी की मृत्यु हो गई। तब अहिल्याबाई की आयु केवल 29 वर्ष थी। वे पति की चिता के साथ सती होना चाहती थीं। पर मल्हारराव जी ने बच्चों का वास्ता देकर रोक लिया। मल्हारराव जी अधिकांश समय युद्धों में ही बीता। उन्होंने अहिल्याबाई को राज काज में सहभागी बनाया। समय के साथ अहिल्याबाई का दर्द भरने लगा वे राजकाज में श्वसुर मल्हारराव का हाथ बँटाने लगी। 23 मार्च 1766 को मल्हारराव जी का निधन हो गया। तब देवी अहिल्याबाई के पुत्र मालेराव सिंहासन पर बैठे। लेकिन मालेराव कुछ माह ही शासन कर सके और 5 अप्रैल 1767 को उनका भी



निधन हो गया। अतंतः दिसम्बर 1767 में अहिल्याबाई ने सिंहासन संभाला। उन्होंने अपनी बेटी मुक्ताबाई के विवाह के लिए कोई कुल कुटुम्ब नहीं योग्यता की तलाश की। उन्होंने घोषणा की कि जो भी राज्य की सुरक्षा व्यवस्था सुधार देगा उससे बेटी की शादी कर देगी। दरअसल उन दिनों पूरे भारत में अराजकता का वातावरण था। मुगल सल्तनत कमजोर हो गई थी। रुहेले, पिण्डारी, पठान आदि दल यहाँ वहाँ घूमकर लूट और उत्पात मचाने लगे। अहिल्याबाई ने सबसे पहले घुमन्तु समाज और वनवासी योद्धाओं को कृषि भूमि देकर सीमावर्ती गाँवों में बसाया। इस काम का समन्वय नायक फणसे ने किया । इससे दो लाभ हुये । एक तो बाहरी लुटेरों पर अंकुश लगा और रोटी रोजगार के लिये भटकते लोगों को कृषि का काम मिला । इससे उत्पादन बढ़ा और राज्य की समृद्धि बढ़ी। इस सफलता के बाद अहिल्याबाई ने अपनी बेटी मुक्ताबाई का विवाह फणसे जी से कर दिया ।

राज्य को शांत और सुरक्षित बनाकर अहिल्याबाई ने महेश्वर की नींव रखी। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा का भी ध्यान रखा। उन्होंने पत्थर पहाड से नहीं काटे, नर्मदा अँचल से पत्थर एकत्र किये और नर्मदा अँचल का ऐसा क्षेत्र चुना जहाँ नगर बसाने के लिये जंगल न काटना पड़े। इसके साथ उन्होंने महेश्वर साड़ी उद्योग की नींव रखी। महेश्वर निर्माण के लिये उन्होंने श्रमिकों को परिवार सहित बुलाया। सबको उनकी रुचि का काम दिया। उनके द्वारा कुटीर उद्योग की नींव के कारण ही आज इंदौर मध्यप्रदेश का प्रमुख औद्योगिक नगर है। उन्होंने कपास की खेती को प्रोत्साहित किया। संसार में जो ढाका की मलमल प्रसिद्ध थी उसके निर्माण के लिये कपास इंदौर क्षेत्र से ही जाता था।

अहिल्याबाई के शासन के दो ही लक्ष्य थे । पहला लक्ष्य अपने इंदौर राज्य को समृद्ध और सुरक्षित बनाना। कृषि, कुटीर हस्त कला उद्योग आदि के विकास के साथ उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भी जोर दिया। काशी से संस्कृत विद्वान और पुणे से मराठी के विद्वान बुलाये। वे अपने राज्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वाभिमान संपन्न जीवन का वातावरण देना चाहतीं थीं। उन्होने महिला अधिकार संरक्षण के लिये कानून में परिवर्तन किये। इसकी चर्चा पूरे भारत में हुई।

उनका दूसरा उद्देश्य पूरे राष्ट्र में सांस्कृतिक पुनर्जागरण करना था। उन्होंने पूरे भारत के भग्न मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, अनेक नये मंदिर भी बनवाये। मंदिरों में प्रवचन कक्ष और संत निवास बनवाये। वे मानतीं थीं कि भारत में व्यक्तित्व निर्माण अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर ही हो सकता है इसलिये मंदिरों में प्रवचन, कला विकास और विद्यालय स्थापना पर जोर देतीं थीं। वे भेदभाव रहित समरस समाज की पक्षधर थीं। वे योग्यता को महत्व देती थीं। अपनी बेटी के वर के लिये उन्होने कोई जाति या वर्ग नहीं देखा बल्कि योग्यता को महत्व दिया। इसी प्रकार वे राष्ट्र और संस्कृति को वे क्षेत्र की सीमाओं से ऊपर मानती थीं। वे कहतीं थीं कि ÷समस्त भारतीय जन एक हैं, यह विचार कि हमारा राज्य बड़ा है और उनका छोटा, हम महान हैं, और वे जंगली, इस प्रकार भेदभाव एक विष के समान हैं जो एक दिन हम सबको नरक में धकेलेगा÷।

उनका व्यक्तित्व वास्तव में उस भारतीय चिंतन दर्शन का प्रमाणीकरण है जो परिवार में संस्कार, परिवार के सामूहिक स्वरूप, भोजन, वस्त्र, भवन और सत्संग की महत्ता पर जोर देता है। अहिल्याबाई के परिवार की प्राथमिकता में भारतीय चिंतन की यही धाराएँ रहीं हैं। और यही देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व का आधार है जो मानों बिन्दु से विराट बना।

वे कभी विषमता में भी विचलित नहीं होती थीं। अपितु विषमता को शक्ति बनाकर आगे बढ़ती रहीं है। कोई कल्पना कर सकता है उस नारी के दुख की। जिसने पहले पति की मौत देखी, फिर पुत्र की, फिर दौहित्र की और फिर बेटी दामाद की। उनके सभी स्वजन एक एक करके विदा हुये पर मानो वे अपनी भावनाओं को पत्थर बनाकर समाज संस्कृति और राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहीं।

कुटुम्ब समन्वय, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, भारत के मानविन्दुओं और सांस्कृतिक स्थलों की पुनर्प्रतिष्ठा के साथ नारी शिक्षा और नारी सम्मान के भी कदम उठाये। उनकी निजी सुरक्षा में नारी टुकड़ी ही तैनात रहती थी। अहिल्याबाई ने महिलाओं की एक सैन्य ब्रिगेड भी बनाई जिसमें पाँच सौ महिलाएँ थीं। सल्तनतकाल में महिलाओं को संपत्ति के अधिकार नहीं थे। अहिल्याबाई ने पति या पुत्र की मृत्यू के बाद महिलाओं को भी संपत्ति के अधिकार दिये।

1791 में दामाद यशवंत राव फड़से का निधन हुआ और बेटी मुक्ताबाई पति की चिता पर सती हो गईं। इस घटना ने उन्हे बहुत मानसिक आघात दिया। वे अस्वस्थ्य रहने लगीं। अस्वस्थता के दिनों में भी वे हर काम समय पर करतीं थीं। अंततः महान कर्मयोगी लोकमाता देवि अहिल्याबाई ने 13 अगस्त 1795 को संसार से विदा ली। अंतिम क्षण में भी उनके हाथ में शिव स्मरण की माला थी। उनके निधन के बाद महाराजा तुकोजी राव ने राज्य की शासन व्यवस्था को संभाला।

आज भारत राष्ट्र एक वैचारिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। यह ठीक वैसी ही परिस्थिति है जैसी देवि अहिल्याबाई के समय थी। आज के भारत को भी उस समय के संक्रमण काल से अलग नहीं समझा जा सकता। अंतर इतना है कि तब सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल थी। तब सशस्त्र लुटेरे घूम रहे थे और शांति प्रिय नागरिक प्रताड़ित हो रहे थे। और इस समय वैचारिक उथल-पुथल चल रही है। कुछ शक्तियाँ हैं जो भारत के आंतरिक वातावरण में वैचारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय स्वरूप को संक्रमित करने का कुचक्र कर रहे हैं। ऐसे में शक्ति, संगठन और युक्ति के साथ सामना करना होगा।

अहिल्याबाई युद्ध की पक्षधर नहीं थीं। उन्होंने किसी पर आक्रमण नहीं किया। फिर भी अपनी सेना का पुनर्गठन किया और विस्तार किया। वे कहतीं थीं कि सेना और शक्ति शांति के लिये भी आवश्यक है। तब के वातावरण के लिये मानसिक शक्ति के साथ सैन्य शक्ति की भी आवश्यकता थी। इस समय भारतीय मन मानस पर चारों ओर से वैचारिक दबाब बढ़ रहा है । ऐसे में मानसिक और वैचारिक रूप से सुदृढ होने की आवश्यकता है इसी का संदेश देवी अहिल्याबाई के जीवन से मिलता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार)**

# एक्टर के हर एक्ट पर सवाल करती सियासत

सैफ अली खान एक अभिनेता हैं इसलिए उनकी हर गतिविधि क्या अभिनय होती है ? ये सवाल हमने-आपने नहीं बल्कि महाराष्ट्र के सियासतदानों ने उठाया है। सैफ पर हमला ही अब सियासी मुद्दा हो गया है। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा कि जानलेवा हमले के बाद सैफ मात्र 3 दिन में तंदुरुस्त होकर अपने घर आ सकते हैं। क्योंकि आम आदमी तो कम से कम एक पखवाड़े तक पलंग नहीं छोड़ सकता। आम आदमी में किसी अभिनेता जितनी कूबत ही नहीं होती। मैं अक्सर कहता हूँ कि हमारे मुल्क में सियासत मुद्दों पर नहीं होती,सियासत बेसिर -पैर की होती है। और जब होती है तो होती ही चली जाती है। सियासत का ये चरित्र बदलना आसान नहीं है। ये कलिकाल की नहीं मोदी युग की देन है और इसके लिए किसी एक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अभिनेता सैफ अली खान की अस्पताल से छुट्टी के बाद प्रदेश सरकार के एक मंत्री नितेश राणे ने सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि सैफ पर हमला संदिग्ध हो सकता है। राणे ने राजनीतिक नेताओं पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए हिंदू कलाकारों की उपेक्षा की बात कही और बढ़ते बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुद्दे पर चिंता जताई । अब ये राणे कौन से नेता हैं ,ये बताने की जरूरत नहीं है। सैफ के ऊपर सवाल खड़े करने वाले राणे अकेले नहीं है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने एक बड़ा सवाल खड़ा किया है. उन्होंने हमले की घटना का जिक्र करते हुए इतनी जल्दी ठीक होने पर कहा कि सैफ को 16 जनवरी की घटना के बारे में बताना चाहिए। निरुपम भले ही दलबदलू किन्तु अनुभवी नेता हैं इसलिए उन्होंने अपना सवाल बड़ी ही नजाकत के साथ किया है। निरुपम ने कहा कि 16 जनवरी को सैफ अली खान के साथ जो कुछ भी हुआ, वह बेहद चिंताजनक है. हम परिवार के साथ हैं. सैफ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और बाहर वह ऐसे दिखे हैं जैसे वह शूटिंग करने के लिए फिट हैं. यह देखना आश्चर्यजनक है. डॉक्टरों ने कहा था कि चाकू उनकी पीठ में 2.5 इंच तक घुस गया था, जिसके लिए छह घंटे का ऑपरेशन करना पड़ा. चिकित्सकीय रूप से इतनी जल्दी ठीक होना कैसे संभव है ? भाजपा पहले ही सैफ पर हमले को अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बना चुकी है ,क्योंकि महाराष्ट्र की पुलिस ने सैफ पर हमले के आरोप में जिस आरोपी को पकड़ा है वो संयोग से बांग्लादेशी है। भाजपा के लिए बांग्लादेशी घुसपैठिये चुनावी मुद्दा रहे हैं ,ये बात और है कि केंद्र में भाजपा की सरकार ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बाकायदा सरकारी मेहमान बनाकर शरण दी हुई है। बांग्लादेश के लोग भी इससे हैरत में हैं और भारतीय जनता पार्टी के लोग भी,लेकिन भाजपा का कोई नेता अपने पंत प्रधान से हसीना के बारे में सवाल करे कैसे ? भाजपा में तो सवाल करना ही राष्ट्रद्रोह माना जाता है ,बल्कि यूं कहिये कि घोषित गैरजमानती अपराध है। नेशनल कांफ्रेंस के सदर और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ फारुख अब्दुल्ला ने सैफ के जल्द ठीक होने पर तो कोई बात नहीं की लेकिन उन्होंने सैफ के कथित हमलावर के बहाने पूरे बांग्लादेशियों को अपराधी माने जाने की निंदा की है। उनका कहना है कि किसी एक व्यक्ति की गलती का ठीकरा पूरे देश पर नहीं फोड़ा जा सकता। लेकिन डॉ अब्दुल्ला की नसीहत भाजपा वाले या शिव सेना वाले क्यों मानने लगे ? भाजपा और शिव सेना के नेता और कार्यकर्ता खुद अपने दिल की ही नहीं मानते। इन पार्टियों के नेताओं को न सैफ पर भरोसा है और न चिकित्सा विज्ञान पर। ये देह की जीवनशक्ति के बारे में भी कुछ नहीं जानते। ये लोग केवल और केवल हिन्दू और मुसलमान जानते हैं। इन सभी का काम इसी अल्प जानकारी से चल जाता है। सैफ अली के माता-पिता से इस देश की आधी से अधिक आबादी का जुड़ाव है ,और ये जुड़ाव स्वाभाविक है ,इस जुड़ाव की वजह हिन्दू-मुसलमान नहीं है। सैफ के पिता नबाब पटौदी एक बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी थे और सैफ की माँ शर्मिला टैगौर एक बेहतरीन अदाकारा। इस जोड़ी की अपनी-अपनी उपलब्धियां हैं ,इसमें किसी राजनीतिक दल का कोई योगदान नहीं है। हम जिस पीढ़ी से आते हैं उस पीढ़ी के लिए नबाब पटौदी और शर्मिला टैगौर देश के लिए गर्व का विषय रहे है। इस जोड़ी ने यदि मोदियुग में शादी की होती तो मरहूम नबाब साहब के खिलाफ लव जिहाद का मामला चल रहा होता। पटौदी और टैगौर की सनातन सैफ अली और उनकी पत्नी भी देश की एक पीढ़ी में लोकप्रिय अभिनेता रहे हैं ,इसलिए कम से कम आम आदमी तो सैफ की रिकवरी को लेकर कोई सवाल नहीं करना चाहेगा ,लेकिन नेतागण नहीं मानने वाले। कहते हैं न -कुछ तो लोग कहेंगे,लोगों का काम है कहना भाजपा और शिवसेना के लोग इस बात से भी खुश हैं की सैफ के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं। सैफ के लिए एक और बुरी खबर और आई है। सैफ अली खान के पटौदी परिवार की 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति सरकार शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत अपने नियंत्रण में ले सकती है। बता दें कि ये संपत्ति मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित है। दरअसल, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला देते हुए 2015 में इन संपत्तियों पर लगाए गए रोक को हटा दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के तहत इन संपत्तियों के अधिग्रहण का रास्ता खुल गया है। ध्यान रखिये की मप्र में भाजपा की सरकार है जो हिन्दू-मुसलमान करने में माहिर ह। जाहिर है की प्रदेश की भाजपा सरकार का दिल इस घटना से बल्लियों उछल रहा होगा। भाजपा का बस चले तो वो देश के तमाम मुसलमानों की सम्पत्ति को शत्रु सम्पत्ति घोषित कर जब्त कर ले। लेकिन खुदा गंजों को नाखून नहीं देता। हमारे नेताओं को भगवान सद्बुद्धि दे। बहरहाल हम सियासत के लिए किसी के स्वास्थ्य को हथियार बनाये जाने के खिलाफ है। इस मामले में आप अपने मन से पूछिए ,शायद सही जबाब मिल जाये। क्योंकि सच्चाई से साक्षात्कार कोई सियासी दल,कोई धर्म नहीं करा सकत।



राकेश अचल

## राजकाज



### भाजपा ने दिल्ली में सहयोगी दलों का ध्यान रखा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में टिकटों का वितरण लगभग पूरा हो गया है। भाजपा ने बिहार के दो सहयोगी दलों को अपने साथ जोड़ कर रखा है। जनता दल यू और लोक जनशक्ति पार्टी के लिए एक-एक सीट यहां पर भाजपा ने सहयोगियों के लिए छोड़ दी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बिहार के मतदाताओं की संख्या कम नहीं है। बिहार और उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को लेकर जिस तरीके की राजनीति दिल्ली में हो रही है । भाजपा ने एक-एक सीट देखकर गठबंधन का धर्म निभा दिया है। शेष 68 सीटों पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस ने सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। जिसके कारण दिल्ली विधानसभा का चुनाव बड़ा रोचक हो गया है।

### मुख्यमंत्री आतिशी और संजय सिंह को अदालत का समन

दिल्ली के विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष विपक्ष के बीच में जिस तरह से लड़ाई हो रही है।उसने कौरव-पांडवों के बीच कुरुक्षेत्र में जो लड़ाई हुई थी। उसकी याद दिला दी है। दोनों पक्षों ने लड़ाई के दौरान युद्ध के सारे नियमों का उल्लंघन करते हुए लड़ाई लड़ी थी। वही लड़ाई दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखने को मिल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित ने सांसद संजय सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिसी के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से दोनों को समन जारी हो गए हैं। यह सब विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान हो रहा है।

### किसानों से बात करने के लिए तैयार हुई केंद्र की सरकार

किसान नेता डल्लेवाल इलाज लेने के लिए तैयार हो गए हैं। केंद्र सरकार ने अपने नुमाइंदे बातचीत करने के लिए भेजे थे। इसके बाद डल्लेवाल इलाज लेने के लिए मान गए हैं। सरकार ने एक बार फिर बातचीत का भरोसा दिलाया है। 14 फरवरी को सरकार किसानों से बात करेगी।किसानो में चर्चा है, 3 साल पहले जो समझौता केंद्र सरकार ने किया था। अभी तक उसे नहीं माना। अब एक बार फिर नए सिरे से सरकार ने किसानों से बात करने का भरोसा दिलाया है। किसानों के पास सरकार पर भरोसे करने के अलावा कोई विकल्प भी नहीं था। अब एक माह और किसानों को इंतजार करना ही होगा। किसानों के पास कोई ताकत तो है नहीं। रही सही कसर ठंड ने पूरी कर दी है।

### ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच में कैसी दोस्ती

20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ले ली है। ट्रम्प ने अपने सबसे घनिष्ठ मित्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ में नहीं बुलाया है। इसको लेकर भारत सहित दुनिया के सभी देशों में चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप दोस्ती के बड़े-बड़े दावे करते थे। एक साथ झूला झूलते थे। वर्तमान स्थिति में लोग कहने लगे हैं।जितनी गहरी दोस्ती होती है, दोस्तों के बीच में गहरी दुश्मनी भी होती है। दोस्ती और दुश्मनी की कोई पराकाष्ठा नहीं होती है।

## कैरियर



# फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट बनकर संवारें कैरियर

**इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए । साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए, इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है । वहीं इस क्षेत्र में डेडलाइन पर काम करना होता है ।**

तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं, वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।

जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है, जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है। फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन पत्रकार, प्रोफेसर, डिजाइन सहायक, फैशन सहायक, फैशन मार्केटिंग मैनेजर, फैशन एडिटर, फैशन फोटोग्राफर, कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं। इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं। इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है।

## प्रेरणा

### जो हो रहा है उसके जिम्मेदार हम स्वंय हैं

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दुःख देता है और न सुख। इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था। संपेरे ने काल को ढूंढा और बोला तुमने सर्प को ब्राह्मणी के बच्चे को डंसने के लिए क्यों कहा। काल ने कहा ब्राह्मणी के पुत्र का कर्म फल यही था।



## अपनी बात



एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ फिर से व्यापार शुरू करने को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है । वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में बोले हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले साल के बाद से पाकिस्तान के साथ व्यापार पर कोई बातचीत नहीं हुई है और न ही पाकिस्तान की तरफ से कोई पहल की है । उन्होंने कहा कि भारत ने कभी भी पाकिस्तान के साथ व्यापार बंद नहीं किया बल्कि 2019 में पाकिस्तान सरकार ने ही इसे बंद करने का फैसला किया ।



जयराम रमेश ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा सत्ता में आने के बाद टैरिफ एक घरेलू शब्द बन गया है और उन्होंने इस शब्द की उत्पत्ति साझा की है । रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने के साथ ही टैरिफ एक घरेलू शब्द बन गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति स्वयं इसका इस्तेमाल करने से कभी नहीं थकते ।

### डीएसओ ने जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम कर किया नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद

# नेताजी की जयंती के उपलक्ष्य में लगाई विचार प्रदर्शनी

सत्ता सुधार ■ गुना

छात्र संगठन डीएसअसे की जिला कमेटी द्वारा गुना, राघौगढ़, कुम्भराज, आरोन समेत जिलेभर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित छात्रों के बीच आयोजित किए किए गए। इसी क्रम में गुना के पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारतीय आजादी आंदोलन की गैर-समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी थे। आज उनकी 128 वीं जयंती है।उन्होंने देश को आजाद करने के लिए जीवन भर समझौताविहीन संघर्ष किया। आजादी आंदोलन के समय देश का छात्र ,नौजवान देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ त्याग कर हंसते-



हंसते अपनी जान न्योछावर करने के लिए तैयार था। नेताजी सुभाषचंद्र बोस अपने बचपन से ही देश को आजाद करने का संकल्प अपने मन में संजोया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने उस समय की आईसीएस (इंडियन सिविल सर्विस) की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। किंतु आगे उन्होंने आईसीएस की नौकरी छोड़कर देश की आजादी को चुना और एक सपना देखा कि भारत एक ऐसा देश बनेगा जहां धर्म,जाति,भाषा, रंग,क्षेत्र के नाम पर कोई किसी का शोषण नहीं करेगा। सभी समान रूप से रहेंगे। सभी को बेहतर शिक्षा,स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था आसानी से उपलब्ध होगी। देश में महिलाओं - बच्चियों की इज्जत आवरू के साथ कोई खिलवाड़ नहीं करेगा। देश का अन्नदाता किसान खुशहाली के साथ अपनी जिंदगी व्यतीत करेगा। इसी सपने को लेकर नेताजी ने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। आज देश की आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद नेताजी को याद कर रहें हैं तो हमें आज ये करते हुए नेताजी ने जो सपना आजादी आंदोलन में देखा था वह सपना आज पूरा हो पाया है या नहीं? अगर हम वर्तमान स्थिति पर विचार करें तो हम देखेंगे की आज शिक्षा को गरीब से गरीब छात्र तक पहुंचना चाहिए था,वही आज शिक्षा को संकुचित किया जा रहा है। इस दौरान कॉलेज में छात्रों द्वारा खून दो मुझे मैं दूंगा आजादी.... , कदम कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत जाएगा .... गीत प्रस्तुत किए गए। विभिन्न कार्यक्रमों में सैकड़ों की संख्या में छात्र शामिल हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### लायंस नेत्र चिकित्सालय में हुआ 75 हजार वां ऑपरेशन

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर अयोजित कर मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन किए जाते है। इस सेवा के रास्ते पर चलते गत दिवस को ' चिकित्सालय में 75000 वीं आँखों की सफल सर्जरी की गयी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई । यह उपलब्धि न केवल लायंस क्लब गुना सिटी के समर्पित सदस्यों और अस्पताल के कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। बल्कि यह समाज में नेत्रदान और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। विशेष रूप से आज के दिन की ऐतिहासिक सर्जरी अके सिंह ग्राम सॉबरा पहाड तहसील बमोरी की सफल सर्जरी के बाद इस मील के पत्थर को पूरा किया गया है। आशा करते हैं कि यह संस्था आगे भी समाज की सेवा में ऐसे ही सशक्त कदम उठाती रहे। चिकित्सालय द्वारा 25 जनवरी को मानस भवन निर्माण संचालन समिति के सहयोग से मानस भवन में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर आयोजित किया जाएगा।

### मधुसूदनगढ़ः बस कंडक्टर के साथ मारपीट, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र में एक बस कंडक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी हीरालाल विश्वकर्मा (50), ने पुलिस को बताया कि वह भार्गव बस क्रमांक एमपी 41 पी 1114 पर कंडक्टर है। यह बस भोपाल से ब्यावरा जाती है और मधुसूदनगढ़ से होकर गुजरती है। सुबह करीब 10ः15 बजे जब वह ग्राम वांसखेड़ी के शासकीय स्कूल के पास मेन रोड पर सवारियों को उतार रहा था, तभी जितेंद्र उर्फ जीतू राजपूत नामक व्यक्ति वहां पहुंचा। जितेंद्र ने हीरालाल से शराब पीने के लिए पैसे मांगे और खुद को गांव का बड़ा गुंडा बताया। कंडक्टर द्वारा पैसे देने से मना करने पर जितेंद्र ने उसे गालियां दीं और धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद उसने लात-घूसों से मारपीट की, जिससे हीरालाल की कमर पर चोट आई।

### 27 को बड़ी तादाद में गुना से महू पहुंचेंगे कांग्रेसी

**गुना।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्म स्थली महू में 27 जनवरी को निकाली जाने वाली रैली की तैयारियां अंतिम दौर में है। गुना जिले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का हुजूम महू रवाना होगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने महू में आयोजित होने वाली जय बापू जय भीम जय संविधान रैली की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रैली में शामिल होने के लिए गुना जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। सभी कार्यकर्ता राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं।

# पार्क और मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़ने का मामला, लोगों ने खोला मोर्चा

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित आवासी कालोनी के शासकीय पार्क पर हाल ही में एक गंभीर मामला सामने आया है। जिसमें स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने शासकीय पार्क और मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़ने का प्रयास किया है। यह मामला 22 जनवरी को सामने आया जब गोलू और पप्पू सेन नामक व्यक्तियों ने पंचमुखी मंदिर की बाउंड्री वॉल को तोड़कर पार्क में अवैध निर्माण की कोशिश की थी। स्थानीय निवासियों ने इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई है और आरोप लगाया है कि इस क्षेत्र के असामाजिक तत्व पार्क और मंदिर के आसपास की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि शासकीय पार्क, जहां पर शासकीय स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र की प्रस्तावना है, को नुकसान पहुंचाने के लिए लगातार काज की जा रही है। इस भूमि पर आम रास्ता भी है, जिसे असामाजिक तत्वों ने अपना





निशाना बना लिया है। निवासियों का कहना है कि इन तत्वों ने नशे की हालत में इस इलाके को अपना ठिकाना बना लिया है और पार्क की भूमि पर अवैध निर्माण की कोशिश की जा रही है।

स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और पार्क की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाया जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि पार्क की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएं ताकि इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस मामले में गजेन्द्र, जगदीश पाल, देवीलाल कुशवाह, सुरेश, अर्जुन, नंदगिरी, रतीराम, गोवर्धन, गोपीलाल, लखन, संतोष सहित कई अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने इस शिकायत को समर्थन दिया है और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि अगर समय रहते इस मामले में कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो पार्क की भूमि पर और अधिक अवैध कब्जे हो सकते हैं, जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### 2 दिवसीय जिला स्तरीय परामर्शदाता कार्यशाला का किया आयोजन

**गुना ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के सभागार में जन अभियान परिषद अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम से जुड़े जिले के परामर्शदाताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जन अभियान परिषद ग्वालियर संभाग के समन्वयक सुशील बरुआ द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र तुलसीदास दुबे द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद स्थानीय एक्सीलेंस महाविद्यालय से डॉ. संजीव कुशवाह द्वारा सतत विकास लक्ष्यों और सुमित कश्यप द्वारा समाजकार्य विषय पर अपने विचार रखे गए। संभाग समन्वयक सुशील बरुआ द्वारा चित्रकूट विश्वविद्यालय और संचालित बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के बारे में बताया गया। जिला गुना समन्वयक मंजूषा सोलेमन द्वारा जन अभियान परिषद के बारे में चर्चा की गई।

# नेताजी सुभाषचन्द बोस की जयंती पर लिया कांग्रेस ने संकल्प



सत्ता सुधार ■ गुना

आजाद हिंद फौज के संस्थापक और देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय पर मनाया गई। कांग्रेस नेताओं ने पुष्प अर्पित कर नेताजी का स्मरण किया और उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की बात कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ ने नेताजी के क्रांतिकारी व्यक्तित्व का विस्तृत वर्णन किया। धाकड़ ने बताया कि नेताजी ने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसा नारा देकर आजादी के आंदोलन में नई ऊर्जा फूंक दी थी। उन्होंने आजाद हिंद फौज बनाकर अंग्रेजों से सीधा लोहा लिया और अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाकर रख दी थी। नेताजी के व्यक्तित्व से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, संगठन मंत्री विश्वनाथ तिवारी, प्रमोद रघुवंशी कर्मचारी कांग्रेस अध्यक्ष , राजू कोरी सेवादल जिला अध्यक्ष, पंकज कनेरिया, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मनीष रघुवंशी, पूर्व पार्षद वीरेंद्र शर्मा, प्रकाश धाकड़, राकेश वाल्मीकि, जगदीश धाकड़, उमाशंकर, शिवलाल नायक, रतिराम धाकड़, धर्मेंद्र धाकड़, धर्मेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# सुपर 8 राउंड के चार रोमांचक मैच संपन्न

सत्ता सुधार ■ गुना

32वीं स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर 8 राउंड के चार रोमांचक मैच आज खेले गए। पहले मैच में हैप्पी ए क्लब और ए टू ज़ेड क्लब के बीच मुकाबला हुआ। हैप्पी ए क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में केवल 58 रन बनाए। जवाबी पारी में ए टू ज़ेड क्लब ने 6 ओवर में 59 रन का लक्ष्य हासिल किया और यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। इस मैच में विनय तोमर ने 2 ओवर में 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। दूसरे मैच में राधा रानी क्लब और अदा कलेक्शन म्याना क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला हुआ। राधा रानी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 112 रन का लक्ष्य रखा। अदा कलेक्शन क्लब ने जवाबी पारी में 75 रन बनाए और राधा रानी क्लब ने यह मैच 36 रन से जीत लिया। इस मैच में अजहर ने 14 गेंदों में 41 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। तीसरे मैच में ए,



बी वॉरियर क्लब और हैप्पी सीनियर एस, के रेडियम क्लब के बीच भिड़ंत हुई। हैप्पी सीनियर एस, के रेडियम क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 76 रन बनाए, लेकिन ए, बी वॉरियर क्लब ने 4 ओवर में 76 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच 6 विकेट से जीत लिया। विजेंद्र वर्मा ने 13 गेंदों में 43 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। चौथे मैच में हैप्पी ए क्लब और राधा रानी क्लब के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें राधा रानी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 121 रन का लक्ष्य रखा। हैप्पी ए क्लब 8 ओवर में 54 रन पर आल आउट हो गया और राधा रानी क्लब ने यह मैच 66 रन से जीत लिया। मैचों के अंपायर रजनीश कश्यप और सुमित सक्सेना थे, जबकि स्कोरर का काम आर्यन राजपूत और आनंद झा ने किया। कॉमेंट्री का जिम्मा नीतेश यादव और सादिक खान ने संभाला। टूर्नामेंट के आयोजक रामकुमार रघुवंशी ने बताया कि 25 जनवरी को सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच ए, बी वॉरियर क्लब और ए टू ज़ेड क्लब के बीच सुबह 11 बजे होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच राधा रानी क्लब और मनोज मालवीय राहुल 11 के बीच उसी समय खेला जाएगा।

### फतेहगढ़ में डाक चौपाल का आयोजन, सुकन्या समृद्धि योजना को बढ़ावा

**गुना।** बमौरी तहसील के फतेहगढ़ शाखा डाकघर में हाल ही में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फतेहगढ़ के सरपंच प्रतिनिधि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, और गुना से पहुंचे उप संभागीय निरीक्षक राहुल जैन एवं मेल ओवरसियर देवी सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डाकघर की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें खासतौर पर सुकन्या समृद्धि योजना की महत्वता पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को आधार अपडेट करने और सुकन्या समृद्धि खातों के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा, बच्चियों को उनके खातों की पासबुक भी वितरित की गई। फतेहगढ़ में आयोजित सुकन्या समृद्धि पखवाड़ा अभियान के तहत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस रैली में स्थानीय नागरिकों को इस योजना के लाभ और महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खोलने के लिए प्रेरित किया गया।

# पराक्रम दिवस पर ली टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ

## जिला जेल में आयोजित हुआ टीबी जांच शिविर

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में गुना को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जिला क्षय अधिकारी डॉ. अमित श्रीवास्तव द्वारा जिला जेल में टीबी और कुष्ठ रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। टीबी विभाग की टीम ने सभी कैदियों और जेल स्टाफ को टीबी बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बताया गया कि टीबी की जांच और उपचार पूर्णतः सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध है।

टीबी मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से, जेल अधीक्षक अतुल सिन्हा की उपस्थिति में सभी स्टाफ और कैदियों ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान में



सहयोग देने की शपथ ली। शिविर में समस्त कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और टीबी जांच के लिए सेम्पल एकत्रित किए गए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, जेल अधीक्षक श्री अतुल सिन्हा ने खुद को और जेल में कार्यरत फार्मासिस्ट देवेंद्र गुप्ता को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकृत कर, टीबी मरीजों को गोद लेने और उन्हें पोषण आहार देने का संकल्प लिया। इस शिविर में विभाग के राकेश शर्मा, राजकुमार अहिरवार और मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। मुकेश शर्मा द्वारा सभी कैदियों का कुष्ठ रोग परीक्षण भी किया गया

### राम जैसा बनना है तो राम के आचरण को अपनाओ रावण के नही - मुनिश्री निर्दोष सागर

# आरोन में मुनि संघ के सानिध्य में जारी है संस्कार शिविर

सत्ता सुधार ■ आरोन

आचार्यश्री विद्या सागरजी महाराज के शिष्य निर्दोष सागरजी, निर्लोभ सागरजी एवं मुनिश्री निरुपम सागरजी महाराज के सानिध्य में आठ दिवसीय विद्या समय संस्कार शिविर का आयोजन जारी है। 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस शिविर का समापन शनिवार को होगा। जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के प्रवक्ता सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन प्रातः से संध्या कालीन समय तक विभिन्न धार्मिक कक्षाओं के द्वारा तीनों मुनिराजों द्वारा शिविरार्थियों को धार्मिक शिक्षा के साथ साथ



व्यवस्थित और विवेकपूर्ण जीवन जीने की कला भी इस आठ दिवसीय शिविर के माध्यम से प्रदान की जा रही है। मुनिश्री निर्दोष सागर महाराज के द्वारा शिविर में शिविरार्थियों को जीवन जीने की कला सिखाते हुए कहा कि मन वचन काया से कोई भी कार्य करो तो विवेक के साथ करो। स्वस्थ्य शरीर मिला है तो दूसरों की मदद करो, सेवा के कार्य करो। धन का सदुपयोग दान देने में करो और मन और मस्तिष्क का सदुपयोग ज्ञान को प्राप्त करने में करो।

मुनिश्री ने बच्चों को मोबाईल फोन के हानिकारक दुष्प्रभावों से बचने का आव्हान करते हुए कहाकि माता पिता अपने बच्चों को मोबाईल फोन बिल्कुल न दें। आप मोबाईल फोन जिसे स्मार्ट फोन कहते हैं इस स्मार्टफोन को नहीं वरण स्मार्ट संस्कार को प्राप्त करें। बचपन में जो संस्कार दिए जाते हैं वह स्थाई होते हैं। मोबाईल फोन इस देश के बच्चों एवं युवाओं की पीढ़ी को बर्बाद करने का कार्य कर रहा है। इस मोबाईल फोन से जितना हो सकता है उतना बचो। क्योंकि यदि राम बनना चाहते हो तो राम जैसे कार्य भी करने होंगे। तुम यदि रावण की तरह कार्य करोगे और फिर राम बनने की चेष्टा करोगे तो राम कैसे बन पाओगे। इसलिए अच्छे संस्कारों को ग्रहण करो।

इस शिविर में बच्चे युवा महिला पुरुष सभी के द्वारा उत्साहपूर्वक ज्ञानार्जन किया जा रहा है।

# जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच विवाद, क्रॉस मामले दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीनागांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के शुभम पुत्र जगदीश सिंह मीना निवासी बीनागांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत रात करीब 10 बजे वह अपने चचेरे भाई सचिन मीना के साथ राधाकृष्ण मंदिर के पास बैठा था। इसी दौरान गांव के रजत मीना, उनके पिता मनोज मीना और पवन मीना वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते उन्हें मां-बहन की अश्लील गालियां देने लगे। शुभम ने गालियां देने से मना किया, तो रजत और उनके पिता मनोज ने थप्पड़ मारकर उसकी पिटाई की, जिससे उसकी नाक, माथे और दाहिने हाथ में चोटें आई। बचाने आए उसके चचेरे भाई सचिन पर भी हमला किया गया, जिससे सचिन के बाएं हाथ की उंगलियों में चोटें आई। शुभम के अनुसार, घटना के समय गांव के नंदकिशोर और राहुल मीना मौके पर मौजूद थे। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के रजत पुत्र मनोज मीना निवासी बीनागांव, ने अपनी शिकायत में बताया कि वह रात को दुकान से काम निपटाकर घर लौट रहा था।

## फेसबुक पर विज्ञापन का ज्यादा असर...




**एक** शोध में पाया गया है कि सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर दिखने वाले विज्ञापन किसी फिल्म के ट्रेलर जितना ही काम करते हैं। फेसबुक पर दिखने वाले विज्ञापनों से लोग टेलीविजन पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों की तुलना में बेहतर तौर पर ब्रैंड से जुड़े पाते हैं। फेसबुक और विपणन एजेंसी न्यूरो-इनसाइट द्वारा किए गए शोध में सामने आया है कि कैसे उपभोक्ता फेसबुक या टेलीविजन पर पहले से देखे गए विज्ञापनों पर प्रतिक्रिया देते हैं।

इस परिणाम में पता चला है कि फेसबुक पर दिखने वाले विज्ञापन से ब्रांड का प्रभाव लोगों पर अधिक पड़ता है और वह तुरंत इस पर प्रतिक्रिया देते हैं। इसके उलट जो लोग टेलीविजन पर विज्ञापन देखते हैं वे उसी विज्ञापन को दूसरे दिन देखने के बाद इसे खरीदने का निर्णय लेते हैं। इस शोध के लिए न्यूरो-इनसाइट ने अमेरिका में 100 फेसबुक उपयोगकर्ताओं के एक समूह को 21 और 54 आयुवर्ग के दो समूहों में विभाजित किया। परीक्षण के दौरान एजेंसी ने दो तरह के वीडियो विज्ञापनों का इस्तेमाल किया, जिसमें फेसबुक के लिए बनाया गया एक विज्ञापन और टेलीविजन के लिए बनाया गया विज्ञापन शामिल है। पहले दिन एक समूह ने एक टेलीविजन शो देखा, जिसके बीच विज्ञापनों को दर्शाया गया, जबकि दूसरे समूह को फेसबुक खबरें देखने के लिए कहा गया। दूसरे दिन दोनों समूहों को टेलीविजन शो के दौरान वहीं विज्ञापन फिर से दिखाए गए। इस परीक्षण के दौरान प्रत्येक समूह ने ईईजी की टोपियां पहनी हुई थीं, जिससे उनके दिमाग के विभिन्न हिस्सों की प्रतिक्रियाओं को मापा जा सके। इस अध्ययन में पता चला कि जिन प्रतिभागियों ने टेलीविजन पर विज्ञापन देखे, उनकी याददाश्त ने उन विज्ञापनों को याद रखने की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत कम प्रदर्शन किया, जबकि फेसबुक पर विज्ञापन देखने वाले लोगों की यादाश्त ने बेहतर प्रदर्शन किया। फेसबुक पर वीडियो विज्ञापन देखने वाले प्रतिभागी टेलीविजन पर देखे गए विज्ञापनों की तुलना में विज्ञापन के ब्रांड से बेहतर तौर पर जुड़ पाए।

## बिना चार्जिंग के चलने वाली बैटरी



**वैज्ञानिकों** के एक दल ने ऐसी बैटरी का अविष्कार कर लिया है जिसे चलाने के लिए चार्ज करने की कोई जरूरत नहीं है। ये विशेष प्रकार की बैटरियां असल में फ्यूल सेल हैं जिनसे पर्यावरण को बेहद कम नुकसान पहुंचता है। यूल सेल ऐसी बैटरियां होती हैं जो रासायनिक प्रतिक्रिया को विद्युत में परिवर्तित कर देती हैं।

यह बैटरी की तरह ही काम करता है, लेकिन इन्हें चार्ज करने की जरूरत नहीं होती। यह परिवहन, आपातकालीन बैकअप और कई ऊर्जा क्षेत्रों में प्रयोग की जा सकती हैं। वैज्ञानिकों द्वारा खोजी गई इस नई विधि का नाम आयन-एक्सचेंज सिंथेटिक मेम्ब्रेंस रखा गया है। इस विधि का उपयोग फ्यूल सेल के निर्माण के अलावा पृथक्करण और शोधन की अन्य प्रक्रियाओं में भी किया जा सकता है। मास्को के इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के अनुसार पारंपरिक इंजन की तुलना में फ्यूल सेल के कम से कम दो फायदे हैं। पहला फायदा यह है इनसे कम मात्रा में हानिकारक गैसें उत्सर्जित होती हैं, जैसे नाइट्रोजन ऑक्साइड। और दूसरा फायदा यह है कि फ्यूल सेल की कार्यक्षमता बहुत ज्यादा होती है।

नए साल में तकनीक की दुनिया में क्या होगा इस बारे में जानकारों ने कुछ अनुमान लगाए हैं। इसी को लेकर अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी संगठन 'गार्टनर' ने कुछ टॉप स्ट्रैटजिक टेक्नोलॉजी ट्रेंड्स की सूची जारी की है। इसमें खास बात यह है कि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में फिजिकल और वर्चुअल वर्ल्ड की दूरी खत्म होगी। इस साल तकनीक को जो गति मिलेगी उसी के बारे में जानने की कोशिश है यह आलेख।



# फिजिकल और वर्चुअल वर्ल्ड खत्म होगी दूरी...

**साल** 2016 में किन तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ेगा इस पर हाल ही में अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी संगठन 'गार्टनर' ने कुछ टॉप स्ट्रैटजिक टेक्नोलॉजी ट्रेंड्स की सूची जारी की है। 20वीं सदी में लोगों के जीवन में दस्तक देने वाली टेक्नोलॉजी आज 21वीं सदी के दूसरे दशक तक पहुंचते-पहुंचते ऐसा अभिन्न हिस्सा बन गई है, जिसके बगैर जिंदगी की कल्पना मुश्किल हो गयी है। इन्वेंशन, इनोवेशन, क्लाउड कंप्यूटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स के बढ़ते प्रयोग की वजह से टेक्नोलॉजी ट्रेंड काफी तेज रफ्तार से विकसित हो रहा है। गार्टनर के अनुसार, आने वाले समय में डिजिटल मेश से फिजिकल और वर्चुअल वर्ल्ड की दूरी खत्म होगी, वहीं डिजिटल वर्ल्ड में बने रहने के लिए हर दिन स्मार्ट मशीन की जरूरत होगी। आज के समय में अधिकांश संस्थान डिजिटल बिजनेस की राह पर हैं और तेजी से अल्गोरिथमिक बिजनेस की तरफ बढ़ रहे हैं। डिजिटल और अल्गोरिथमिक बिजनेस के लिए जरूरी है इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी और उसमें बदलाव। ऐसे में कई बदलते ट्रेंड 2016 में भी देखने को मिलेंगे।

### डिवाइस मैश में क्रांति

आनेवाले समय में डिवाइस मैश में तेजी से विस्तार होगा। डिवाइस मैश में शामिल हैं मोबाइल डिवाइस, वियरेबल डिवाइस, कंज्यूमर एंड होम इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस, ऑटोमोटिव डिवाइस, एनवायर्नमेंटल डिवाइस समेत कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस। आने वाले समय में लोग सूचना के लिए या लोगों से संपर्क साधने के लिए, सोशल कम्युनिटीज में संपर्क स्थापित करने, सरकार से संपर्क करने और व्यापार व अन्य कई कार्यों के लिए भी डिवाइस पर ही आश्रित होंगे। मोबाइल क्रांति के बाद से डिजिटल इंडस्ट्री ने मोबाइल यूजर्स को फोकस करते हुए बेहतर सेंसर्स का इस्तेमाल करके डिजिटल डिवाइस का निर्माण तेज किया है। सेंसर की वजह से डिवाइस बेहतर तरीके से काम करता है। बेहतर डिवाइस के आने से लोग इसके प्रति काफी तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। ऑफिस का स्मार्ट सिस्टम हो या घरों में इस्तेमाल होने वाली तकनीक या फिर कोई अन्य तकनीक, सभी डिवाइस पर ही केंद्रित हैं।

### यूजर्स को समझेगा डिवाइस



यूजर्स के अनुभव के आधार पर डिवाइस मैश किसी भी समय और जगह पर उसे उसके इंटरेस्ट की जानकारी देगा। दरअसल, यह डिवाइस और लोकेशन के बीच की नियमितता को बनाए रखने की एक प्रक्रिया है। हाईपर लोकेशन टेक्नोलॉजी एंबिएंट यूजर एक्सपीरिएंस की राह आसान करता है। हाईपर लोकेशन टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से डिवाइस उपभोक्ता की पसंद को समझने में सक्षम होता है। उदाहरण के तौर पर अगर ऐसा डिवाइस लेकर कोई यूजर किसी होटल की तलाश में जाता है, तो व्यक्ति के पहले होटल अवलोकन के अनुभव से डिवाइस को यह पता होता है कि यूजर किस तरह का होटल तलाश रहा है और डिवाइस उसी तरीके के होटल के बारे में जानकारी देते हुए वहां तक पहुंचाने का काम करता है। दरअसल यह डिवाइस यूजर के इमोशनल स्टेट, हैबिट्स, इंटरेस्ट, सोशल इंटरएक्शन, ग्रुप डायनामिक्स, लाइट, प्रेशर, न्वॉयज, एटमॉस्फेयर जैसे ह्यूमन और फिजिकल इलिमेंट्स व एक्सपीरिएंस के आधार पर कार्य करता है । मौजूदा स्मार्टफोन के एप्स में इस्तेमाल होने वाले सेंसर से यह अलग है ।

### मैश एप से डिजिटल विस्तार

मैश एप और सर्विस आर्किटेक्चर डायनामिक आर्किटेक्चर और यूजर एक्सपीरिएंस में वेब स्केल परफॉर्मेंस और फ्लैक्सिबिलिटी प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जो डिजिटल मैश का पूर्ण विस्तार करता है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) प्लेटफॉर्म्स मैश एप और सर्विस आर्किटेक्चर में सहायक है। यह नेक्स्ट जेनरेशन इंटरनेट वर्ल्ड है। आईओटी वह माध्यम है, जहां इंटरनेट के जरिये घर का रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टीवी, कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल, स्ट्रीट लाइट, ट्रैफिक सिस्टम जैसे सभी टेक्नोलॉजी व डिजिटल गैजेट्स जुड़े होते हैं और एक डिवाइस से कंट्रोल होता है।

### एडवांस आर्किटेक्चर

डिजिटल मैश और स्मार्ट मशीन को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल इंडस्ट्री में एडवांस्ड कंप्यूटिंग आर्किटेक्चर की जरूरत होगी। हाई पावर्ड और अल्ट्रा एफिसिएंट न्यूरोमोर्फिक आर्किटेक्चर्स के जरिये एडवांस्ड सिस्टम आर्किटेक्चर विकसित किया जा सकता है। न्यूरोमोर्फिक आर्किटेक्चर टेक्नोलॉजी एफपीजीए के साथ हाइली इफिसिएंट आर्किटेक्चर के इस्तेमाल से मिमिक न्यूरो-बायोलॉजिकल सिस्टम्स हाई एनर्जी एफिशिएंसी के साथ एक टेराफ्लोप से ज्यादा तेज स्पीड देने में सक्षम होगी। जीपीयू ,एफपीजीए से बना यह सिस्टम इंसान के दिमाग की तरह काम करेगा।



### मशीन खुद लेगी फैसला

मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी के विकसित होने से स्मार्ट मशीन स्वतंत्र होकर कार्य करने में सक्षम हो जाएंगी। रोबोट्स, ड्रोन, सेल्फ ड्राइविंग कार, ऑटोनोमस वेहिकल्स, वर्चुअल पर्सनल असिस्टेंट्स (वीपीए), स्मार्ट एडवाइजर्स समेत कई अन्य ऐसे उपकरण बगैर मानवीय हस्तक्षेप या दिशानिर्देश के निर्णय लेने में सक्षम होंगे और सभी तरह की समस्याओं का समाधान कर सकेंगे। गूगल नाउ, माइक्रोसॉफ्ट कोर्टाना और एप्पल सीरी जैसे वर्चुअल पर्सनल असिस्टेंट्स ऑटोनोमस एजेंट के रूप में उभर कर सामने आएंगे। अभी तक स्मार्ट मशीन को कार्य करने के लिए डायरेक्शन की जरूरत होती है, लेकिन बहुत जल्द ये मशीनें खुद अपने फैसले के मुताबिक काम कर पाएंगी।



### एक डिवाइस देगी जानकारी

कुछ ऐसे डिवाइस का निर्माण हो रहा है, जिसके जरिए सभी तरह की सूचनाओं और डाटा को हासिल करना मुमकिन होगा। दरअसल डिजिटल मैश सूचनाओं को उत्पन्न करेगा, इनका इस्तेमाल करेगा और इसे भेजने का काम करेगा। इसका मतलब यह है कि आप एक ही डिवाइस से सभी तरह की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे यानी टेक्स्चुअल, ऑडियो और वीडियो इन्फॉर्मेशन के साथ ही सेंसरी और कॉन्टेक्स्चुअल इन्फॉर्मेशन भी प्राप्त कर सकेंगे। गार्टनर का कहना है कि वर्ष 2020 के आसपास 25 अरब ऐसे डिवाइस तैयार हो जाएंगे, जो सभी तरह की सूचनाएं देने में सक्षम होंगे।

### मशीन बनेगी इंटेलिजेंट

डीप न्यूरल नेट्स (डीएनएन) मशीन लर्निंग का एक एडवांस फॉर्म डाटासेट्स है, जो मशीन को इंटेलिजेंट बनाता है। डीएनएन हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर पर आधारित मशीन अपने आसपास के सभी फीचर और सभी जानकारियों को काफी तेजी से ग्रहण कर कर लेती है। एक डिवाइस के जरिए यह सभी सूचना मुहैया कराने में मदद करता है।

### थ्रीडी प्रिंटिंग और आसान

हालांकि, 3डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी ने 3डी प्रिंटिंग को बेहद आसान बना दिया है, लेकिन एडवांस्ड 3डी प्रिटिंग टेक्नोलॉजी से विकसित धातु व मिश्रधातु, कार्बन, फाइबर, ग्लास, कंडक्टिव इंक, इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मास्यूटिकल्स और बायोलॉजिकल मेटेरियल्स प्रिंट करना बेहद आसान हो जायेगा। 3डी प्रिंटर में इनबिल्ट न्यू प्रैक्टिकल एप्लीकेशन कई सेक्टर के कार्यों के विस्तार में अहम भूमिका निभाएगा। इससे एयरोस्पेस, मेडिकल, ऑटोमोटिव, एनर्जी और मिलिट्री जैसे सेक्टर में कई उपकरणों का निर्माण आसान होगा । इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी समेत अन्य क्रिएटिव प्रोफेशनल कोर्स करनेवाले स्टूडेंट्स को टेस्ट करने, डिजाइन तैयार करने और अपनी स्किल्स को इंप्रूव करने में यह काफी मदद करेगा।

### ब्रेन से कंट्रोल होगी डिवाइस

माइंड रीडिंग मशीन इंसान के दिमाग को समझने का काम करेगी। ऐसी मशीन जब किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में लगा दी जायेगी, तो वह अपने यूजर के माइंड को पढ़ कर उसके अनुकूल कार्य करेगी। आइबीएम के अनुसार, वर्ष 2016 में यूजर अपने इलेक्ट्रॉनिक आइटम को ब्रेन से संचालित कर सकेंगे। डिवाइस को हाथ लगाने की जरूरत नहीं होगी। डिवाइस में पासवर्ड लगाने की भी कोई जरूरत नहीं होगी।

भविष्य में आपके घर में टेबल पर मौजूद सजावटी सामग्रियों के बीच आपकी 'शेपीज' यानी आपकी शेप का पुतला हो सकता है। सेल्फी को स्मार्टफोन में ही देख सकते हैं। लेकिन, अब 3डी सेल्फी का जमाना आने वाला है। इस थ्रीडी सेल्फी को आप एक छोटे पुतले की भांति अपने साथ रख सकते हैं।

# अब बनवाएं अपना 3डी पुतला...



**सेल्फी** का क्रेज अभी कम भी नहीं हुआ है कि तेजी से नए आयाम लेती तकनीक की दुनिया में फोटोग्राफी के लिए एक नये फॉर्मेट का चलन शुरू हो गया है। डिजिटल कैमरा और स्मार्टफोन ने फोटोग्राफी की दुनिया को ऐसे बदला कि फोटो स्टूडियो का क्रेज कम हो गया। अब 3डी प्रिंटर तकनीक इसमें नया बदलाव ला रही है। आने वाले समय में लोगों का रुझान ऐसे स्टूडियो की ओर बढ़ सकता है, जहां वे छोटे आकार के खुद के 3डी पुतले बनवा सकते हैं। सेल्फी खींचने और उसे डिजिटल फॉर्मेट में सुरक्षित रखने का मौजूदा ट्रेंड निकट जल्द ही बदल सकता है। दक्षिण कोरिया अब फोटोग्राफी को सेल्फी और डिजिटल प्रारूप में सुरक्षित रखने से आगे 3डी प्रिंटिंग के दौर में ले जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सियोल में कई थ्रीडी फोटो स्टूडियो खुल चुके हैं, जहां एक छोटे पुतले के रूप में आप अपनी या बच्चों की 3डी प्रिंटिंग हासिल कर सकते हैं। फिलहाल इसकी कीमत ज्यादा है, इसलिए पैसे वाले लोग ही यहां पहुंचते हैं, लेकिन भविष्य में इसकी कीमत कम होने पर यह आम लोगों की पहुंच से बाहर नहीं रहेगा।

### हजार लेयर में इमेज

ट्रांसफॉर्म के बाद 3डी प्रिंटर जिप्सम पाउडर की करीब 1,000 लेयर में आपकी उस इमेज को गढ़ता है, 2डी तस्वीरें लेते वक्त इसमें वह उन सभी छोटी-से-छोटी चीजों को शामिल करता है, ताकि वह बिल्कुल असली की तरह दिखे। हालांकि, इस फिगर यानी पुतले का आकार बहुत छोटा होता है । इस तरह बनाए जानेवाले 3डी पुतलों की कीमत 99 डॉलर से 299 डॉलर तक है। सबसे छोटा आकार पांच सेंटीमीटर है, जिसकी कीमत 99 डॉलर है, जबकि सबसे 30 सेंटीमीटर आकार के पुतले की कीमत 299 डॉलर है। एक रिपोर्ट में एशियाई देशों में फिलहाल इस नई तकनीक को दक्षिण कोरिया तक ही सीमित बताया गया है, लेकिन जल्द ही पूरी दुनिया में इसके प्रसार की उम्मीद जताई गई है। हालांकि, कई अन्य रिपोर्ट बताती हैं कि भारत समेत कई देशों में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है ।

### ऑनलाइन ऑर्डर

सेल्फी को स्मार्टफोन में ही देख सकते हैं। लेकिन, अब 3डी सेल्फी का जमाना आने वाला है। इस थ्रीडी सेल्फी को आप एक छोटे पुतले की भांति अपने साथ रख सकते हैं। 'माय3डीसेल्फी डॉट कॉम' इसके लिए बाकायदा ऑर्डर हासिल करता है।

### पांच मिनट में 3डी मॉडल

आर्टेक शेपिफाई बूथ 3डी बॉडी स्कैनिंग और सेल्फी बनाने वाली ऑटोमेटेड मशीन है। महज 12 सेकेंड में ग्राहक की स्कैनिंग करके ऑटोमेटिक तरीके से पांच मिनट में 3डी मॉडल तैयार हो जाता है और कुछ दिनों में पूरी तरह तैयार करके इसे ग्राहक को भेज दिया जाता है। इस बूथ में प्रति घंटे 10 लोगों की स्कैनिंग की जा सकती है।

### भारत में भी शुरुआत

हैदराबाद की एक फर्म '3डी स्फेयर' ने भी ऐसी एक शुरुआत की है। इसकी वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक, 3डी प्रिंटिंग के जरिए पुतले बनाने का काम यह चार चरणों में पूरा करता है। पहले चरण में यह पूरे शरीर की फोटोग्राफिक तकनीक के जरिए तस्वीर की 3डी स्कैनिंग की जाती है। स्कैनिंग से हासिल किए गए 3डी डाटा को संबंधित 3डी सॉफ्टवेयर में एडिट करता है। कलर 3डी प्रिंटर में इसे प्रिंट किया जाता है। तैयार हुए प्रोडक्ट यानी पुतले पर चिपके अतिरिक्त पाउडर को हटाया जाता है और उस पर ग्लू चिपकाया जाता है।

# धुंध की भविष्यवाणी करना अभी जटिल...



**भूकंप** की भविष्यवाणी करना अभी तक संभव नहीं हो पाया है। बारिश व समुद्री तूफान की भविष्यवाणी काफी हद तक सही होने लगी है परंतु धुंध व कोहरे का पूर्वानुमान लगाना अभी जटिल बना हुआ है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 2008 में पहली बार धुंध व कोहरे की पूर्व सूचना देने का काम शुरू किया परंतु मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान सटीक नहीं रहे।

अब इन सर्दियों में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय ऊष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे ने धुंध व कोहरे के विश्लेषण व भविष्यवाणी के लिए दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की अनोखी पहल की है। पेरिस व टोरंटो की तर्ज पर शुरू किया गया यह पांच-वर्षीय पायलेट प्रोजेक्ट धुंध का विश्लेषण करेगा। इस अध्ययन में धुंध के सही कारणों व उसकी गहनता के साथ-साथ यह पता लगाया जाएगा कि धुंध कितनी देर तक छायी रहेगी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार इस पायलेट प्रोजेक्ट का एक उद्देश्य धुंध से निगरानी के लिए जरूरी डाटा नेटवर्क में सुधार लाना है ताकि काफी कम समय में यह भविष्यवाणी की जा सके कि कितनी गहरी धुंध छायेगी। इससे रेल व वायु यातायात के सुचारु संचालन में मदद मिल सकेगी। अध्ययन में यह भी पता लगाया जायेगा कि फसलों में बीमारियों का धुंध से क्या संबंध है।



# अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़ी है तेलुगु इंडस्ट्री

आर. माधवन की कितनी काबिल सितारों में होती है। उन्हें जितना प्यार साउथ इंडस्ट्री में मिलता है, हिंदी पट्टी में भी उनके उतने ही प्रशंसक हैं। हाल ही में आर माधवन हिंदी और साउथ में फिल्मों के निर्माण और बदलते परिदृश्य पर बात करते दिखे। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बढ़ते कंटेंट बेस के मुकाबले तेलुगु और मलयालम फिल्म इंडस्ट्री कहां  हैं? साथ ही कहा कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री अपनी जड़ों से जुड़ी है।

### एसएस राजामौली की फिल्मों का दिया उदाहरण

आर माधवन हाल ही में बातचीत के दौरान फिल्म इंडस्ट्री के बदलते परिदृश्य पर बात करते दिखे। फिर चाहें वह हिंदी हो, तेलुगु या मलयालम। एक्टर ने कहा कि बॉलीवुड बहुत ज्यादा विशिष्ट (ऐलीट) हो गया है, जबकि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अब भी अपनी जड़ों से जुड़ी है। उनस सिनेमा में परंपराओं की झलक दिखती है। इसके लिए मैडी ने एसएस राजामौली की हाई बजट फिल्मों का उदाहरण भी दिया।

### तेलुगु फिल्मों में दिखाई देता है छोटे शहरों का इतिहास

आर माधवन ने कहा, अगर आप एसएस राजामौली और तेलुगु इंडस्ट्री की हाई बजट फिल्मों की तरफ देखें तो वे जमीन से जुड़ी नजर आएंगी। उनमें भारत के छोटे शहरों के इतिहास की झलक जरूर देखने को मिलेगी। वे बाहुबली, आरआरआर या पुष्पा जैसी फिल्में बनाने में बहुत पैसा लगाते हैं। फिर इन कहानियों को फिल्माने और उन्हें मजबूत बनाने में भी पूरी जान झोंक देते हैं।

इसके अलावा मैडी ने मलयालम इंडस्ट्री पर भी बात की, जो हाल के कुछ वर्षों में काफी आगे बढ़ी है। आर. माधवन का कहना है कि मॉलीवुड मुख्य रूप से कंटेंट और किरदारों जैसे पहलुओं पर फोकस करने में सक्षम रहा है। सीमित बजट फिल्मों में भी वह कमाल का प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा, मलयालम इंडस्ट्री अब बिना बड़े बजट फिल्मों के भी सिर्फ कंटेंट और किरदारों के दम पर दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। तेलुगु इंडस्ट्री में कभी-कभी बड़े बजट की फिल्म रिलीज होती है, जो पूरी तरह से फ्लॉप हो जाती है, जो एक वास्तविकता भी है। दरअसल, इंडस्ट्री एक कायापलट के दौर से गुजर रही है और जल्द ही नए कंटेंट और नवीनता के साथ दर्शकों को हैरान करेगी।



# मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री अक्षरा सिंह खुद को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहा रही हैं। इसकी झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में दिखाई। अक्षरा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर निजी और काम से जुड़े पोस्ट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की तस्वीरें साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। चार तस्वीरों में से दो में अक्षरा जिम में पसीना बहाती हैं, तो दो में खुली छत पर एक्सरसाइज करती नजर आईं। भोजपुरी फिल्मों में कमाल के अभिनय के साथ अभिनेत्री बेहतरीन गायिका भी हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह महाकुंभ के महत्व को अपने गाने के साथ बताती नजर आईं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हिमालय से आते मुनि रमाते संगम में धूनी। अक्षरा सिंह ने महाकुंभ के लिए एक खास गाना तैयार किया है। गाने की पहली झलक अभिनेत्री ने 16 जनवरी को सोशल मीडिया पर साझा की थी। लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 'महाकुंभ में डुबकी लगाओ' नाम के गाने को गाती भक्ति-भाव में डूबी नजर आईं। अक्षरा सिंह की हालिया रिलीज अक्षरा दुनिया भर में धूम मचा रही है। देशभक्ति से भरपूर भोजपुरी फिल्म वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षरा के साथ अभिनेता अंशुमान मिश्रा मुख्य भूमिका में हैं। सत्यमेव जयते से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री अक्षरा सिंह फिल्म इंडस्ट्री को सत्या, सरकार राज, मां तुझे सलाम, धड़कन, तबादला, सत्य, प्रेम विवाह, साथिया, दिलेर, तबादला, सौगंध गंगा मैया के जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इसके साथ ही अक्षरा बिग बॉस ओटीटी समेत सर्विस वाली बहू, पोरस, काला टीका जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।



# इंडो-कोरियन हॉरर फिल्म में नजर आएंगे वरुण तेज

तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और  गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है। तेलुगु सिनेमा के अभिनेता वरुण तेज ने फिल्म मुकुंदा से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने कांचे, फिदा, थोली प्रेमा और गड्डालकोंडा गणेश जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता। आज वरुण के जन्मदिन पर उनकी आगामी कोरियन हॉरर कॉमेडी फिल्म वीटी 15 का पोस्टर शेयर किया है, जो उनके प्रशंसकों के लिए वरुण की बर्थ डे का रिटर्न गिफ्ट है। साउथ अभिनात वरुण तेज फिल्म मटका के बाद अब एक इंडो-कोरियाई हॉरर कॉमेडी के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का नाम वीटी 15 रखा गया है, जिसमें कई रोमांचक पहलुओं के साथ कॉमेडी भी देखने को मिलेगी। वरुण तेज के जन्मदिन के अवसर पर निर्माताओं ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। पोस्टर में एक रहस्यमयी जार दिखाया गया है, जिस पर ड्रैगन का डिजाइन है और एक कपड़ा जल रहा है, साथ ही अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी गई हैं। टैगलाइन सस्पेंस और कॉमेडी के अनूठे मिश्रण की ओर इशारा करती है जब शिकार करना मजेदार हो जाता है। वेंकटाद्री एक्सप्रेस, एक्सप्रेस राजा और एक मिनी कथा जैसी सफल फिल्मों के लिए मशहूर मेरलापाका गांधी द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशंस ने फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर किया है। फिल्म का संगीत प्रतिभाशाली थमन एस तैयार कर रहे हैं। बहलहाल, फिल्म की शूटिंग और रिलीज की तारीख सहित आगे की अपडेट जल्द ही शेयर की जाएंगी। प्रशंसक वरुण तेज की इस आगामी कोरियन ड्रामा फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और उनके जन्मदिन पर हुई फिल्म की इस घोषणा से बेहद खुश भी हैं।

# गेम चेंजर के फ्लॉप होने के बीच पैपराजी के कैमरे से बचती दिखीं कियारा

राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर पिछले सप्ताह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म के प्रति दर्शकों की उत्सुकता और स्टार कास्ट के फैन फॉलोइंग के बावजूद यह बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। ओपनिंग डे पर औसत कमाई के बाद इसके कलेक्शन में लगातार गिरावट दर्ज की गई। बड़े बजट की वजह से यह फिल्म टिकट खिड़की पर फ्लॉप हो चुकी है।

इस बीच, कियारा आडवाणी को हाल ही में पैपराजी से बचते हुए देखा गया। वह आयान मुखर्जी से मुलाकात के बाद अपनी कार में बैठ रही थीं। वॉर 2 का निर्देशन कर रहे आयान ने कियारा को अलविदा कहने के बाद पैपराजी से कहा, आप कहां से आ गए? कियारा आमतौर पर पैपराजी के सामने मुस्कुराते हुए पोज देती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने पूरी तरह से उनसे नजरें चुराने का प्रयास किया। गेम चेंजर की बात करें तो यह फिल्म तेलुगु सिनेमा के मशहूर निर्देशक शंकर की फिल्म है। इसमें राम चरण, कियारा आडवाणी, अंजलि और एसजे सूर्या जैसे बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये की कमाई की थी, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई में निरंतर गिरावट देखी गई। फिल्म को पाइरेसी का भी सामना करना पड़ा, क्योंकि इसके रिलीज होते ही इसे ऑनलाइन लीक कर दिया गया। इसके अलावा, बालकृष्ण की डाकू महाराज और वेंकटेश की संक्रांतिकी वस्तुनाम जैसी फिल्मों से भी कड़ी टक्कर  मिली, जिससे गेम चेंजर की कमाई और भी ज्यादा प्रभावित हुई।



# पंजाब में फिल्म के बैन पर छलका कंगना का दर्द

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी सिनेमाघरों में लगी है, जो देश में लगे आपातकाल की घटना पर आधारित है। यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई। फिल्म देखकर लौट रहे दर्शक कंगना की अदाकारी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री की यह फिल्म पंजाब में रिलीज नहीं हुई है। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।**

### दिल में कुछ दर्द है

कंगना रनौत ने आज सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने फिल्म को मिल रहे प्यार के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया है। साथ ही पंजाब में फिल्म को रिलीज नहीं किए जाने पर दुख भी जताया है। कंगना कहती दिखी हैं, दोस्तों मैं जी स्टूडियो और मणिकर्णिका और फिल्म के हर सदस्य की तरफ से आपका आभार व्यक्त करती हूं। आपने इतना प्यार और इज्जत दी, उसके लिए मेरे पास शब्द ही नहीं हैं, लेकिन मेरे दिल में अभी भी कुछ दर्द है।

### फिल्म देखकर आप निर्णय लीजिए

कंगना ने आगे कहा, पंजाब! इंडस्ट्री में ऐसा कहा जाता था कि पंजाब में मेरी फिल्में सबसे अच्छी परफॉर्म करती हैं। और आज एक दिन है जब पंजाब में मेरी फिल्म को रिलीज तक नहीं होने दिया जा रहा है। ऐसे ही कुछ हमले कनाडा और ब्रिटेन में भी किए जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा लोगों ने यह आग लगाई हुई है। और इस आग में हम और आप जल रहे हैं। दोस्तों मेरी फिल्म मेरे विचार और मेरा देश के प्रति क्या लगाव है वो इस फिल्म से प्रदर्शित होता है। आप यह फिल्म देखकर खुद निर्णय लीजिए। क्या यह फिल्म हमें जोड़ती है या तोड़ती है? मैं बस और नहीं कहूंगी। जय हिंद धन्यवाद।

### कैसा है बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन

कंगना रनौत ने फिल्म इमरजेंसी में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने किया है। करीब 25 करोड़ रुपये बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 2.5  करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन कमाई 3.6 करोड़ रुपये रही। फिर तीसरे दिन का कारोबार 4.35 करोड़ रुपये रहा है। इस फिल्म का टोटल कलेक्शन 10.45  करोड़ रुपये हो गया है।



# कबीर सिंह से लेकर किस्मत कनेक्शन तक, देवा से पहले इन रीमेक फिल्मों में काम कर चुके हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कई फिल्मों में अदाकारी से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है। वह इन दिनों अपनी फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह पुलिस अफसर बनकर जबर्दस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस का रीमेक है। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह पहला मौका नहीं है जब शाहिद ने किसी रीमेक फिल्म में काम किया है। इससे पहले भी वह ऐसी कई फिल्मों में काम कर कर चुके हैं।

**कबीर सिंह-** शाहिद कपूर की सबसे चर्चित और सफल फिल्म कबीर सिंह है। यह फिल्म तेलुगु हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी का रीमेक थी। फिल्म में शाहिद कपूर ने एक भावुक और उग्र स्वभाव वाले डॉक्टर का किरदार निभाया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। शाहिद की एक्टिंग को समीक्षकों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिली।

**जर्सी** - जर्सी भी तेलुगु फिल्म जर्सी का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई थी। शाहिद की इस फिल्म में जज्बातों और संघर्ष की गहरी झलक देखने को मिली थी। फिल्म की कहानी और शाहिद की अदाकारी तो अच्छी थी, लेकिन रीमेक होने की वजह से यह बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी।

**ब्लडी डैडी** - ब्लडी डैडी फिल्म भी एक रीमेक है, जो फ्रेंच फिल्म स्लीपलेस नाइट का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में शाहिद कपूर ने एक पुलिस अफसर का रोल निभाया था, जो अंडरवर्ल्ड से जुड़ी एक मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करता है। फिल्म का एक्शन और थ्रिलिंग प्लॉट दर्शकों को अंत तक बांधे रखने में सफल रहा था। इसे सीधा ओटीटी पर रिलीज किया गया था।

**फुल एंड फाइनल** - फुल एंड फाइनल फिल्म भी एक रीमेक थी। यह हॉलीवुड फिल्म स्नैच का रीमेक थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ और भी कई मशहूर सितारे थे, फिर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं सकी थी।

**किस्मत कनेक्शन** - किस्मत कनेक्शन में शाहिद कपूर ने विद्या बालन के साथ काम किया था। यह फिल्म जस्ट माय लक का रीमेक थी। इस फिल्म के गाने लोगों के बीच जबर्दस्त हिट हुए थे। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

# बेहतर हो सकती थी गेम चेंजर

रामचरण अभिनीत गेम चेंजर 10 जनवरी से सिनेमाघरों में चल रही है। 450 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनी इस फिल्म को पूरा करने में निर्देशक शंकर ने 3 साल का लम्बा वक्त लिया। प्रदर्शन के बाद फिल्म को असफल करार दे दिया गया है। ऐसे में गेम चेंजर के निर्देशक एस शंकर ने फिल्म की एवरेज परफॉर्मेंस पर अपनी गलती होने की बात कही है। एक हालिया इंटरव्यू में शंकर ने कबूल किया कि वो फिल्म में बहुत कुछ बेहतर कर सकते थे। उन्होंने कहा- कोई भी फिल्म मेकर अपनी फिल्म से कभी संतुष्ट नहीं होता। मुझे बिल्कुल पर लगता है कि ये फिल्म और बेहतर हो सकती थी। हमारे पास कई अच्छे सीन थे, लेकिन हमें उनमें काटकर छोटा करना पड़ा। शंकर ने आगे कहा- इसका मतलब ये हुआ कि हमने कुछ बेहतरीन कंटेंट खो दिया। आप तीन घंटे की फिल्म में हर सीन को शामिल नहीं कर सकते। फिल्म का टोटल ड्यूरेशन पांच घंटे हो गया था। ये किसी स्कल्पचर को तराशने जैसा था। अगर आप कोई अच्छा स्कल्प्चर बनाना चाहते हैं तो वो पत्थर की बनी हो तो बेहतर है। बता दें कि फिल्म गेम चेंजर से शंकर ने अपना तेलुगु डेब्यू किया है।



## ब्रीफ न्यूज

### जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन आज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसा कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी के मागदर्शन में प्रत्येक माह रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग / राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के समन्वय से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिला स्तर पर शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में 24 जनवरी को प्रातः 11ः00 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले में प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राही को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा।

### जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गए है। जारी आदेशानुसार वर्ष 2025 के लिये संपूर्ण जिला अशोकनगर के लिए डोलग्यारस 03 सितम्बर, महानवमी 01 अक्टूबर तथा भाईदूज 23 अक्टूबर 2025 को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त अवकाश जिले के कोषालय/उपकोषालय के लिये लागू नही रहेगा।

### लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगे सम्मानित

**अशोकनगर।** 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में 25 जनवरी 2025 को आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने एवं समग्र रूप से निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर माननीय राज्यपाल द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी श्री सुभाष कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया जाएंगा।

### जमीन विवाद में युवक पर तलवार से हमला

**अशोकनगर।** अशोकनगर के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में चचेरे भाइयों ने एक युवक पर तलवार से हमला कर दिया। वारदात में उसके हाथ की तीन उंगलियां कटकर अलग हो गई। उसके चीखने पर परिजन कटी हुई उंगलियों के साथ उसे लेकर तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ओंडेर गांव में बुधवार-गुरुवार रात करीब 12 बजे शैलेंद्र दांगी (19) पर उसके ही चचेरे भाइयों ने रात के अंधेरे में तलवार से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी राघवेंद्र, कल्लू और विजय तलवारों से लैस होकर वहां पहुंचे। तीनों आरोपियों ने सोते हुए शैलेंद्र पर तलवार से ताबड़तोड़ वार किए। आत्मरक्षा में शैलेंद्र ने अपने हाथ आगे किया, जिससे उसके एक हाथ की दो और दूसरे हाथ की एक उंगली कटकर अलग हो गई।

# गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाएं : कलेक्टर

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन, समय-सीमा के लंबित पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025 को पूर्ण गरिमा के साथ स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर समारोह पूर्वक मनाया जाएं। गणतंत्र दिवस के आयोजन हेतु अधिकारियों को सौपें गए दायित्वों को निर्वहन पूर्ण सजगता के साथ किया जाएं। साथ ही गणतंत्र दिवस की संध्या पर स्थानीय माधव भवन में भारत पर्व का आयोजन सायं 07 बजे से किये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं । इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री द्विवेदी ने सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में प्रदेश की रैंकिंग में जिला अशोकनगर टॉप 5 में आने पर सभी अधिकारियों के समन्वित प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि माह दिसम्बर 2024 में सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में कुल 5615 शिकायतों में से 48.99 प्रतिशत शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद कराई गई।

बंद कराई गई शिकायतों के निराकरण का कुल बेंटेज 83.3 प्रतिशत रहा। उन्होंने समाधान ऑनलाईन से संबंधित विषयों क विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही समाधान ऑनलाईन के अंतर्गत 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर संतोषप्रद जबाव भरे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के



आयुष्मान कार्ड के कार्य में प्रगति लाने हेतु 29 से 31 से जनवरी 2025 तक अभियान चलाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में आहार अनुदान के अंतर्गत सहरिया माताओं की पोर्टल पर ई-केवायसी कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास तथा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजनांतर्गत सर्वे अनुसान आवास स्वीकृत किये जाने के निर्देश समस्त सीईओं जनपद एवं सीएमओं नगरपालिका को दिये। बैठक में युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला 24 जनवरी 2025 को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं रोजगार उपलब्ध हो सके ऐसे प्रयास किये जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत आयोजित जनकल्याण शिविरों में प्राप्त आवेदनों की जानकारी पोर्टल पर अद्यतन की जाए। साथ ही प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएं।

26 जनवरी 2025 तक कोई आवेदन लंबित न रहे। उन्होंने आनंद उत्सव के आयोजन के संबंध में विस्तृत रूपरेखा की तैयारियों की जानकारी लेकर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। जिले की शासकीय शालाओं में मध्यान्ह भोजन हेतु शासकीय उचित मूल्यों से खाद्यान्न उठाव की समीक्षा कर शत प्रतिशत उठाव के निर्देश दिए गए। उन्होंने केंन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बारे में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सीएम हेल्पलाईन,समाधान ऑनलाईन,समय सीमा के लंबित पत्रों सहित विभागीय कार्यो की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोनम जैन, बृजबिहारी श्रीवास्तव,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एन.एस.नरवरिया,समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत,सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर की अनुमति के बगैर पटवारी पर शासकीय पट्टे की भूमि सासू मां के नाम कराने का आरोप

### अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष सहित विधायक ने भी की थी कलेक्टर से शिकायत

### सात माह में भी नहीं हो पाई करवाई, जमीन पर बने हुए हैं प्रधानमंत्री आवास

राजकुमार नामदेव ■ अशोकनगर




जिले की शाढ़ौरा तहसील के हल्का नंबर 15 के तत्कालीन पटवारी, राजस्व निरीक्षक पर भूमाफियाओं से साठ-गांठ कर अनुसूचित जाति की शासकीय व अहस्तांतरित पट्टे की भूमि को कलेक्टर की पूर्व अनुज्ञा के नियम विरुद्ध रजिस्ट्री एवं बटांकन किए जाने का आरोप है। इस संबंध में अहिरवार समाज संघ के जिलाध्यक्ष सहित विधायक द्वारा करीब 7 माह पूर्व कलेक्टर को शिकायत कर रजिस्ट्री एवं बटांकन निरस्ती, दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार (रवि मोहने) के शिकायती आवेदन के साथ विधायक हरी बाबू राय ने कलेक्टर को लिखे पत्र में दर्शाया है कि मध्य प्रदेश शासन के राजस्व विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ4 96/97/2 ए भोपाल एवं दिनांक 13 मई 1998 कलेक्टर के पत्र क्रमांक क्यू/आर मो/ए/ओ एस 98 गुना दिनांक 21/05/98 के आदेश अनुसार सर्वे नंबर 26 में रकवा 4.678 में से काबिल कास्ट रखवा 3.722 को शासकीय पट्टे वितरित किए गए थे। शाढ़ौरा पटवारी हल्का नंबर 15 के पटवारी शुभम रघुवंशी एवं राजस्व निरीक्षक बिन्नी,रामनरेश द्वारा भूमाफियाओं के साथ-सांठ गांठ कर अनुसूचित जाति के कृषकों को डरा धमका कर पटवारी द्वारा अवैधानिक रूप से भूमि स्वामी की प्रविष्टि दर्ज कर अहस्तांतरणीय प्रविष्टि को विलोपित कर अपने चहते सगे संबंधियों रिश्तेदारों एवं भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फर्जी बटांकन कर नियम विरुद्ध जिलाधीश की पूर्व अनुज्ञा के विक्रय पत्र संपादित किए गए हैं,उन्हें निरस्त किया जाए।

**इनका हुआ विक्रय पत्र संपादित-**

अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष रवि मोहने द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पटवारी शुभम रघुवंशी,आर आई बिन्नी, रामनरेश द्वारा भमरू पुत्र धन्ना ने शासकीय पट्टे की भूमि सर्वे नंबर 26/3 में से 60360 की भूमि पटवारी द्वारा अपनी सासू मां श्रीमती गोमती बाई पत्नी यशपाल सिंह रघुवंशी निवासी अशोकनगर को दिनांक 2 फरवरी 2024 को ई-पंजीयक क्र. एमपी 471192024 ए 1137676 को बिना जिलाधीश के अनुमति के फर्जी रजिस्ट्री करा दी गई जबकि वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त उक्त व्यक्ति देवेंद्र पुत्र जमुनालाल,अमरू पुत्र धन्ना संतोष पुत्र उधम भरोसी लाल पुत्र प्रभु लाल वर्तमान में मकान बनाकर निवासरत हैं।

### इनका कहना है....

पटवारी शुभम रघुवंशी,आर आई बिन्नी,रामनरेश द्वारा भमरू पुत्र धन्ना की शासकीय पट्टे की भूमि सर्वे नंबर 26/3 में से 60360 की भूमि पटवारी द्वारा अपनी सासू मां श्रीमती गोमती बाई पत्नी यशपाल सिंह रघुवंशी निवासी अशोकनगर को रजिस्ट्री करवा दी। जबकि वर्तमान में उस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास बने हुए है। इस संबंध में 7 माह पूर्व कलेक्टर को शिकायत की गई थी, जिसकी प्रति विधायक को दी थी, विधायक हरी बाबू राय द्वारा भी दस्तावेजों के साथ मेरा शिकायती आवेदन भी कलेक्टर को दिया था, लेकिन अभी तक न तो कोई जांच और न ही कोई कार्रवाई हुई।

**रविंद्र कुमार (रवि मोहने),**
**जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ जिला अशोकनगर।**

शाढौरा नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष रवि मोहने शाढ़ौरा की शासकीय पट्टे की भूमि की शिकायत लेकर मेरे पास आए थे, जो शायद उनके परिवार या संबंधितो की शासकीय पट्टे की भूमि थी,जिसमें शासकीय पट्टे की भूमि की कलेक्टर की अनुमति के बगैर खरीद बिक्री की शिकायत लेकर मेरे पास आए थे,मैंने कवरिंग लेटर लगाकर उक्त शिकायत कलेक्टर को दी थी, कलेक्टर ने आश्वासन दिया था कि कमेटी बनाकर इसकी जांच कराएंगे और दोषियों कार्रवाई करेंगे, इसके बाद क्या हुआ मुझे पता नहीं।

**इंजीनियर हरी बाबू राय,**
**विधायक अशोक नगर।**

# प्रयागराज कुंभ के बाद फ्रांस का 11 सदस्यीय दल चंदेरी में



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अशोकनगर। कोरोना काल से बंद हुए विदेशी पर्यट्क धीरे धीरे अब चंदेरी की और रुख़ कर रहे हैं हाल ही में प्रयागराज कुभ में आए कई पर्यटक देशके पर्यटन स्थलों का भी रुख़ कर रहे हैं। और प्रयागराज में धार्मिक मेले शाही स्नान के आनंद के साथ - साथ,भारत के पर्यटक स्थल,धार्मिक स्थलों के भी दर्शन कर रहे हैं, चंदेरी के टूरिस्ट गाइड कल्ले भाई ने बताया, बीस साल से चंदेरी आ रहे फ़्रांस के इगोर ने एक बार फिर कोरोना के बाद चंदेरी का रुख़ किया है, वो बहुत खुश थे विदेशी पर्यटकों ने एकबार फिर चंदेरी आना शुरू किया है । इगोर , और उनके सहयोगी लद्दाख के दोरजी के साथ 11 सदस्यीय दल अनियस, क्रिस्टेल, ओडिल्य, कोगिन, मरिजोज़े, झोंपल, डेनियल, द्वनी,मागाली, ज़ेगोम चंदेरी भ्रमण किया उन्होंने चंदेरी कीर्ति दुर्ग से पैदल चलकर खूनी दरवाज़ा , नरसिंह मंदिर, जौहर स्मारक, बैजू बाबरा की समाधि, बादल महल , जामा मस्जिद,कटी घाटी, रामनगर महल , कौशक महल , श्री जागेश्वरी देवी मंदिर, राजा रानी महल, सदर बाज़ार आदि का भ्रमण किया।

# सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने पर अधिकारी सम्मानित

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाईन के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अधिकारियो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के तहत अपर कलेक्टर श्री मुकेश कुमार शर्मा,एसडीएम अशोकनगर श्रीमती शुभ्रता त्रिपाठी,एसडीएम चंदेरी सुश्री रचना शर्मा,डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष धनगर , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर श्री शैलेन्द्र शर्मा,चंदेरी गौरीशंकर राजपूत,मुंगावली तथा ईसागढ़ श्री आलोक प्रताप इटोरिया तथा सहायक संचालक पिछडा वर्ग श्री शिवप्रताप सिंह रघुवंशी को सम्मानित किया गया।



### सीहोर के संगीत सम्राट को संगीतमय श्रद्धांजलि, श्मशान क्षेत्र में भी गूंजे संगीत के सुर

**सीहोर।** सीहोर के ख्यातिप्राप्त संगीत शिक्षकवासुदेव मिश्रा का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री मिश्रा का अंतिम संस्कार बुधवार को छावनी स्थित विश्राम घाट में हुआ। खासबात यह है कि श्री मिश्रा की अंतिम विदाई बेला में उनके सैकड़ों शिष्यों ने अंतिम संस्कार में इकटठा हो कर, सुर और संगीतमय विदाई श्री स्व श्री मिश्रा संगीत की विधा में एक जाना पहचाना नाम थे और उनके निर्देशन में एक संगीत महाविद्यालय भी संचालित हो रहा है। इस महाविद्यालय में संगीत की शिक्षा लेने वाले उनके सैकड़ों शिष्य देश और विदेशों में नौकरियों में तो कोई निजी तौर पर इस क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं।

**सुर और संगीत लहरियों में अंतिम संस्कार**

प्रसिद्ध संगीत शिक्षक वासुदेव मिश्रा सीहोर की अवधपुरी कालोनी में निवासरत थे। यहीं से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। इसमें उनके सैकड़ों संगीत शिष्यों ने अपने गुरु को अंतिम विदाई भी संगीत के साथ दी। जिस वाहन में उनकी अंतिम यात्रा निकाली जा रही थी। उसमें अपने हाथों में विभिन्न वाद्ययंत्र थामे उनके शिष्य सुरमय प्रस्तुतियां दे रहे थे।

# मोतनबाई अ.जा.के पेर काटकर चाँदी के कड़े लूटने वाले हत्यारों को दिग्विजय सिंह ने फास्ट ट्रेक कोर्ट में मुख्यमंत्री से की फांसी दिये जाने की मांग

सत्ता सुधार ■ सीहोर

सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा संसद सदस्य राज्यसभा को विगत् दिवस ज्ञापन सौंपकर मोतनबाई अ.जा.के पेर काटकर चाँदी के कड़े लूटने वाले हत्यारों को फास्ट ट्रेक कोर्ट में फांसी दिलाये जाने की मांग की थी। दिग्विजय सिंह द्वारा ज्ञापन को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पत्र लिखकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से फास्ट ट्रेक कोर्ट में हत्यारों को फांसी दिलाये जाने का अनुरोध किया है। श्री खंगराले ने बताया कि ग्राम गुराडिया रूपचंद तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र.की अ.जा.महिला श्रीमती मोतन बाई जांगड़ा पति हमीर सिंह जांगड़ा 75 वर्ष की दिनांक 8 नवम्बर 2024 को ग्राम के हत्यारे सादिक उफज् अंजुम पिता सरीफ, विजय मेवाड़ा पिता पृथ्वी सिंह मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा पिता प्रहलाद सिंह मेवाड़ा सहयोगी साथी मीरपुरा अलीपुर निवासी जितेन्द्र सिंघन पिता मुकेश सिंघन चारों ने मृतका का गला दबाकर उनकी निर्मम हत्या करते हुए दोनों पेर कुल्हाड़ी से काटकर चाँदी के कड़े लेकर फरार हो गये थे, जिसे पुलिस महानिरीक्षक भोपाल जॉन देहात, सीहोर जिले पुलिस कप्तान दीपक शुक्ला, एसडीओपी आष्टा, आकाश अमलकर, सीएसपी निरंजन राजपूत, पूजा शमाज्, टीआई रविन्द्र यादव, थाना प्रभारी आष्टा आदि के सफल प्रयासों हत्यारों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रशासन बधाई का पात्र है।

# वेयर हाउस संचालकों ने दी प्रशासन को बड़ी चेतावनी

# किराया नहीं मिला तो उपार्जन के लिए नहीं देंगे गोदाम

सत्ता सुधार ■ सीहोर

गेंहू उपार्जन में इस वर्ष प्रशासन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकी वेयर हाउस संचालकों ने बकाया किराया नहीं मिलने पर गेंहु भंडारण के लिए गोदाम उपलब्ध कराने से साफ इंकार कर दिया है। प्रशासन अगर मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरशन से निजी वेयर हाउस संचालकों को तीन वर्षो से बकाया करोड़ों रूपये का किराया दिला पाने में असफल रहा तो इस का खामियाजा लाखों किसानों को भी भुगतना पड़ सकता है। गुरूवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसोसिशन ऑफ वेयर हाउस ऑनर्स मध्य प्रदेश के आहवान पर जिले के वेयर हाउस संचालकों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर प्रवीण सिंह को दिया है। शासन के निर्देश पर प्रशासन के द्वारा 2016-17 में प्याज का भंडारण भी किया था जिसका किराया अभी तक नहीं मिला है इसी प्रकार धान का किराया भी बीते 3 वर्षो से लम्वित है गेंहू, मूंग, चना, चावल सभी स्कंधों का किराया भी कई वर्षो से नहीं मिला हैं। जिस के चलते वेयर हाउस संचालक बैंको का ऋण नहीं चुकाने के कारण डिफाल्टर हो गए है। हालात ऐसे की गोदाम नीलामी की कगार पर आ गए हैं। वेयर हाउस संचालक कमज़्चारियों को वेतन नहीं दे पा रहे है। पैसा नहीं होने से अनाज का किटोपचार भी नहीं हो पा रहा है जिस कारण अनाज भी खराब हो रहे हैं जिस से सरकार और संचालकों को काफी हानि हो सकती है।




### ऋण लेकर गोदामों का निर्माण

वेयर हाउस संचालकों ने बताया की भारत सरकार की ग्रामीण भंडारण योजना के तहत बैंकों से करोड़ रूपये का ऋण लेकर गोदामों का निर्माण किया गया है। इन सभी वेयर हाउस को मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉर्पोरशन को उपलब्ध कराकर गेंहू, धान, मूंग, चावल, चना, सरसों एवं अन्य सभी प्रकार के शासकीय खरीदी के स्कंधों का भंडारण करने में वर्षो से वेयर हाउस संचालक सहयोग कर रहे हैं। इस के बावजूद विगत कई वर्षो से सरकार द्वारा भंडारित सभी स्कंद्धों का किराया वेयर हाउस संचालकों को नहीं मिल रहा है।

**ज्ञापन देने वालों में शामिल रहे-** मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने वालों में अनारसिंह ठाकुर, नारायणसिंह मुकाती, प्रदीप राठौर,अर्जुन सोनी,धरमसिंह पटेल, परवेज बैग,महेन्द्र वर्मा,बंटी जायसवाल,अमन अली,संजय सोनी,प्रेमकुमार राय मामा,मुकेश बडज़ात्या,परवेज अली,जितेन्द्र धारीवाल, राजेश यनवट, देवकरण राठौर,रविन्द्र झाला,सूयज़्प्रकाश परमार,कमलेश मेवाड़ा,दर्शन पटेल, प्रदीप पाटीदार, रामानंद पाटीदार,भूपेन्द्रसिंह ठाकुर,सत्येन्द्रसिंह परिहार, तेजसिंह ठाकुर, विजय पाटीदार आदि शामिल रहे।

### जिले में मौजूद वेयर हाउस

जिले में बालाजी वेयर हाउस,राधे वेयर हाउस,अन्नपूर्ण वेयर हाउस, जय मां वैष्णवी वेयर हाउस, रामानंद वेयर हाउस, गणेश वेयर हाउस, सुदामा वेयर हाउस, सीताराम वेयर हाउस, ओम सांई वेयर हाउस, शिवाय वेयर हाउस, जमना वेयर हाउस, जानकी वेयर हाउस, महाअंबे वेयर हाउस, संकल्प वेयर हाउस, हरसिंद्धी वेयर हाउस, ओम वेयर हाउस सहित अन्य वेयर हाउस मौजूद है।

## धर्मलाभ
## हमारा परिवार सीमित नहीं होता पूरा विश्व हमारा परिवार है..

# पूरी दुनिया में केवल भारत में ही है, हम सर्वे भवन्तु सुखिनःकी कामना करते हैंः पुरोहित

सत्ता सुधार ■ सीहोर

संत परंपरा पूरी दुनिया में केवल भारत में ही है, हम सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते हैं कि सब सुखी हों पूरा विश्व अपना परिवार है। यह सिर्फ सनातन धमज् में है और सनातन धर्म को मानने वाले अधिकतम भारत में ही हैं। हमारा परिवार सीमित नहीं होता पूरा विश्व हमारा परिवार है, जब उस व्यक्ति के मन में पूरे विश्व के प्रति सद्भावना जागृत होती हैं और वह जनसेवा की दृष्टि से आगे बढ़ता है, तब जीवन में वह संन्यास ग्रहण कर लेता है। उक्त विचार शहर के चाणक्यपुरी स्थित अपने निज निवास बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे। गुरुवार को कुंभ से लाइव प्रेसवार्ता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज ने कहा कि सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महामंडलेश्वर



पंडित अजय पुरोहित को जगदुरु के रूप में अभिषेक का आयोजन प्रयागराज महाकुंभ 2025 में किया गया था। इस मौके पर सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य उदय मिश्रा सहित अनेक नागों संतों और साधुओं के मध्य पंडित श्री पुरोहित का अभिषेक किया गया था। उन्होंने सनातन धर्म को शिखर में पहुंचाने वाले और कथाओं के बल पर जन-जन तक धर्म को पहुंचाने वाले सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित अब जगदगुरु की उपधी प्राप्त कर चुके है। हमारे द्वारा मध्यप्रदेश के गृह विभाग और शासन को पत्राचार कर प्रोटोकाल की जानकारी भेजी गई है। इस मौके पर जगद्गुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहा कि संत एक विचारधारा है, जिसके लिए किसी संप्रदाय में संत के रूप में दीक्षित होने का प्रावधान है। संत बनने के बाद जब वह कुंभ में जाता है तब अखाड़े में उसको महामंडलेश्वर की पदवी दी जाती है, तभी वह मंडल का महामंडलेश्वर बन जाता है। इसी प्रकार उसको जगद्गुरु के रूप में अनेक कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शहर में जगद्गुरु की पदवी हासिल करने के पश्चात आगामी 12 फरवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण की कथा है, वहीं आगामी दिनों में देश के चारों धाम पर भ्रमण की योजना है। उनका संदेश स्पष्ट है कि बच्चों को समय दें नहीं तो वे भविष्य में उस प्यार को वापस नहीं कर पाएंगे जिससे रिश्तों में दूरी आ सकती है।

# परामर्शदाताओं का प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



**अशोकनगर।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा समाज कार्य स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम संचालन हेतु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में परामर्शदाताओं का प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। द्वितीय दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रथम सत्र में सुनील सेन द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम प्रावधान एवं अनुप्रयोग विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत सीएमसीएलडीपी पोर्टल के संचालन सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गई। संभागीय समन्वयक श्री सुशील बरुआ द्वारा पाठ्यक्रम संचालन की मूल गतिविधियां एवं परामर्श दाता की भूमिका विषय पर उदबोधन देते हुए कहा कि जिसके अंदर समाज कल्याण के भाव होते हैं और जो समाज की सेवा करता है वही समाज और राष्ट्र का नेता बन सकता है। सभी प्रतिभागियों के 4 ग्रुप बनाकर विभिन्न विषयों शिक्षा , स्वास्थ्य, विकास की समस्या और मुद्दे, नेतृत्व विकास विषय पर चार्ट बनाकर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों से टेस्ट एवं फीडबैक फॉर्म प्राप्त किया गया। समापन सत्र में सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। आभार प्रदर्शन विकास खण्ड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक द्वारा माना गया।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की करंट लगने से मौत

**इंदौर।** भंवरकुआं क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र उमंग की करंट लगने से मौत हो गई। छात्र इटारसी का निवासी था और छह महीने से इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के अनुसार, रात करीब दो बजे वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि छात्र का नाम उमंग (18) पुत्र उमेश चौधरी है, जो इंद्रपुरी कॉलोनी का रहने वाला था। देर रात उमंग अपने दोस्तों निमित और अन्य के साथ लाइब्रेरी से अपने कमरे की तरफ लौट रहा था। इसके बाद उसके दोस्त अपने-अपने रूम में सोने चले गए। तभी अचानक बालकनी से धमाके की आवाज आई। जब उसके दोस्त बालकनी की तरफ पहुंचे तो देखा कि उमंग गिरा हुआ था और उसे करंट लगने से उसकी जान चली गई। उमंग के परिवार के मुताबिक, वह इटारसी का रहने वाला था और पिछले छह महीने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए इंदौर आया था। उमंग का एक छोटा भाई और उसके माता-पिता हैं, जो सुबह इंदौर पहुंच गए। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वे यह पता लगाने में जुटी हैं कि हादसा कैसे हुआ।

### रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण से कुलियों की चिंता दूर



**इंदौर।** इंदौर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण को लेकर कुलियों में व्याप्त चिंता को दूर करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने बड़ा आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन के पुनर्निर्माण के दौरान कुली भाइयों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। कुलियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद लालवानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। उनकी मुख्य चिंता थी कि जब ट्रेनों का संचालन लक्ष्मीबाई नगर और महू से होगा, तो उनकी आजीविका प्रभावित होगी। साथ ही ई-रिक्शा की सुविधा से भी उनके काम में कमी आई है। सांसद ने आश्वस्त किया कि वे उच्च स्तर पर प्रयास करेंगे कि इंदौर के कुली लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर काम कर सकें, जहां फिलहाल कोई कुली नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ई-रिक्शा सेवा का उपयोग केवल गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और विकलांग यात्रियों के लिए ही प्रचारित किया जाएगा। लालवानी ने कुलियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्टेशन के पुनर्निर्माण के बाद यहां से और अधिक ट्रेनें संचालित होंगी।

### नशे में कार चालक ने चार गाड़ियों को रौंदा, तीन युवक पकड़ाए



**इंदौर।** सदर बाजार इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर खड़ी चार गाड़ियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद कार फुटपाथ पर चढ़कर एक दुकान और एटीएम में जा घुसी। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकल आए। कार में सवार पांच में से दो युवक मौके से भाग गए, जबकि तीन को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

---

**बैठक में मंत्री विजयवर्गीय, सिलावट, सभी विधायक, महापौर और अफसर रहेंगे मौजूद**

# शहर की 37 प्रमुख सड़कों के निर्माण पर 800 करोड़ रुपए होंगे खर्च

### बाधाओं को दूर करने में भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

नगर निगम द्वारा शहर की 37 महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 23 सड़कों के चार पैकेजों में टेंडर भी मंजूर कर दिए हैं, जिसमें से अभी पहले चरण में 8 सड़कों का निर्माण शुरू किया जा रहा है। वहीं 14 अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के लिए भी 400 करोड़ रुपए की राशि केन्द्र सरकार से मांगी है। इन सभी 37 प्रमुख सड़कों का आज विस्तृत प्रजेंटेशन जनप्रतिनिधि और अफसरों की बैठक में एआईसीटीएसएल मुख्यालय में दिया जाएगा। इसमें विभागीय मंत्री कैलाश




विजयवर्गीय के साथ दूसरे काबिना मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौजूद रहेंगे और महापौर के अलावा सांसद और सभी विधायक, कलेक्टर, निगमायुक्त सहित सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी विधायकों को बताया जाएगा कि उनके क्षेत्र में कौन-कौन सी मास्टर प्लान की सड़कें निर्मित की जा रही है और उनमें आने वाली बाधाओं को दूर करवाने में भी उनका सहयोग लिया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर इंदौर के विकास से जुड़ी यह बैठक आयोजित की गई है, जिसमें मुख्य रूप से सड़कों के निर्माण पर विधानसभावार चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि साढ़े 400 करोड़ रुपए की राशि केन्द्र सरकार ने राज्यों की विशेष सहायता अनुदान योजना के तहत इंदौर निगम को दी है और पिछले दिनों साढ़े 300 करोड़ रुपए से अधिक के टेंडर भी निगम ने 23 सड़कों के मंजूर किए हैं। निगम के जनकार्य समिति प्रभारी राजेन्द्र राठौर के मुताबिक इनमें से 8 सड़कों का निर्माण अभी शुरू किया जा रहा है और इन सभी सड़कों में आने वाली बाधाएं, अवैध निर्माण, अतिक्रमण भी चिन्हित कर लिए हैं, जो लगभग एक हजार तक हैं। बाधाओं को दूर करने में भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा।

इन चार पैकेजों के अलावा पिछले दिनों महापौर परिषद् में प्रस्ताव कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को 14 अन्य सड़कों को मंजूर करने का पत्र भी भिजवाया है, ताकि केन्द्र सरकार से इन सड़कों के लिए भी निगम को वित्तीय सहायता मिल सके। इन 14 सड़कों के लिए लगभग 400 करोड़ रुपए की राशि मांगी गई है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे और ये सभी सड़कें जब बन जाएंगी तो शहर के यातायात को सुगम किया जा सकेगा। बैठक में विधानसभावार इन सड़कों के निर्माण से जुड़ा प्रजेंटेशन दिया जाएगा, ताकि विधायकों को यह पता लग सके कि उनके क्षेत्र में कौन-कौन-सी सड़क, कहां से कहां तक और कितनी चौड़ी निर्मित की जा रही है। सांवेर विधानसभा में एमआर-10 से एमआर-12 को जोड़ने वाली लिंक रोड के अलावा एडवांस एकेडमी से रिंग रोड तक तो सड़कों का निर्माण इसमें किया जा रहा है, तो राऊ में भी बायपास पर स्थित होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक और आरई-2 भूरी टेकरी से नए आरटीओ तक सड़क निर्मित होगी। इसी तरह विधानसभा-1 में 6 सड़कों को मंजूरी मिली है, तो अन्य विधानसभाओं में भी सड़कों को मंजूरी मिली।

---

# चार राज्यों के मुख्यमंत्री महू आएंगे, इंदौर से कार से जाएंगे

**प्रदेश प्रभारी ने इंदौर आकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

### कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सदाशिव यादव ने बताया कि यह चारों मुख्यमंत्री विमान द्वारा इंदौर विमानतल पर पहुंचेंगे

सत्ता सुधार ■ इंदौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 27 जनवरी को बाबा साहब आंबेडकर के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कांग्रेस शासित चार राज्यों के मुख्यमंत्री आएंगे।

ये सभी मुख्यमंत्री विमान द्वारा इंदौर पहुंचेंगे और यहां से कार से ही महू तक जाकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाले अतिथियों की सूची बनना शुरू हो गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के साथ ही कांग्रेस कार्यसमिति के सभी सदस्य भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस द्वारा



अपने सभी सांसदों और विभिन्न राज्यों के विधायकों को भी इस कार्यक्रम में आने के लिए कहा गया है। देश में केवल चार राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस के मुख्यमंत्री हैं। इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी को प्राप्त हुई सूचना के अनुसार 27 जनवरी को महू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड, मेघालय, कर्नाटक और तेलंगाना के मुख्यमंत्री आ रहे हैं। इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सदाशिव यादव ने बताया कि यह चारों मुख्यमंत्री विमान द्वारा इंदौर विमानतल पर पहुंचेंगे। विमानतल से ये अलग-अलग कारों के माध्यम से महू में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। ये सभी मुख्यमंत्री अपने-अपने राज्य से अलग-अलग ही आएंगे। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों के आगमन का विस्तृत दौरा कार्यक्रम अभी प्राप्त होना शेष है।

### प्रभारी संजय दत्त ने महू में सभा स्थल का दौरा किया

महू में होने वाले कार्यक्रम का जायजा लेने के लिए कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त ने महू में सभा स्थल का दौरा किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कार्यकर्ताओं को निर्देश भी दिए।

### कार्यक्रम के लिए अनुमति मांगी

कांग्रेस द्वारा 27 जनवरी को आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जो दो हेलीपैड बनाए जा रहे हैं उनके लिए अलग से अनुमति ली जाना है। नियम के अनुसार यह अनुमति इंदौर के एडीएम द्वारा दी जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज एडीएम कार्यालय में इस अनुमति के लिए आवेदन लगा दिया जाएगा। इसके साथ ही सभा की अनुमति के लिए एसडीएम महू के कार्यालय में आवेदन दिया जाएगा।

---

## 26 जनवरी को लेकर एयरपोर्ट पर अलर्ट, कड़े सुरक्षा इंतजाम लागू

**हर व्यक्ति और वाहन की हो रही जांच**



फाईल फोटो

सत्ता सुधार ■ इंदौर

26 जनवरी को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर विशेष अलर्ट जारी किया गया है। हर बार की तरह होने वाले इस अलर्ट में एयरपोर्ट की सुरक्षा को पुख्ता कर दिया गया है। इस दौरान यहां आने-जाने वाले हर व्यक्ति और वाहन की जांच भी की जा रही है। इसके साथ ही विजिटर्स पास पर भी रोक लगा दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इंदौर एयरपोर्ट देश के प्रमुख संवेदनशील एयरपोर्ट की सूची में शामिल है। 26 जनवरी और 15 अगस्त जैसे मौकों पर यहां किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पहले से कड़े सुरक्षा इंतजाम लागू करते हुए अलर्ट जारी किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि इस अलर्ट के दौरान विमान परिसर में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति और वाहन की विशेष जांच की जा रही है। बिना वजह किसी को परिसर में प्रवेश तक नहीं दिया जा रहा है।

एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात करने के साथ ही कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस दौरान एयरपोर्ट टर्मिनल में यात्रियों और स्टाफ के अलावा किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा विजिटर्स पास जारी करना बंद कर दिया गया है। साथ ही तीन स्तरीय सुरक्षा जांच भी लागू कर दी गई है। इसके तहत टर्मिनल गेट पर प्रवेश के समय, सिक्योरिटी होल्ड एरिया में और विमान में बोर्डिंग से पहले जांच की जा रही है। एयरपोर्ट के सभी विभागों और एयरलाइंस को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी असामान्य चीज नजर आने पर तुरंत सूचना दें। यह व्यवस्था 26 जनवरी के बाद भी एक-दो दिनों तक जारी रहेगी।

---

## प्राधिकरण को मुआवजे के बदले शासन ने दी 225 एकड़ जमीन

### संभागायुक्त ने टीपीएस योजनाओं का भी किया दौरा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

सुपर कॉरिडोर पर कुछ वर्ष पूर्व दो आईटी कम्पनियों टीसीएस और इन्फोसिस को 230 एकड़ जमीन प्राधिकरण से लेकर शासन ने आबंटित की थी और इनके बदले नकद मुआवजा तो प्राधिकरण को नहीं मिला, बल्कि शासन ने 95 हेक्टेयर यानी 225 एकड़ छोटा बांगड़दा और नैनोद की सरकारी जमीन राजस्व विभाग से आबंटित करवा दी, जो कि प्राधिकरण की योजना 172 में शामिल की गई। इस पर 10 हजार की क्षमता वाला विशाल कन्वेंशन सेंटर निर्मित होना है। मगर वन विभाग इस जमीन को अपनी बताता रहा है और कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं। जबकि आला अफसरों के बीच भी इस मामले में बैठकें हो चुकी हैं। संभागायुक्त और प्राधिकरण अध्यक्ष दीपक सिंह ने कल इस विषय के साथ-साथ सुपर कॉरिडोर और अहिल्या पथ पर घोषित टीपीएस योजनाओं का दौरा भी किया। संभागायुक्त ने विकास कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभागायुक्त ने प्रस्तावित कन्वेंशन सेंटर के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इंदौर विकास प्राधिकरण के सुपर कॉरिडोर और उसके आसपास की योजनाओं के क्षेत्र का भी निरीक्षण



किया। निरीक्षण में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीराम प्रकाश अहिरवार के द्वारा सुपर कॉरिडोर पर किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने टीपीएस 10 योजना की प्रगति के बारे में भी अवगत कराया। संभागायुक्त श्री सिंह ने सुपर कॉरिडोर की मिसिंग लिंक के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित जमीन मालिकों को बुलाकर चर्चा करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। दूसरी तरफ प्राधिकरण एक तरह से अपनी करोड़ों रुपए की जमीन शासन को देकर ठगा गया, जो टीसीएस और इन्फोसिस को दी गई है। हालांकि कुछ समय पूर्व इन्फोसिस को दी गई 130 एकड़ जमीन में से शासन ने 50 एकड़ वापस भी ले ली। मगर उसे प्राधिकरण को नहीं दिया और इसके बदले छोटा बांगड़दा और नैनोद की सरकारी जमीन आबंटित कर दी, जिस पर वन विभाग अपना स्वामित्व जताता रहा है। खसरा नम्बर 322 और 334 की यह जमीन राजस्व विभाग ने आबंटित की और तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह ने भी इन जमीनों को लेकर जो विस्तृत आदेश जारी किया था उसमें नैनोद की जमीन सर्वे नम्बर 322 और 334 को राजस्व विभाग की ही बताया और अधिसूचित रक्षित वन की श्रेणी में इन जमीनों को नहीं माना।

---

## कैबिनेट बैठक के लिए महेश्वर तैयार मंत्रियों को मिलेगा मालवा निमाड़ के व्यंजन

सत्ता सुधार ■ इंदौर

महेश्वर में मुख्यमंत्री व मंत्री चार घंटे तक रुकेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से भोपाल रवाना हो जाएंगे। परिसर के समीप एक हेलीपेड भी बनाय गया है। पहली बार निमाड़ में आने वाले महेश्वर में यह बैठक हो रही है। शुक्रवार को पर्यटन नगरी महेश्वर में होने वाली मंत्रीमंडल बैठक के लिए तैयारियां जोरों पर है। नर्मदा रिट्रीट कैम्पस में एक बड़ा डोम तैयार किया गया है। बैठक में शामिल मंत्रियों को मालवी और निमाड़ी व्यंजन परोसे जाएंगे। दाल बाफले, चूरमा लड्डू, दाल पानिए, बेसन गट्टे की सब्जी सहित अन्य व्यंजन परोसे जाएंगे। माना जा रहा है कि कैबिनेट बैठक में धार्मिक नगरी में शराब बिक्री पर प्रतिबंध के फैसले को मंजूरी दी जाएगी। लोकमाता अहिल्या बाई होलकर का 300वां जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस मौके पर महेश्वर में मुख्यमंत्री मोहन



यादव ने कैबिनेट बैठक करने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री व अन्य मंत्री सुबह साढ़े दस बजे महेश्वर पहुंच जाएंगे। पहले अहिल्या प्रतिमा का पूजन होगा, फिर यहां मंत्रियों का सामूहिक फोटो सेशन होगा। दोपहर 12 बजे बैठक शुरू होगी। इसमें प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। जिस परिसर में बैठक होगी। उसे मालवी निमाड़ी अंदाज में सजाया गया है। दीवारों पर मांडने व संझा सजाए गए है। इसके अलावा रंग-बिरंगी वंदनदार भी सजाई गई है। परिसर के मुख्य गेट पर महेश्वर किले की प्रतिकृति बनाई गई है। महेश्वर में मुख्यमंत्री व मंत्री चार घंटे तक रुकेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से भोपाल रवाना हो जाएंगे। परिसर के समीप एक हेलीपेड भी बनाय गया है। पहली बार निमाड़ में आने वाले महेश्वर में यह बैठक हो रही है। इससे पहले हनुवंतिया में भी कैबिनेट बैठक हो चुकी है।

---

**सुविधा** | **इंदौर एयरपोर्ट से वर्तमान में 86 उड़ानें प्रतिदिन संचालित हो रही हैं**

# समर सीजन में इंदौर से सीधे जुड़ सकते हैं भुवनेश्वर और जेवर एयरपोर्ट

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर से लगातार कई शहरों के लिए सीधी उड़ान की सुविधा शुरू हो रही है। दो माह बाद शुरू होने वाले समर सीजन में इंदौर से भुवनेश्वर और नोएडा के जेवर एयरपोर्ट के लिए सीधी उड़ाने शुरू हो सकती है। विमान कंपनियों ने इसके लिए इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन से संपर्क किया है। इससे इंदौर और आसपास के शहरों से ओडिशा और नोएडा जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा और उनके समय की बचत भी होगी। हालांकि अभी शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन विमान कंपनियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से वर्तमान में करी 86 उड़ानें प्रतिदिन संचालित हो रही हैं। मार्च से शुरू होने वाले




समर सीजन के लिए विमान कंपनियों ने उड़ानों का नया शेड्यूल बनाना शुरू कर दिया है। इंदौर से देश के कुछ एयरपोर्ट तक सीधी उड़ान सेवाएं शुरू होगी। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि ओडिशा के लिए इंदौर से सीधी कनेक्टिविटी नहीं है। यहां पर्यटन, धार्मिक यात्रा के साथ ही बिजनेस के लिए बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। ऐसे में सीधी कनेक्टिविटी से लोगों को बड़ा फायदा होगा। इंदौर से भुवनेश्वर के लिए सीधी उड़ान शुरू होने से जगन्नाथपुरी जाने वाले श्रृद्धालुओं को बड़ा फायदा होगा। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों की पहुंच आसान होगी। सीधी उड़ान से भुवनेश्वर जाने के बाद बस या ट्रेन से यात्रा कर महज डेढ़ घंटे में पूरी पहुंचा जा सकेगा। इससे इंदौर और आसपास के लाखों श्रृद्धालुओं की राह आसान होगी। अभी इंदौर से संचालित होने वाली साप्ताहिक ट्रेन से यात्रियों को जाना पड़ता है। यह ट्रेन 28 घंटे में पूरी पहुंचाती है।

### नोयडा की कनेक्टिविटी होगी सुगम

दिल्ली एनसीआर के पास उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर नोएडा में बनाए गए जेवर एयरपोर्ट के लिए इंदौर से सीधी उड़ान की सुविधा भी आने वाले माह में मिलेगी। इसके लिए इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन से विमान कंपनियों ने संपर्क किया है। इसको देखते हुए समर सीजन में इंदौर से जेवर एयरपोर्ट के लिए सीधी उड़ान शुरू हो सकती है। इससे नोएडा और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र तक यात्रियों की पहुंच आसान हो जाएगी।

---

## किसानों के लिए गेहूं खरीदी की प्रक्रिया पहले से सरल



इंदौर। मध्य प्रदेश में रबी सीजन की गेहूं खरीदी के लिए 20 जनवरी से पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन प्रक्रिया को पहले से अधिक सरल बनाया गया है। किसानों को अब लंबी कतारों में खड़े होकर पंजीयन कराने की परेशानी नहीं होगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू के अनुसार, किसान निःशुल्क पंजीयन के लिए ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियां, सहकारी विपणन संस्थाओं के पंजीयन केंद्र या एमपी किसान ऐप का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और साइबर कैफे में भी अधिकतम 50 रुपए के शुल्क पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।

## ब्रीफ न्यूज

### गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल आज

**मुरैना।** गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल आज 24 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउण्ड मुरैना पर प्रातः 09 बजे की जायेगी। फाइनल रिहर्सल में कलेक्टर अंकित अस्थाना व पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। फाइनल रिहर्सल के दौरान गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिस विभाग को जो जिम्मेदारी दी गई है, वे विभाग पूर्ण तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे।

### भारत पर्व का कार्यक्रम टाउनहॉल मुरैना में होगा

**मुरैना।** स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का ''लोक उत्सव'' प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ मुरैना जिले के टाउनहॉल में सायं 06 बजे से होगा। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने भारत पर्व के कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले को नियुक्त किया है। भारत पर्व के कार्यक्रम में 08 सदस्यीय बुंदेली लोक गीत छतरपुर निवासी राम सिंह राय और 15 सदस्यीय बधाई लोक नृत्य सागर लखन रजक द्वारा मनोहारी प्रस्तुति दी जायेगी।

### आज 06 विकासखण्डों के 10 स्थानों पर लगेंगे शिविर

**मुरैना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आज 24 जनवरी को 06 विकासखण्डों के 10 स्थानों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिनमें सबलगढ़ विकासखण्ड के ग्राम अन्धोरा, कैलारस विकासखण्ड के ग्राम ठाठीपुरा, बाल्हेरा जागीर, पहाडगढ़ विकासखण्ड के ग्राम छिनवरा, कोटरा, जौरा विकासखण्ड के ग्राम भैंसरोली, मुरैना विकासखण्ड के ग्राम हुसैनपुर, नायकपुरा, रिठौराखुर्द और पोरसा विकासखण्ड के ग्राम रछेड़ में आज 24 जनवरी को ''मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'' के तहत शिविर लगाए जायेंगे। इन शिविरों के लिये नोडल अधिकारी निर्धारित कर दिये गये हैं।

### आज विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी

**मुरैना।** विद्युत मंडल के प्रबंधक ने बताया है कि 11 केव्ही फीडर पर सिमेचेल इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी एवं मेन्टेनेंश कार्य किये जाने के कारण 24 जनवरी को पूर्वान्ह 11 से सायं 05 बजे तक विद्युत सप्लाई अवरूद्ध रहेगी। प्रबंधक ने बताया कि इस दिन मॉडल स्कूल, नाला नंबर 02, नाऊपुरा, कब्रिस्तान रोड़, आयशा मस्जिद, हीरामन मंदिर वाला क्षेत्र एवं नेकाड़ी डीपी वाला संबंधित क्षेत्रों की विद्युत अवरूद्ध रहेगी।

### गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों पर की जाएगी रोशनी

**मुरैना।** प्रदेश में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर 26 जनवरी 2025 को एक दिन रोशनी की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश के समस्त विभाग, विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश जारी किये गये हैं।

---

### जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एएचपीएस मैं निकली विशाल तिरंगा यात्रा

## टाउन हॉल से शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई, केएस चौराहा प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न हुई यात्रा

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के प्रतिष्ठित सीबीएसई एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल द्वारा गणतंत्र दिवस से पूर्व गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पहली बार विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई केएस चौराहे पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ एवं पुष्प वर्षा की गई।

मुरैना शहर में पहली बार सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किसी विद्यालय द्वारा तिरंगा यात्रा का पहला आयोजन है। टाउन हॉल





पर नगर पुलिस अधीक्षक विजय सिंह भदौरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। विशाल तिरंगा यात्रा में आगे डीजे पर देशभक्ति के गाने चल रहे थे, उसके बाद एनसीसी की बच्चियां और उसके पीछे फोर व्हीलर वाहन में सुभाष चंद्र बोस की वेशभूषा में स्कूल का विद्यार्थी चल रहा था, जो सभी के आकर्षण का केंद्र था। स्कूल के बच्चे ढोल बजाते हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसके अलावा एक वाहन में स्कूल के बच्चे सेना की वेशभूषा में चल रहे थे तो दूसरे वाहन में भारत माता तथा तीसरे वाहन में अंग्रेज चल रहे थे। यह यात्रा टाउन हॉल से एमएस रोड, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, गोपीनाथ की पुलिया, गर्ल्स स्कूल रोड वेयरहाउस रोड होती हुई केएस चौराहे पर पहुंची। जहां स्कूल प्रबंधन द्वारा सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सभी बच्चों ने एक स्वर में सुभाष चंद्र बोस अमर रहे के नारे लगाए, इसी के साथ तिरंगा यात्रा समाप्त हो गई। इससे पूर्व तिरंगा यात्रा का शहर के विभिन्न मार्गों पर देशभक्त लोगों द्वारा भव्य स्वागत कर पुष्प वर्षा की गई। विशाल तिरंगा यात्रा को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को संभाल गया और जगह-जगह ट्रैफिक को रोका गया, जिससे यात्रा प्रभावित न हो। तिरंगा यात्रा में स्कूल के डायरेक्टर उमेंद्र अग्रवाल, प्रिंसिपल शाहजी उमजीन, आरती सिंघल, प्रिंस अग्रवाल सहित विद्यालय के समस्त टीचर एवं स्टाफ मौजूद था।

---

# श्रद्धा भक्ति के नाम पर ध्वनि प्रदूषण से लोग मानसिक तनाव मे

### बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर में एक बार फिर से श्रद्धा भक्ति के नाम पर कई इलाकों में रात दिन ध्वनि प्रदूषण फैला कर लोगों को डिस्टर्ब किया जा रहा है। तमाम लोग इसके कारण मानसिक तनाव में है, तो वहीं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा इस और कोई कार्रवाई न किए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। श्रद्धा भक्ति एवं धर्म के नाम पर रात-रात साउंड लगाकर मोहल्ले वालों का सुकून छीना जा रहा है और लोग चाहकर भी विरोध नहीं कर पा रहे। जब प्रदेश में डॉ मोहन यादव की सरकार बनी तो उनके द्वारा प्रदेश भर में ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटवाए गए थे और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद तत्कालीन थाना सिटी कोतवाली प्रभारी सुनील खेमरिया द्वारा कई लोगों पर ध्वनि प्रदूषण फैलाने के चलते लाउडस्पीकर एवं अन्य सामान जप्त करने तथा मामला दर्ज



करने की कार्रवाई की गई थी। कुछ समय तक ध्वनि प्रदूषण थम गया था और लोग राहत महसूस कर रहे थे, अब एक बार फिर से शहर के कई इलाकों में श्रद्धा भक्ति के नाम पर लोगों द्वारा घरों के बाहर लाउडस्पीकर लगाकर दिन तो दिन रात में भी जमकर शोर मचाया जा रहा है, जिससे दिन भर के थके लोग सोने के लिए जाते हैं तो रात भर सो नहीं पा रहे हैं, वहीं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आगामी फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं आरंभ हो रही है और बच्चे टेंशन में है, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए कोई कारण नहीं उठाए गए हैं।

जिला कलेक्टर को तत्काल परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगनी चाहिए और आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करनी चाहिए, वहीं पुलिस कप्तान को भी चाहिए कि वह थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों को रात्रि में सभी इलाकों में पेट्रोलिंग के दौरान ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर कार्रवाई करवानी चाहिए, जिससे लोग राहत महसूस कर सकें।

### जनपद मुरैना में रोजगार मेला आज

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में मुरैना जनपद कार्यालय में 24 जनवरी, 2025 को सुबह 10 से सायं 05 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले में कई कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिनमें एसआईएस कंपनी, नौकरी फाई, पुखराज हेल्थ केयर और एसआरएफ मालनुपर एवं एलआईसी शामिल है। समस्त कंपनियों में योग्यता के अनुसार 10,000 से लेकर 30,000 रूपये प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति कक्षा 10वीं पास से अधिक की योग्यता रखने वाले एवं 18 से 35 वर्ष तक के युवक, युवतियां रोजगार के लिये अपने दस्तावेज, दो फोटो लेकर शामिल हो सकतीं है।

# नगरीय निकाय ट्रैफिक व्यवस्था सुधारें: कलेक्टर



सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगरीय निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारे, ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इसके लिए एसडीएम के साथ बैठक करें और निकाय क्षेत्र में तहसीलदार के साथ भ्रमण पर निकलें। सड़क पर खड़े हुये वाहन, दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण पर मुहिम चलाई जाए एवं उसका प्रचार-प्रसार किया जाए। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने नगर निगम के अलावा समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ को बैठक ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम सत्येन्द्र धाकरे, पीओ डूडा सुश्री मेघा तिवारी, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री नवनीत शर्मा, समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं सब इंजीनियर उपस्थित थे। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने नगर निगम की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि एम.एस. रोड़ के अलावा अन्य सड़कों पर भी दूधिया रोशनी के बल्ब (स्ट्रीट लाइट) लगाये जायें। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम मुरैना के शेष 23 वार्डो में सीवरेज नेटवर्क का कार्य की योजना 176.12 करोड़ रूपये, डीपीआरएसएलटीसी से स्वीकृत हो चुकी है। कलेक्टर ने अमरसूमा पर बने एमआईजी, एलआइजी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि आवास की बिक्री नहीं हो रही है तो ''आवास मेला'' लगाया जाये, जिसका प्रचार-प्रसार किया जाये। ताकि बड़े-बड़े बिल्डरर्स भाग ले सके। कलेक्टर ने समस्त नगरीय निकायों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में ट्राफिक व्यवस्था सुधारें, आवश्यक हो तो तहसीलदार के साथ भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण की वस्तु उठाकर जब्त करें। इसमें पुलिस का सहयोग लें।

---

# प्रजापति समाज का विवाह सम्मेलन 1 मार्च को, विवाह हेतु पंजीयन आरंभ

सत्ता सुधार ■ मुरैना

प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 1 मार्च 2025 फुलेहरा दौज को आयोजित किया जाएगा, जिसके पंजीयन प्रारंभ कर दिए गए हैं। प्रजापति सभा मुरैना के अध्यक्ष रामऔतार सिंह प्रजापति ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों की शादियां सम्पन्न कराई जाएंगी। इस 19वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर वधु को उपहार स्वरूप एलईडी टीवी, अलमारी, कूलर, सिलाई मशीन, पलंग सहित विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जौरा रोड श्रीजी आईटीआई के



सामने श्री दाऊजी धाम पैलेस में आयोजित इस विवाह सम्मेलन में उन्हीं युवक-युवतियों की शादियां कराई जाएंगी, जो निर्धारित आयु की पात्रता पूरी करेंगे। सम्मेलन के लिए पजीयन का काम चल रहा है, जो आगामी 15 फरवरी तक जारी रहेगा। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस सम्मेलन में वर एवं वधु पक्ष के 50-50 लोगों को शामिल किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष श्री प्रजापति सहित सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश कुमार प्रजापति, ग्रामीण अध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, युवा इकाई के अध्यक्ष ओम कुमार प्रजापति ने समाज बंधुओं से इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सजातीय बंधुओं से अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों की शादियां कराए जाने की अपील की है, ताकि फिजूलखर्ची पर रोक लग सके।

### पराक्रम दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**मुरैना।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी गुरुवार को 2025 को पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकालकर एनएसएस के छात्र-छात्राओं के साथ टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निश्चय मित्र, टीबी जनजागरुकता संबंधी जानकारी दी गई। टीबी हारेगा, देश जीतेगा के नारे के साथ टीबी के लक्षण, जांचे, नि:शुल्क दवाइयों, निश्चय पोषण राशि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी, ट्रैफिक टीआई संतोष भदौरिया, जिला क्षय अधिकारी डॉ नरेंद्र उपाध्याय, एन एस एस प्रभारी, नेहरू युवा केंद्र से दिलीप सुमन, रामविलास, डीपीसी बृजेश सिंह राजपूत, वरिष्ठ लैब सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह नरवरिया, यतेंद्र कुशवाह के अलावा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जागरुकता रैली के साथ हुआ यातायात सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन

**मुरैना।** सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन जिला मुख्यालय पर आयोजित विशाल जागरुकता रैली के साथ हुआ। रैली की शुरुआत यातायात थाना बैरियर चौराह से हुई। जहां टीआई संतोष सिंह भदौरिया ने रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली के दौरान युवा अपने हाथों में यातायात जागरूकता सम्बन्धित बैनर, नारे लिखी हुई तख्तियां तथा पेम्प्लेट्स वितरण करते हुए चल रहे थे। रैली में नेहरू युवा केन्द्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों के अलावा यातायात पुलिस के अधिकारी तथा जवान साथ में चल रहे थे। रैली बिस्मिल संग्रहालय पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां डीएसपी यातायात पुलिस बिन्दु परमार, अशोक शर्मा ने यातायात नियमों का पालन करने को कहा तथा यातायात जागरूकता सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन रामविलास शर्मा ने किया।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की लंबित मांगों सहित 52 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शासकीय सेवकों, निगम मंडल, पेंशनर्स, स्थायी कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की अधोलिखित मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचाने गुरुवार को मुरैना 52 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर प्रतिज्ञा शर्मा को ज्ञापन दिया गया है, जिसमें प्रदेश में रूकी हुई पदोन्नत्ति प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ की जावे।

उक्त ज्ञापन मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस संघ के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह परिहार, एसपी राय कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, पुरुषोत्तम लाल दीक्षित सरंक्षक, जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा दिया गया है। कर्मचारी संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति में सी.पी.सी.टी. में सरलीकरण किए जाने, लिपिक वर्ग की ग्रेड पे पर सुधार करने, प्रदेश में सभी शासकीय सेवकों की



सेवानिवृति आयु एक समान किए जाने, शासकीय सेवकों, पेशनरों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, भृत्य का पद नाम परिवर्तन किया किए जाने, आउट सोर्सेज कर्मियो को नियमित करने, अतिथि शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ नियमित किया जावे। वनकर्मियों को नियमित कर्मचारियों की तरह अधिकार दिये जायें। आशा, ऊषा कार्यकर्ताओं को नियमित किया जावे। शासकीय सेवक के सेवाकाल में हत्या हो जाने पर 25 लाख रूपये देने का प्रावधान किया जावे। शासकीय सेवक के सेवाकाल में हत्या होने पर शहीद का दर्जा दिया जावे। इन सभी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया है।

---

# सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परामर्शदाताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पुरानी जिला पंचायत सभागार मुरैना में किया गया। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुरैना भूपेंद्र कुशवाह, धर्मेन्द्र सिंह सिसोदिया, सतीश सिंह तोमर, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर सक्सेना, शिवराज शर्मा, डॉ. हरेंद्र सिंह तोमर, डॉ. विनायक सिंह तोमर, डॉ. प्रताप शाक्य, डॉ. संदीप सिंह तोमर, अतुल सिंह भदौरिया,



विजय सिंह तोमर सहित जिले के सातों विकासखंड के परामर्शदाता उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. प्रताप शाक्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कहा गया कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये नई शिक्षा नीति की आवश्यकता की बात कही। डॉ. विनायक सिंह तोमर ने सतत विकास के लक्ष्यों को बताते हुए कहा कि ऐसे विकास को बढ़ावा देना, जिससे पर्यावरणीय समस्याएं न्यूनतम हों एवं सामाजिक समरसता का होना अनिवार्य लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यकताओं को पूरा करना। बीडी शर्मा ने परामर्शदाताओं की भूमिका, सीएमसीएलडीपी छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया, वैकल्पिक एवं व्यवसायिक विषयों का चयन, मॉड्यूल्स की जानकारी, सामाजिक प्रयोगशाला से रूप में गांव का चयन आदि जानकारी दी। शिवराज शर्मा ने समाज कार्य की अवधारणा एवं व्यवसायिक समाज कार्यकर्ता की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ.संदीप सिंह तोमर ने विकास की अवधरणा विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके पश्चात मनोज कुलश्रेष्ठ द्वारा व्याखयान, विचार विमर्श एवं ब्रेन स्टार्मिग पर एवं संपर्क कक्षाओं को प्रभावी कैस बनाये, इस पर प्रशिक्षित किया गया।

# गिरीश अवस्थी को संपत्ति विवाद से मिली मुक्ति



सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुरैना। स्वामित्व का अधिकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। मुरैना जिले के जौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सरसेनी के अवस्थी पुरा निवासी गिरीश अवस्थी ने बताया कि हमारा परिवार मजदूरी करके जीवनयापन करता है। परिवार में पत्नी तथा बच्चे हैं। पुस्तैनी आवास को लेकर परिवार में आपसी विवाद की स्थिति बनी हुई थी। प्रशासन द्वारा मुझे पुस्तैनी निवास का स्वामित्व योजना के तहत पट्टा मिल गया है। अब पारिवारिक विवाद समाप्त हो गया है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस अभियान के लिए मैं उनको बहुत धन्यवाद देता हूं।

## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर सिंह ने स्टेडियम में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया

**हरदा।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस जिले में समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम हरदा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता विभाग के मंत्री श्री विश्वास सारंग उपस्थित स्थानीय नेहरू स्टेडियम में तैयारियां लगातार जारी है। गुरूवार को कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने स्टेडियम पहुँचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### 24 घंटे में चोरी की घटना को पदम नगर पुलिस टीम ने अंजाम देकर चोरों को पकड़ा

**खंडवा।** विगत दिनों श्रीनगर कॉलोनी पाश कॉलोनी में पवन अग्रवाल के यहां चोरी हो गई थी, जिसमें नगदी सोना चांदी के जेवरात डायमंड आदि शामिल थे, लाखों रुपए की चोरी की घटना होने से पुलिस प्रशासन मुस्तैद हुआ, पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने इस चोरी की घटना को लेकर सक्रियता दिखाते हुए टीम का गठन किया, पदम नगर थाना प्रभारी प्रवीण आर्य के मार्गदर्शन में पूरे टीम सक्रिय हुई और मात्र 24 घंटे के अंदर इस बड़ी चोरी का पर्दाफाश हुआ चोरों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता अर्जित की, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को श्रीनगर कॉलोनी के क्षेत्रवासी अग्रवाल परिवार पदम नगर थाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन के साथ पूरे थाने की टीम को धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी प्रवीण आर्य को सम्मानित किया, श्रीनगर कॉलोनी के एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील बंसल ने सभी क्षेत्र वासियों की ओर से पुलिस अधीक्षक मनोज राय, थाना प्रभारी प्रवीण आर्य एवं पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर डॉ. सुभाष जैन, नरेश मित्तल, योगेंद्र अग्रवाल, रामस्वरूप बाहेती, श्रीमती प्रतिभा जैन, सुनील बंसल, समाजसेवी सुनील जैन, ओमप्रकाश अग्रवाल, ललित जैन, नितिन अग्रवाल, समित जैन, श्रीमती सोनल जैन एवं पवन अग्रवाल उपस्थित थे।

### विधायक ने 27 जनवरी से होने वाली शिव महापुराण कथा स्थल का भूमि पूजन किया



**खंडवा।** दादाजी की खंडवा नगरी में कुछ वर्ष पूर्व कुछ ही स्थान पर भागवत, राम कथा, शिव पुराण कथा का आयोजन होता था, लेकिन अब कथाएं वार्ड एवं शहर के अनेक स्थानों पर आयोजित हो रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचते हैं, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भागवत कथा के साथ अब शिव महापुराण कथा भी खंडवा में आयोजित हो रही है, मंगलवार को कैलाश नगर में श्री राधारमन मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा स्थल का भूमिपूजन खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा किया गया, इस अवसर पर विधायक कंचन तनवे ने कहा कि, कथावाचन और कथा श्रवण दोनों सौभाग्य की बात है।

# दो बैंक से कर्ज लेकर भूमि बेचने का भंडाफोड़

## के.सी.सी. बनाने की कार्यवाही से खुलेगी पोल

सत्ता सुधार ■ हरदा






जिले के ग्राम पंचायत रहटा कलॉ निवासी फूलवती बाई ने एक जमीन पर दो बैंकों से कार्य लेकर भूमि बेच देने का मामला प्रकाश में आया है। भूमि केता ने जब स्टेट बैंक से केसीसी बनवाने के लिए आवेदन दिया तो के नरा बैंक से कर्ज होने का रिकॉर्ड सामने आया। बैंक आफ इंडिया से पहले कर्ज लिया बाद में केनरा बैंक से भी कर्ज ले लिया तहसीलदार ने राजस्व रिकॉर्ड पर कर्ज चढ़ाया नहीं जिसकी वजह से केनरा बैंक से भी कर्ज ले लिया गया। दिनेश राजपूत, मुकेश राजपूत निवासी सिराली जब थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करने पहुंचे तो पुलिस ने यह कहकर रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया कि यह राजस्व का मामला है। इसकी शिकायत तहसीलदार के यहां करिये। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि 2016 में जमीन पर कर्ज लिया गया था रिकॉर्ड में कर्ज 2024 में दिखा। भूमि का रिकॉर्ड अपडेट कराने में इतना लंबा समय क्यों कैसे लगा इसके पीछे कारण क्या है। इसमें दोषी कौन है। किस पर कार्यवाही होनी चाहिए आदि सवाल खड़े हो रहे हैं।

### भूमि विक्रेता ने छिपायी जानकारी

भूमि विक्रेता फूलवती बाई ने बैंक आफ इंडिया से कर्ज लेने के बाद दोबारा केनरा बैंक से कर्ज ले लिया । राजस्व रिकॉर्ड में बैंक से कर्ज लेने की जानकारी दर्ज की गई होती तो केनरा बैंक से कर्ज लेने में फूलवती बाई को सफलता नहीं मिलती। भूमि बंधक दिखती । राजस्व रिकॉर्ड अपडेट होने में कहीं-न-कहीं लंबी चूक हुई है जो बेहद चिंताजनक है।

केनरा बैंक के प्रबंधक द्वारा भूमि खरीदने वाले दिनेश मुकेश राजपूत को रजिस्ट्री और नामांतरण रद्द करवाने की धमकी दी जा रही है। भूमि बेचने वाले और तहसीलदार द्वारा भूमि का रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से यह धोखाधड़ी हुई है। इसकी जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही करने की मांग जोर पकड़ रही है। भूमि खरीदने वाले दिनेश मुकेश राजपूत ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की दो बैंक से ऋ ण लेने के मामले में उचित कार्यवाही करने की मांग की। किंतु इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जनसुनवाई में शिकायत करने के बाद भी मामले का पटाक्षेप नहीं हो पा रहा है।

**एन.ओ.सी. के बिना कैसे दिया गया कर्ज –** केनरा बैंक ने एन.ओ.सी. के बिना कैसे ऋण दे दिया यह चर्चा का विषय बना हुआ है अब ऋण वसूली की धमकी दी जा रही है। के.सी.सी. बनाने की कार्यवाही नहीं करते इसका पता भी नहीं चल पाता। 2016 में ऋण लेने की कार्यवाही 2024 में रिकॉर्ड में देखने को मिला। बैंक वाले राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी को और अधिकारी कर्मचारी बैंक वाले को दोषी ठहरा रहे हैं। जमीन खरीदने वाले की परेशानी बढ़ गई है भूमि खरीदने के बाद बैंक आफ इंडिया के कर्ज को अदा किया अब केनरा बैंक प्रबंधक द्वारा रजिस्ट्री और भूमि नामांतरण रद्द करने की कार्यवाही करने की धमकी दी जा रही है। जिला कलेक्टर का ध्यान इस और आकृष्ट करते हुए जांच पड़ताल कराकर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है।

### क्या कहते जवाबदार -



आपके द्वारा दो बैंक से कर्ज लेने का मामला संज्ञान में लाया गया है, इसकी जांच-पड़ताल कराकर उचित कार्यवाही की जायेगी ।

**आर.के. झड़बड़े, तहसीलदार, सिराली।**

## इंटरनेट के प्रयोग में सावधानी आवश्यक

# शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह



म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह धर्मेश भट्ट के मार्गदर्शन में शासकीय सरदार पटैल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह एवं आंगनबाड़ी केन्द्र 08 में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विद्यालय में व्यवहार न्यायधीश दिव्या रामटेके, प्राचार्य सुलक्षणा हजारी एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रही। व्यवहार न्यायधीश दिव्या रामटेके ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा मूल अधिकारों का प्रयोग करते समय हर नागरिक को मूल कर्तव्यों को भी ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू होते है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आपके साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के संबंध में उपस्थित बालिकाओं को जानकारी दी गई। साथ ही निर्धारित आयु के पूर्व मोटरयान का प्रयोग अनेक चुनौतियों को जन्म देता है जिसके परिणाम बहुत भयावह होते है।

इसी प्रकार आजकल बच्चे मोबाईल का अंधाधुंध प्रयोग कर रहे है जिससे न सिर्फ मानसिक वरन शारीरिक रूप से भी कमजोर होते है। इसी तारतम्य में आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 08 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड दमोह में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है उक्त शिविर में व्यवहार न्यायाधीश तसलीम निजामी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को शासन द्वारा आमजन के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं, महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों, पीड़ित प्रतिकर योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 एवं 15100 निःशुल्क विधिक सहायता हेल्पलाईन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### सहकारिता चुनाव की आहट के बीच उठाई मतदाता सूची में परिवर्तन ना किए जाने की मांग

**सीहोर ।** मध्यप्रदेश में सहकारिया चुनाव की आहट के बीच सत्ताधारी दल भाजपा द्वारा इन चुनावों में वोटर लिस्ट में बदलाव काने की कोशिश किए जाने की आशंका के बीच कांग्रेस पार्टी ने सहकारिता उपायुक्त से वोटर लिस्ट में किसी भी प्रकार का बदलाव ना किए जाने की मांग की है । जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने सहकारिता उपायुक्त सुधीर कैथवास से मुलाकात कर उनको एक ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्मा ने कहा कि वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिया वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, मध्यप्रदेश में इस वर्ष प्रस्तावित सहकारी बैंकों, सहकारी समितियों आदि के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भाजपा द्वारा सत्तातंत्र का दुरुपयोग, धांधली तथा अन्य कई प्रकार की गड़बडियां कर हर कीमत पर चुनाव जीतने की कोशिश करने की आशंका है, इसमें कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी उनके साथ मिलीभगत कर इन चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं । पंकज शर्मा ने कहा कि इसमें सबसे पहले ये लोग इन चुनावों की वोटर लिस्ट में मनमाने तरीके से बदलाव कर अपने लोगों के नाम जोड़कर तथा विरोधियों के नाम काटकर चुनाव जीतने का प्रयास कर सकते हैं जो कि नियम विरुद्ध और असंवैधानिक है । सहकारिता उपायुक्त से स्वतंत और निष्पक्ष चुनाव हेतु वर्तमान मतदाता सूची में कोई भी बदलाव ना किए जाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उनकी ये मांग नहीं मानी जाती है तो वे उच्च न्यायालय की शरण लेने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सहकारिता उपायुक्त और सहकारिया विभाग की होगी ।

# 55 धर्मावलम्बियों का जत्था महाकुंभ के लिए हुआ रवाना



सत्ता सुधार ■ हरदा

55 धर्मावलंबियों का जत्था बुधवार 22 जनवरी को टिमरनी के धर्मप्रेमी समाजसेवी अरूण कुमार जायसवाल के पुत्र पुनित जायसवाल के सानिध्य में महाकुंभ प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। रोहित गौर ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं का राहुल जायसवाल, कमलेश कौशल, शिवम तिवारी कंकाली धाम के बाबा सहित अन्य सदस्यों ने अपनी टीम के साथ बस स्टैंड पर फूल माला और पीले गमछे पहनाकर स्वागत किया और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। श्री जायसवाल ने बताया कि माता-पिता और बुजुर्गो के आशीर्वाद से धर्मलाभ हेतु सभी श्रद्धालुओं को विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी प्रयागराज में महाकुंभ दर्शन हेतु ले जा रहे हैं। टिमरनी से बस द्वारा इटारसी और इटारसी से ट्रेन से प्रयागराज पहुंचेंगे। जहां त्रिवेणी संगम में स्नान कर मंदिरों में भगवान भोलेनाथ और बजरंग बली के साथ अन्य देवी देवताओं के दर्शन के साथ साथ हमारे सनातन धर्म संस्कृति को जीवित रखने वाले ऋषि मुनियों सहित अन्य महान तपस्वी संत समाज से भी आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और एकता की मनोकामना मांगेंगे। सभी श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा और मां गंगा के जयकारे के साथ यात्रा प्रारम्भ की। जत्था 25 जनवरी को वापसी नगर में प्रवेश करेगा।

### सागर कमिश्नर डॉ. रावत ने बोर्ड परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम

# परीक्षा परिणाम वाले 9 प्राचार्यों की वेतन वृद्धि रोकी

सत्ता सुधार ■ दमोह

सागर संभाग के कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिला शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा के बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं 12वीं की 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले दमोह जिले के 9 प्राचार्यो की एक-एक वेतन वृद्धि आसंचयीरूप से रोकने के आदेश जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वीं, 12वीं की परीक्षा में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने के निर्देश दिए गए थे किंतु दमोह जिले के 9 विद्यालयों के परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम रहे जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव के बाद संबंधित प्राचार्य की एक-एक वेतन वृद्धि असंचई रोकने के निर्देश दिए गए हैं। शास. उत्कृ.उ.मा. विद्यालय बटियागढ़ के प्राचार्य बी.एस. रावत की हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 2023-24 में 14.29 प्रतिशत, हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 2023-24 में 9.25 प्रतिशत आने पर, शास.बालक उ.मा. विद्यालय हिण्डोरिया के प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग की हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 2023-24 में 21.27 प्रतिशत,तथा हायर सेकेण्डरी का परीक्षा 19 प्रतिशत आने पर, शास. उ.मा. विद्यालय अभाना के प्राचार्य आर के जैन की हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 2023-24 में 28.36 प्रतिशत, प्राचार्य ममता छिरौलिया की हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 2023-24 में 28.30 प्रतिशत आने पर, शास.उ.मा.विद्यालय तेजगढ़ के प्रभारी प्राचार्य अनरथ सिंह ठाकुर की हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 2023-24 में 21.47 प्रतिशत आने पर आसंचयीरूप से वेतन वृद्धि रोकी गई है।

# छैगांव माखन में सांसद, विधायक और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष की तोमर का किया स्वागत अभिनंदन

सत्ता सुधार ■ खंडवा



प्रदेश संगठन द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर को खंडवा जिले का अध्यक्ष घोषित किया है, पार्टी संगठन के कार्यक्रमों के साथ जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर प्रत्येक विधानसभा में आयोजित सम्मान अभिनंदन कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को पंधाना विधानसभा के छैगांवमाखन में भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर का पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत-अभिनंदन कर हार्दिक मंगलकामनाएं एवं बधाई दी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक छाया मोरै,जनपद अध्यक्ष महेंद्र सांवनेर ने भी जिला अध्यक्ष श्री तोमर का स्वागत और सम्मान किया, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री तोमर ने प्रदेश संगठन के साथ ही जिले के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी सेंटर नहीं जिला अध्यक्ष पद का जो दायित्व दिया है आप सभी के सहयोग से हम सब मिलकर पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे।

# श्री शुक्ला अधिकारी कर्मचारी सयुंक्त मोर्चा जिला हरदा के पुनःअध्यक्ष बनाये

सत्ता सुधार ■ हरदा



म प्र अधिकारी कर्मचारी सयुंक्त मोर्चा भोपाल के प्रांताध्यक्ष एम पी द्विवेदी द्वारा शिक्षा विभाग में कार्यरत संतोष शुक्ला को अधिकारी कर्मचारी सयुंक्त मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि श्री शुक्ला पिछले अनेक वर्षो से संयुक्त मोर्चा के आंदोलनों का नेतृत्व जिलास्तर पर कर रहे हैं। प्रांताध्यक्ष द्वारा इनकी सक्रीयता एवं नेतृत्व छमता को देखते हुए इस महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है। सनद रहे कि श्री शुक्ला पूर्व से लिपिक संघ के जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारी प्रांताध्यक्ष का दायित्व भी निभा रहे हैं। श्री शुक्ला द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं को जिला एवं प्रांतस्तर पर उठाते रहते हैं। बड़े-बड़े आंदोलनों में इनके द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यही वजह है कि प्रांतीय नेतृत्व ने इन पर भरोषा जताया, ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। श्री शुक्ला द्वारा इस नियुक्ति के लिये प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है । उन्हे आश्वस्त किया है कि, जिले के समस्त संगठनों के साथ तालमेल बनाकर, कर्मचारी साथियों के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे, वहीं मोर्चा को मजबूती प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। श्री शुक्ला की नियुक्ति पर कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारीयों द्वारा बधाई दी, बधाई देने वालों में मुकेश चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष जबलपुर, सुरेश मोरे जिलाध्यक्ष बड़वानी, नागेश पाण्डे जिलाध्यक्ष रीवा, कमलेश जैन झाबुआ,अरविन्द तिवारी जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम, के एन त्रिपाठी नर्मदापुरम, जे. के. जैन टीकमगढ, सुनील कानूनगो धार, शिवनारायण कोषा सहीत अनेक पदाधिकारीयों ने हर्ष व्यक्त कर बधाईयां दी और श्री शुक्ला ने इस अवसर पर सभी साथियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

# विधायक दोगने द्वारा झुलसे बच्चों आर्थिक मदद



**हरदा ।** हरदा की रामानंद कालोनी विगत दिनों 33 के.व्ही. हाईटेंशन लाइन से दो बच्चे झुलस गए थे।विनय मालवीय ने बताया कि जिसमें एक बच्चे को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया था एवं दूसरे बच्चे का उपचार शासकीय जिला चिकित्सालय हरदा में चल रहा है। हरदा विधायक डॉ. दोगने के द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार विधायक प्रतिनिधि राकेश सूरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, नन्हेलाल ओसले, सुष्मिता राजपूत, शाहरूख खान द्वारा पिड़ित बच्चों के परिजनों से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात की गई। एवं पिड़ित बच्चों के परिजनों को विधायक डॉ. दोगने की और से 05-05 हजार रुपए की नगद सहायता राशि प्रदान की गई।

## आयोजन

### जिला प्रशासन की खुली छूट से NH निर्माण में अवैध उत्खनन का मामला

# नागपुर-वडोदरा नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट का हिस्सा, 103.68 करोड़ का है टेंडर

### कंपनी मैनेजर का कहना कलेक्टर साहब कि मौखिक अनुमति से हो रहा खनन, सरकारी सड़क मे लग रही मिट्टी

अजीत लाड़ ■ खंडवा

आशापुर से रोशनी तक बन रहे नेशनल हाईवे निर्माण में ठेकेदार स्कान्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को जिला प्रशासन द्वारा दी गई छूट के कारण आदिवासी बाहुल्य खालवा ब्लॉक के गांवों में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है। यह सड़क नागपुर-वडोदरा नेशनल हाईवे कॉरिडोर का हिस्सा है। बैतूल से खंडवा तक कुल पांच पैकेज में इस प्रोजेक्ट का कार्य होना है। वर्तमान में पैकेज नंबर 3 (रोशनी से आशापुर तक) का कार्य स्कान्स कंपनी को सौंपा गया है।

**103.68 करोड़ की स्वीकृत लाग-** रोशनी से आशापुर तक 24.1 किमी लंबे इस दो-लाइन रोड और पैदल सोल्डर का निर्माण कार्य 103.68 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। लेकिन इस निर्माण कार्य के लिए आवश्यक मुरम और मिट्टी की खुदाई बिना किसी अनुमति के की जा रही है। रोशनी गांव के खसरा नंबर 591 (जो जल निगम के बंद ऑफिस के पीछे स्थित है) और खसरा नंबर 560 (जो एकलव्य आवासीय विद्यालय के पास है) से पोकलेन मशीनों के जरिए हजारों डंपर मुरम निकाली गई है। यह मुरम सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही है।

**शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं:** ग्रामीणों ने इस अवैध उत्खनन की शिकायत पटवारी और तहसीलदार से की। लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें जवाब



दिया गया कि कलेक्टर साहब ने ठेकेदार को छूट दी है, हम कुछ नहीं कर सकते।

**अनुविभागीय अधिकारी का बयान**

हरसूद के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पुरुषोत्तम कुमार ने इस मामले पर कहा, केवल मेंढ़ापानी गांव में क्रशर लगाने की अनुमति की जानकारी है। रोशनी क्षेत्र में हो रहे उत्खनन की जानकारी नहीं है। मैं खालवा तहसीलदार से जानकारी लेकर ही कुछ कह पाऊंगा।

**ठेकेदार और तहसीलदार का पक्ष**

स्कान्स कंपनी के जनरल मैनेजर नितेश झा ने कहा, ÷कलेक्टर साहब के मौखिक आदेश पर हम निर्माण कार्य कर रहे हैं। एकलव्य विद्यालय का मैदान समतल करने के लिए 400 से अधिक डंपर मुरम डाला गया है। अनुमति प्रक्रिया में समय लगता है, जिससे काम में देरी होती। हमने खनिज विभाग में आवेदन किया है और जल्द ही अनुमति मिल जाएगी। राजेश कोचले, तहसीलदार खालवा, ने कहा, कलेक्टर साहब ने छात्रावास के पास तालाब खोदने का पॉइंट दिया है। वहां वाटर लेवल कम है। एकलव्य विद्यालय के मैदान को समतल करने का काम भी कलेक्टर साहब की अनुमति से हुआ है। हालांकि अभी विधिवत अनुमति नहीं मिली है। एनचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशुतोष सोनी का कहना हैं कि यह पैकेज 3 का रोड हैं ठेकेदार क़ो सभी विभागीय अनुमति लेकर ही कार्य करना हैं अनुमति कि जिम्मेदारी ठेकेदार का पार्ट हैं वर्तमान मे कंपनी ने 7 से 10 प्रतिशत कार्य किया हैं जिसमे ग्रेवल वर्क एवं स्ट्रेक्टर वर्क चल रहा हैं।

### प्रशासन की भूमिका पर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन ने खुलेआम अवैध उत्खनन को बढ़ावा दिया है। बिना अनुमति निर्माण कार्य करना नियमों का उल्लंघन है। अगर यह प्रोजेक्ट 103.68 करोड़ की लागत का है, तो क्या इसे पारदर्शिता और कानून के तहत नहीं चलना चाहिए?

# मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया बने नि-क्षय मित्र



**दमोह।** मध्यप्रदेश राज्यपिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया सकौर ग्राम में आयोजित 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर में पहुँचकर नि-क्षय मित्र बने। डॉ. कुसमरिया ने एक टी.बी. मरीज को गोद लेकर पोषण तत्वों से भरपूर पोषण किट का वितरण टी.बी. मरीज को किया। ग्राम में सी.एच.ओ. शिवानी चौरसिया ने स्थानीय 90 लोगों में टी.बी. की जांच की। इस अवसर पर डॉ कुसमरिया ने कहा समय से जांच एवं नियमित दवा सेवन और पौष्टिक आहार से टी.बी. रोकी जा सकती है। उन्होंने नि-क्षय मित्र बनकर टी. बी के खिलाफ लड़ाई में भागीदार बनने का सभी आमजनों से आग्रह भी किया। इससे प्रेरित होकर ग्राम की सरपंच ममता कुसमरिया, स्थानीय शिक्षक राकेश दुबे, सी.एच.ओ. शिवानी चौरसिया, आशा कार्यकर्ता गायत्री पटेल ने भी नि-क्षय मित्र बनकर एक-एक टी.बी. मरीज को गोद लिया। इस अवसर पर मैदानी स्वास्थ्य अमला सहित स्थानीय ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# डीएवी बीआर स्कूल में पराक्रम दिवस समारोह का भव्य आयोजित

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

डीएवी बीआर स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री अशोक कुमार मिश्रा जी ने दीप प्रवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प और चंदन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए पराक्रम दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नेताजी के अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति को प्रेरणास्रोत बताते हुए बच्चों को उनके संदेशों का



अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमें साहस और संकल्प की शिक्षा देता है। आज के युवा उनके आदर्शों को अपनाकर देश को आगे बढ़ा सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने जय हिंद और अन्य देशभक्ति से जुड़े नारे उत्साहपूर्वक दोहराए। यह दृश्य न केवल देशभक्ति का संदेश देता था, बल्कि छात्रों के बीच नेताजी के आदर्शों के प्रति एकता और सम्मान की भावना भी उत्पन्न करता था।इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन ने सभी में देशभक्ति और प्रेरणा का संचार किया।

# नरयावली विधायक लारिया मुख्य वक्ता के रूप में दमोह संगोष्ठी में हुए शामिल

सत्ता सुधार ■ सागर/दमोह

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा संविधान गौरव दिवस को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस जिला संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया शामिल हुए।विधायक लारिया ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 26 नवंबर 2015 को भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस संपूर्ण भारत में मनाया गया।देशवासियों के लिए संविधान पवित्र एवं सर्वोच्च है। तभी से प्रत्येक वर्ष संविधान सम्मान में संविधान दिवस मनाते आ रहे हैं। भारतीय संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर संविधान निर्माता भारत रत्न श्रद्धेय बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में पंचतीर्थ के निर्माण के साथ अनेक प्रेरणात्मक कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नेतृत्व में संभव हुए हैं।भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेशभर में 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत कार्यक्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जीवन दर्शन और उनके संघर्षों का स्मरण करते हुए उनके द्वारा निर्मित संविधान के गौरव पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह के अध्यक्ष पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित हुये।




# बीना ने भी दिया आजादी की लड़ाई में अपना अमूल योगदान

राकेश ■ बीना(सागर)










गणतंत्र की परिकल्पना तभी की जा सकती है जब हम आजादी के दीवानों की बात करें ऐसे आजादी के दीवाने बीना में भी रहे। जिन्होंने देश को आजाद करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करी।बात 1929 /30 /31 /32/ 37 /42 /के आंदोलन की हो या आजादी से पूर्व की बीना से क्रांतिकारी केवल गुपचुप बैठकर आजादी हेतु अपनी मंत्रणा नहीं करते थे बल्कि सामूहिक रूप से इटावा बाजार में भारत माता की जय इंकलाब जिंदाबाद स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और इसे हम लेकर रहेंगे महात्मा गांधी अमर रहे सरदार भगत सिंह जिंदाबाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिंदाबाद ऐसे अनेक को नारे लगाते हुए आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाते थे शहीदों क्रांतिकारियों के चित्र एवं दुर्लभ दस्तावेजों के संग्रह करता राम शर्मा ने हमारे संवाददाता राकेश सेन से जानकारी साझा करते हुए बताया चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारी के साथी साथी सदाशिव राव मलकापुरकर जिन्होंने 1929 /30 /31 /और 32 में अपनी से सक्रिय भूमिका निभाई तीन माह अंडमान निकोबार की जेल में रहे जलगांव गोलीकांड के मुखविर को गोली मारने के आरोप में भुसावल में गिरफ्तार हुए और सात माह का और कारावास भोगा आजाद की मां को तीर्थ यात्रा कराई अंतिम संस्कार करने का श्रेय भी सदाशिव राव मलकापुरकर को जाता है बीना के ही महान क्रांतिकारी बंशीधर शास्त्री जो महान शिक्षाविद व्याकरण आचार्य भी रहे जिन्होंने अनेकों पुस्तकों का सृजन किया 1931, 1937, 1942 के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई इतना ही नहीं इस कारण है सागर नागपुर अमरावती की जेल में 10 माह से अधिक का कारावास हुआ पंडित भागीरथ रामदयाल विलगैया 1930, 31 ,37 और 1942 में सक्रिय भूमिका निभाई एक माह का कारावास हुआ आप विधायक भी रहे सिद्धनाथ तिवारी असहयोग आंदोलन जंगल सत्याग्रह में 13/ 9/42 से 16/3 /1943 तक 6 माह कारावास में रहे आजादी के बादकांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे नन्हेंलाल मूलचंद बुखारिया भारत छोड़ो आंदोलन में एक माह का कारावास 21 सितंबर 42 से 27 अक्टूबर 42 तक आप जिला जेल में रहे हरि सिंह शिव सिंह 1 अप्रैल 1930 से 13 जुलाई 1930 तक 3 माह जंगल सत्याग्रह में नारद कुमार बेनी प्रसाद 16 मार्च से 25 अगस्त 1945 तक 5 माह कारावास में रहे रामलाल नायक आप भी बीना के विधायक रहे 22 अगस्त 1942 से 30 जनवरी 1943 जेल में बंद रहे नरेंद्र कुमार फ़दाली भारत छोड़ो आंदोलन में एक माह कारावास होगा नारायण प्यारेलाल ने 13 माह जेल में गुजारे व्यक्तित्व की रुद्र प्रताप बासु श्रीवास्तव सागर सिवनी जेल सविनय अवज्ञा आंदोलन में 1920 ,21 ,32 के आंदोलन में रहे दो बार कारावास में रहे जिनके नाम से आज एक विशिष्ट पहचान है सर्वोदय भवन जिनकी याद में है ऐसे नंदकिशोर जुगल किशोर मेहता ने भी आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और दो माह कारावास में रहे हीरालाल दलू गोरेलाल देवी चरण देव गणेशी लाल बाबा जिनके नाम से राम वार्ड हैं छोटे खान गुलाब खां परमोला मदन, फूलचंद भरोसे, भुवनेश्वर प्रसाद फदाली शिक्षा शास्त्री ने भी 1 माह से लेकर 5 माह तक की सजा कारावास में काटी भाई मोहनलाल मोजी लाल पांच माह रज्जन खा अजीज खा एक माह रणवीर भोगीराम 1942 में एक माह अब्दुल गफ्फार छुट्टा छोटा ,अमान मानक, 25 दिन जेल में रहे इतनी यातनाएं भुगतने के बावजूद भी समझौता नहीं किया और फिर भी सक्रिय बने रहे रामदीन भागीरथ रिछारिया ने 6 माह सदाशिव माधवराव, सदाशिव रघुनाथ राव देवसकर ने भी दो-दो माह का समय जेल में व्यतीत किया स्वामी सहासा, बलिराम सब्बू 25 ,25 दिन जेल में रहे भदाली जोले ,भाव लाल कंछेदी ,देवी सिंह स्वरूप सिंह, सुंदरलाल सवाई लाल चौधरी 1941 ,42 ,43 के आंदोलन में सक्रिय रहे और पांच माह कैद में रहे वहीं लक्ष्मण प्रसाद गोस्वामी भैया लाल पुरोहित नाथूराम रामलाल पुजारी श्यामलाल छेदीलाल शिखर चंद बड़कुल नाथूराम , मदन लाल दुर्गा प्रसाद, सबलमल समापा प्रेमचंद समैया, राम प्रसाद साहू, नजीर खान भीरू खान, बाबूलाल सतपुरिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई वही जानकी प्रसाद शास्त्री अमृतलाल शाह ने क्रांतिकारी आंदोलन में अपना सहयोग देते रहे भैरव प्रसाद चौरसिया उस समय बहुत छोटे थे वह क्रांतिकारियों की बातों को सुनने जाया करते थे बाल्यावस्था में भी उन्हें देश के प्रति बड़ा लगाव था परंतु बहुत छोटे होने के कारण उन्हें भगा दिया जाता है चलो जाओ यहां से तुम अभी बहुत छोटे हो तुम्हारा यहां क्या काम लेकिन इन सब के पीछे सबका एक ही भाव था भारत मां को आजाद करना भारत मां की गुलाबी की जंजीरों से मुक्त करना और वही हुआ 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हो गया सामूहिक रूप से इटावा हनुमान मंदिर के पीछे बने चबूतरे पर ध्वजारोहण करके आजाद भारत में खुशियां मनाई ऐसे अनेकों क्रांतिकारी रहे जिनकी याद में न दीप चले ना पुष्प पुष्प चढ़े बीना नगर इन सब के प्रति कृतज्ञ है यह मानते हुए सदियां ब्याज ना दे पाएगी सेनानियों के कर्ज का।

# हलऊ सरपंच की गर्दन पर कुल्हाड़ी से कई वार कर बीच सड़क पर हत्या की

## गर्दन में दोनों तरफ गंभीर घाव हैं, इसके अलावा दाहिने हाथ में कलाई के ऊपर भी गहरा घाव

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



### बेटा बोला- तीन लोग लंबे समय से कर रहे थे परेशान

सरपंच के बेटे रविंद्र कुशवाहा ने गांव के जाहर ठाकुर, अमर ठाकुर और पूर्व सरपंच अनिरुद्ध ठाकुर पर हत्या का आरोप लगाया है। तीनों सरपंच को लंबे समय से परेशान कर रहे थे। रविंद्र के मुताबिक अनिरुद्ध अपने अनुसार पंचायत चलाना चाहते थे और वह गलत काम करने का दबाव बना रहे थे।उन्होंने बताया कि दो दिन पहले तीनों ने घर आकर पिता को धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी थी।

बीना विधानसभा के मुहासा हलऊ खुरई तहसील अंतर्गत आने वाली मोहासा हलऊ पंचायत के सरपंच की बुधवार सुबह 11 बजे बीच सड़क पर कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। सरपंच रूपसिंह कुशवाहा 45 का शव गांव के पास सड़क पर पड़ा मिला है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची खिमलासा पुलिस ने जांच के लिए एफएसएल टीम बुलाई। टीम में शामिल विशेषज्ञों ने घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। इसके अलावा एसपी विकास शहवाल ने घटना स्थल का निरीक्षण कर थाना पुलिस को जरूरी निर्देश दिए हैं।जानकारी के मुताबिक सरपंच रूपसिंह कुशवाहा सुबह स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम में गए थे। स्कूल से वापस घर लौटते समय सड़क पर अज्ञात आरोपी ने कुल्हाड़ी से उनकी गर्दन पर एक के बाद कई वार कर हत्या कर दी। गर्दन में दोनों तरफ गंभीर घाव हैं, इसके अलावा दाहिने हाथ में कलाई के ऊपर भी गहरा घाव है। सरपंच के शव के पास ही उनकी बाइक मिली है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या करने वाले ने बाइक चलाते समय उनके ऊपर हमला किया और गिरने के बाद गर्दन पर वार किए।घटना की सूचना मिलने पर खिमलासा थाना प्रभारी नितिन पाल सिंह बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एफएसएल की टीम घटना स्थल का मुआयना करने बुलाया। टीम में शामिल विशेषज्ञों ने घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। इसके अलावा एसपी विकास शहवाल ने भी मौके पर पहुंचकर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# बीना के सुखलाल बाबू बने अहिरवार समाज संघ भारत शाखा के अध्यक्ष

राकेश ■ बीना(सागर)

बीना में प्रांतीय अध्यक्ष एम एल वर्मा पूर्व डीएसपी की अध्यक्षता में उनके निज निवास स्थान चन्द्र शेखर वार्ड बीना में अहिरवार समाज संघ भारत शाखा बीना के तत्वाधान में सामाज की बैठक आयोजित हुई ,जिसमें संत गुरु संत गुरु शिरोमणि रविदास जी की जयंती दिनांक 15/2/25 दिन शनिवार को मनाने का निर्णय लिया गया है जिसमें सभी लोगों को समय 10 बजे से बाईक रैली व समय 12 बजे से मंचीय कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया एवं भंडारा का आयोजन किया गया है तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर समय 10꞉00 बजे डॉ.अम्बेडकर तिराहे पर सभी एकत्रित होकर बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी मूर्ती पर माल्यार्पण कर गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।एवं सर्वसहमति से निर्णय लिया गया है,कि ब्लाक अध्यक्ष सी एल वर्मा को बीना संघ का संरक्षक



नियुक्त कर ब्लाक अध्यक्ष सुख लाल अहिरवार बाबू जी को अध्यक्ष बनाया गया है7मीटिंग में निम्नलिखित समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।प्रांतीय अध्यक्ष एम एल वर्मा पूर्व डीएसपी, सम्भाभागीय उपाध्यक्ष दशरथ अहिरवार, सम्भागीय सचिव आर पी रोहित, अरविंद पटेल, वीरेंद्र राजोरिया, आर के राज ,सुख लाल अहिरवार, रोशनलाल अहिरवार,राम सेवक मौया, हेमराज अहिरवार, परमानंद रैकवार,लखन लाल अहिरवार, श्याम अहिरवार, नारायण अहिरवार, राजेन्द्र अहिरवार, धर्मेन्द्र अहिरवार, मुलायम सिंह अहिरवार, सीताराम अहिरवार,मनीष, हरिशंकर अहिरवार नारायण अहिरवार आदि शामिल रहे।

# भगवान श्री राम प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम आयोजित

राकेश ■ बीना(सागर)

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बीना मैं राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा वर्षगांठ पर बाबा भीमराव अंबेडकर के पास स्थित डॉक्टर अवतार सिंह यादव अस्पताल परिसर में संकीर्तन आयोजित किया गया भगवान श्री राम के भजनों पर लोग जमकर झूमे नाचे गए कार्यक्रम पश्चात सभी अंबेडकर तिराहा से कटरा मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राम के समक्ष भगवान श्री राम की स्तुति एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ वही इसी क्रम मे नरसिंह हिन्दू संगठन बीना द्वारा नरसिंह मंदिर पर इस्कॉन द्वारा संकीर्तन, बड़ी एलईडी स्क्रीन पर अयोध्या राम मंदिर के संघर्षों से विजय एवं प्राण प्रतिष्ठा तक का सारा वृत्तांत का प्रसारण, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं



भव्य महाआरती व प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे सहित गीता स्वाध्याय टीम हिंदू महासंघ के सदस्यगण गौ सेवा समिति के सदस्य एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे सिद्ध पीठ राम नाम दरबार संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं दीप प्रज्वलित कर महा आरती की गई, साथी हिंदू संगठनों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर चौराहा, सर्वोदय चौराहा गांधी तिराहा के साथ-सा द दिगंबर जैन मंदिर तरण तरण मंदिर पर भी दीप प्रज्वलित कर खुशियां जाहिर की गई।

# क्रमिक तथा निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया का नाम है विकासः विधायक लारिया

## आरसीसी नाली और पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

सत्ता सुधार ■ सागर

गुरुवार को नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने नगर पालिका मकरोनिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक-13 और वार्ड क्रमांक-15 में 16 लाख 76 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले आरसीसी नाली निर्माण कार्य और पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

विधायक लारिया ने भूमिपूजन अवसर पर कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। सतत विकास का मतलब है कि वर्तमान की जरूरत को पूरा करना और भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को दृष्टिगत रखकर पूरा करने का प्रयास करना।इसी क्रम में आज हम सभी वार्ड क्र.-13, नोबल कॉलेज के बाजू में आरसीसी नाली निर्माण कार्य 10 लाख 48 हजार के भूमिपूजन और वार्ड क्र.-15, जूडियो मॉल के समीप, नरसिंहपुर रोड पर 6 लाख 28 हजार रुपए के




पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के भूमिपूजन में सहभागी बने है।भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जाति धर्म से हटकर हर वर्ग के लिए विकास योजनाएं बनाई है जिसका फायदा आमजन को मिल रहा है। जनप्रतिनिधि होने के नाते विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए मैं संकल्पित हूं।यह मेरा कर्तव्य है।उन्होंने इस अवसर पर मकरोनिया के सौन्दर्यीकरण और निर्बाध आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य मार्गों के बीच आ रहे विद्युत पोल को शिफ्ट करने और डिवाइडरों को व्यवस्थित करने यातायात को सुचारू संचालन की दृष्टि से सीएमओ मकरोनिया को निर्देशित भी किया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, समस्त पाषर्दगण, मंडल अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी- कार्यकर्तागण,महिला मार्चा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

**खिलवाड़** शिक्षा विभाग में वित्तीय अनिमितता, एक शिक्षक दो जगह कार्यरत

# स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मनमानी, अपने चहेतों पर मेहरबान

सत्ता सुधार ■ रहली(सागर)

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं दूसरी ओर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मनमर्जी के चलते अपने चहेतों पर मेहरवानी करने से परहेज़ नही कर रहे हैं। रहली गर्ल्स संकुल के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेरा सिकंदर स्कूल का एक मामला सामने आया है जहां लगभग बीते 5 माह से अपने मूल पदस्थापना वाले विद्यालय सिरी में अध्यापन कार्य के साथ साथ विभागीय अधिकारियों की कृपा से




अपनी सुविधा अनुसार वाले विद्यालय बरखेरा सिकंदर में पदस्थ हैं, सिरी में पदस्थ अध्यापक नरेंद्र कोरी एक स्कूल में अध्यापन कार्य के साथ साथ 2 स्कूलों में कार्यरत है। शिक्षक नरेंद्र कोरी बरखेरा सिकंदर स्कूल में प्राचार्य वित्तीय का पद संभाल रहे है साथ ही सिरी में भी माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत है नियमानुसार अति आवश्यकता पर ही संकुल प्राचार्य वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर किसी शिक्षक की सेवाएं अपने ही संकुल के लिए ली जा सकती हैं, लेकिन अब देखना यह होगा कि पूरी तरह से नियम विरुद्ध तरीके से एक साथ 2 स्कूलों में कार्य कर रहे नरेंद्र कोरी व इन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर क्या कार्यवाही होगी या लीपापोती का भी का खेल चालू रहेगा। हालांकि इस पूरे मामले में जिला स्तर के वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को जानकारी होने के बाबजूद भी अभी तक 2 जगह कार्यरत रहने वाले नरेंद्र कोरी पर कोई कार्यवाही नही हुई।नियमानुसार एक शिक्षक एक ही स्कूल में अध्यापन कार्य या प्राचार्य का पद संभाल सकता है लेकिन कोरी जी 2 जगह एक साथ कार्यरत है लेकिन कोई शिकायतकर्ता न होने से अपनी मनमर्जी कार्य शैली से कार्य करने वाले अधिकारियों ने सारे नियम कानून ताक पर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### इनका कहना हैं

शिक्षकों की इस तरह की अनिमितता मिलती है उस पर कार्यवाही करेंगे,आपके द्वारा मुझे जानकारी मिली है,में अभी नोटिस जारी करता हूं।

**अरविंद जैन,** जिला शिक्षा अधिकारी

# लोकहित में आवश्यक निर्माण कार्य संपादित कराने विधायक लारिया ने एसडीएम और सीएमओ को लिखा पत्र

सत्ता सुधार ■ सागर

मंगलवार को नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने नगर पालिका परिषद मकरोनिया में अतिक्रमण उपरांत लोकहित में आवश्यक निर्माण कार्य संपादित कराने एसडीएम सागर और सीएमओ मकरोनिया को पत्र लिखा।



उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि मकरोनिया के सुगम यातायात व्यवस्था और भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए नपा मकरोनिया में सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रशासनिक कार्यवाही के फलस्वरुप मुख्य मार्गों पर बने प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के सामने अतिक्रमण हटाए गए हैं।

इसी क्रम में नपा मकरोनिया अंतर्गत वीरांगना अवंतीबाई मार्केट अतिक्रमण मुक्त हुआ है।यहां अतिक्रमण मुक्त जगह पर ढाई-ढाई मीटर सीसी रोड निर्माण कर और रेलिंग कार्य संपादित कराया जाना चाहिए जिससे वह जगह अतिक्रमण मुक्त रहे और पुनः अतिक्रमण न हो सके। वहां पर एकसी बौछारी का कार्य भी संपादित कराया जाना चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### सोनल दिनुषा को मिल सकती है श्रीलंकाई टेस्ट टीम में जगह

**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरु होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम में 24 साल के सोनल दिनुषा को शामिल कर सकती है। माना जा रहा है कि इसी कारण सोलन दिनुषा को तैयारी शिविर में शामिल होने के लिये कहा गया हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार मुख्य कोच सनथ जयसूर्या तथा उनके सहयोगी स्टाफ सदस्यों की निगरानी में प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा।

### दिव्यांग क्रिकेटर से मिले बटलर, बल्ले पर ऑटोग्राफ दिया

**कोलकाता।** इंग्लैंड की टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान जोस बटलर को लेकर एक विडियो सोशल मीडिया पर आया है। इसमें बटलर भारतीय क्रिकेट टीम से हुए टी20 मुकाबले से पहले एक दिव्यांग प्रशंसक से मिलते और उसके ऑटोग्राफ देते नजर आ रहे हैं। बटलर ने व्हीलचेयर पर रहने वाले इस प्रशंसक और दिव्यांग क्रिकेटर धर्मवीर पाल से बात कर उसके बल्ले पर हस्ताक्षर किए। इसके लिए लोगों ने इंग्लैंड के कप्तान की जमकर प्रशंसा की है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में दिखता है कि बटलर धर्मवीर के पा जाकर उससे बात करते देखते हैं।

# पूर्व टेनिस खिलाड़ी ने खेल की खराब हालत के लिए टेनिस प्रशासकों को जिम्मेदार बताया

## पूर्व ओलंपियन मनीषा मल्होत्रा बोलीं- खेल को आगे बढ़ाने बदलाव करने होंगे

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पूर्व ओलंपियन मनीषा मल्होत्रा ने कहा है कि देश में टेनिस की खराब हालत के लिए टेनिस महासंघ और इसके प्रशासकों को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि खेल को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए कई बदलाव करने होंगे।

मनीषा ने कहा कि अभी पुरुष एकल में सुमित नागल 91वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं पर उनके प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है। अभी रोहन बोपन्ना पुरुष युगल में 16वें स्थान पर आने के साथ ही देश के शीर्ष खिलाड़ी हैं पर अब उनका करियर समाप्त होने को है। वहीं महिला एकल में एक भी भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 200 में भी शामिल नहीं है जबकि महिला युगल में भी देश की कोई खिलाड़ी शीर्ष 100 में भी नहीं है। महेश भूपति के साथ मिलकर 2002 बुसान एशियाई खेलों में मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीतने वाली मनीषा ने देश में टेनिस के गिरते स्तर के लिए इसके खेल प्रशासन पर निशाना साधा है। इस पूर्व महिला टेनिस खिलाड़ी ने कहा, '' अभी टेनिस की हालत काफी खराब है। मैं सोचने लगती हूं कि टेनिस इतना अच्छा खेल था जहां हमारे पास इस खेल की इतनी अच्छी विरासत थी। रामानाथन कृष्णन के समय से ही ऐसा था जिसे हमने पूरी तरह से समाप्त कर दियाहै।'' उन्होंने कहा, ''आज की तारीख में अगर कोई



प्रगति नहीं है, कोई खिलाड़ी नहीं है तो यह हमारी ही गलती है। मुझे यह देखकर काफी दुख होता है क्योंकि मैं आज जो भी हूं टेनिस के कारण ही हूं। मेरे जीवन में जो कुछ भी है, वह टेनिस की वजह से है। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, ''बहुत से टेनिस खिलाड़ी मेरे साथ हैं जो यह सोच रहे हैं कि हम बहुत खराब स्थिति में पहुंच चुके हैं और अगर हमें टेनिस को बचाना है तो बड़े बदलाव करने होंगे।'' टेनिस साथ पिछले कुछ समय में बड़ी समस्या यह रही कि जिन लोगों ने इसका संचालन किया उनके पास कोई योजना और रणनीति ही नहीं थी। उन्होंने कोई ढांचा और व्यवस्था ही नहीं बनाई।'' हमारे पास कोई जूनियर विकास कार्यक्रम नहीं था और ना ही शिक्षण कार्यक्रम था। जो भी टेनिस खिलाड़ी हुए हैं या जिन्होंने भी कुछ हासिल किया है, अपने बल पर किया है। उनके अपने क्लब है, अपने माता-पिता से मदद ली। कोई ढांचागत प्रणाली नहीं थी।

मनीषा ने कहा, ''जो भी लोग महासंघ का हिस्सा थे उन्होंने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया कि टेनिस के विकास में कैसे सुधार करें। अभी हम जिस स्थिति में पहुंचे है वह बेहद निराशाजनक स्थिति है। आप किसी भी क्लब के कोर्ट में जाकर देख लो वहां कोई खेलने के लिए नहीं है।'' एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के बावजूद मनीषा ने सिडनी ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने को अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण बताया। मनीषा सिडनी खेलों की महिला युगल स्पर्धा में निरूपमा वैद्यनाथन के साथ जोड़ी बनाकर खेलीं थी लेकिन पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं थी।



### एकदिवसीय के महान खिलाड़ी हैं विराट : सौरभ गांगुली

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने खराब फार्म के गुजर रहे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। गांगुली ने विराट की तुलना दिग्गज महिला क्रिकेटरों मिताली राज और झूलन गोस्वामी से की है। गांगुली ने कहा कि विराट एकदिवसीय प्रारुप में अब तक के सबसे बेहतर क्रिकेटरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि कोहली में अभी भी काफी क्रिकेट बाकी है लेकिन उन्होंने अगाह किया कि जून का इंग्लैंड दौरा उनके लिए एक बड़ी चुनौती होगी। गांगुली ने कहा कि मुझे अब भी विश्वास है कि विराट कोहली में बहुत क्रिकेट बाकी है। इंग्लैंड दौरा उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विराट जैसे खिलाड़ी जीवन में एक बार ही मिलता है। करियर में 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाना अविश्वसनीय बात है।

# खेल में वापसी करना चाहते हैं डिविलियर्स



**एजेंसी ■ जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने कहा है कि वह अब भी खेल सकते हैं। इसलिए खेल में वापसी भी कर सकते हैं। डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। अब वह इस तरह से खेलना चाहते हैं जहां किसी प्रकार का दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें।

डिविलियर्स खेल से संन्यास के बाद चैरिटी और प्रसारण के कार्य कर रहे हैं। वह वर्तमान समय में एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। डिविलियर्स ने अपने तीन बच्चों की बात रते हुए कहा, 'मैं अब भी क्रिकेट खेल सकता हूं। मेरे बच्चे मुझ पर थोड़ा दबाव डाल रहे हैं और मुझे लगता है कि मैं उनके साथ नेट्स पर जा सकता हूं। शायद मैं ऐसी क्रिकेट खेलूंगा जिसमें मैं सहज होकर खेल सकूं।

डिविलियर्स ने आईपीएल जैसी पेशेवर लीग के दायरे से बाहर की क्रिकेट में खेलने के संकेत दिए। उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल या एसए20 जैसी लीग में खेलने की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि ऐसी क्रिकेट की बात कर रहा हूं जिसमें सहज होकर खेला जा सके। मैं ऐसा अपने बच्चों की खुशी के लिए करना चाहता हूं। इससे मैं फिर से क्रिकेट का आनंद ले सकता हूं। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट, 228 एकदिवसीय और 78 टी20 में दक्षिण अफ्रीका की ओर से खेला है। उनके नाम एकदिवसीय प्रारूप में सबसे तेज 50 (16 गेंद), 100 (31 गेंद) और 150 (64 गेंद) रन बनाने का रिकॉर्ड है।

# अभिषेक लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बने



**एजेंसी ■ कोलकाता**

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20आई में अपनी शानदार बल्लेबाजी से एक नया रिकार्ड बनाया है। अभिषेक ने इस मैच में केवल 20 गेंदों में ही आठ छक्के लगाकर अर्धशतक बना दिया। इस प्रकार वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं।

अभिषेक ने अपनी इस पारी के साथ ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को भी छक्के लगाने के मामले में पीछे छोड़ दिया। अभिषेक ने केवल 34 गेंदों पर 79 रन बनाए। उनकी आक्रामक पारी में 8 छक्के शामिल थे, जिसने टी20आई में लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भारतीय द्वारा लगाए गए सर्वाधिक छक्कों का नया रिकॉर्ड बनाया। उनके आठ छक्कों के साथ ही टी20आई में लक्ष्य का पीछा करते हुए छह छक्कों के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो संयुक्त रूप से रोहित ने दो बार बनाया था। वहीं ये एक बार सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली, तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और अक्षर पटेल के नाम है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड लेवी के नाम सबसे अधिक छक्के का रिकार्ड है।

### रणजी ट्रॉफी में विफल रहे रोहित, यशस्वी और शुभमन

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी के अपने पहले ही मैच में विफल रहे हैं। इनका प्रदर्शन कितना खराब था, इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि ये तीनों मिलकर 11 रन ही बना पाये। रोहित और यशस्वी जहां मुम्बई की ओर से खेल रहे हैं, वहीं शुभमन पंजाब के कप्तान हैं। हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम की खराब बल्लेबाजी के कारण क्रिकेट बोर्ड ने सभी खिलाड़ियों के लिए रणजी में खेलना अनिवार्य कर दिया था। रोहित करीब एक दशक बाद आजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई मुम्बई की ओर से रणजी मैच में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेलने उतरे।
























लखनऊ में गुरुवार को निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने शक्ति भवन पर प्रदर्शन किया। सभी कर्मचारी कार्यालय छोड़कर नीचे आ गए। वहां पर हाथ में तख्तियां लेकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने निजीकरण का जमकर विरोध किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल का निजीकरण गलत तरीके से किया जा रहा है।

# सद्भाव और एकता का सशक्त संदेश देता है महाकुंभ

## अमित शाह आएं प्रयागराजः गृहमंत्री ने बताई तारीख, कहा -गंगा में लगाऊंगा पवित्र डुबकी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस आयोजन में देश-विदेश से साधु-संत और श्रद्धालु पवित्र नदी में स्नान के लिए एकत्र हो रहे हैं। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस आध्यात्मिक आयोजन की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य आयोजन महाकुंभ से अधिक सद्भाव और एकता का संदेश नहीं देता है। इस दौरान शाह ने पुष्टि की कि वह 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे। वे गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस पैमाने पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन किया गया है, उसे देखकर दुनिया भर के लोग आश्चर्यचकित हैं।

इतना ही नहीं, विभिन्न देशों के राजदूतों ने उनसे निमंत्रण कार्ड के लिए अनुरोध किया। इस पर शाह ने कहा कि मैंने उन्हें बताया कि इसके लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं है, क्योंकि



करोड़ों लोग ग्रहों की स्थिति के अनुसार एक विशिष्ट समय पर इकट्ठे होते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं। शाह ने कहा कि मेरे बताने पर वे लोग भरोसा नहीं कर रहे कि 40 करोड़ लोग बिना किसी निमंत्रण के एक जगह इकट्ठा होते हैं।

### गुजरात के लोग भी जाएं महाकुंभ

शाह ने अपने संबोधन में कहा कि कुंभ सद्भाव और एकता का संदेश देता है, क्योंकि वहां कोई किसी से नहीं पूछता कि आप किस धर्म, संप्रदाय या जाति से हैं। आपको बिना किसी भेदभाव के वहा भोजन मिलेगा और पवित्र डुबकी लगाने के बाद घर वापस जाएंगे। दुनिया में कोई भी अन्य घटना इससे अच्छा संदेश नहीं देती है। इतने विशाल जनसमूह में होने के बाद भी कोई होटल में नहीं रहता है, क्योंकि सभी को गंगा के तट पर टेंट में रहने की सुविधा मिलती है। इस दौरान उन्होंने गुजरात के लोगों खासतौर पर युवाओं से महाकुंभ में जाने का आग्रह किया। शाह ने इस दौरान यह भी बताया कि वे खुद 27 जनवरी को गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ में आएंगे।

# एएसआई की टीम ने जामा मस्जिद का निरीक्षण किया

## प्राचीन कुएं-दरगाह व पास बने मकानों की स्थिति देखी

एजेंसी ■ संभल

एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) की टीम ने सरायतरीन के मोहल्ला दरबार स्थित जामा मस्जिद का निरीक्षण किया। साथ ही मस्जिद के नजदीक स्थित प्राचीन कुएं, दरगाह और आसपास बने मकानों का भी निरीक्षण किया है। टीम प्राचीन इमारतों का लगातार निरीक्षण कर रही है। जो इमारतें प्राचीन हैं और संरक्षित करने योग्य हैं, उनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि बुधवार को मेरठ से एएसआई की टीम संभल पहुंची और सरायतरीन की जामा मस्जिद और कुएं, दरगाह और आसपास के मकानों का निरीक्षण किया है। टीम ने निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। बताया कि एएसआई की टीम द्वारा प्राचीन इमारतों की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। आगे जो भी निर्णय होगा उसको एएसआई द्वारा ही लिया जाना है। मालूम हो एएसआई की टीम ने शहर और उसके आसपास के तीर्थ व कूप का भी निरीक्षण दस दिन पहले किया था। जिले में छह इमारतें एएसआई द्वारा संरक्षित हैं।



### एक घंटे तक शहर में घूमी टीम

जिसमें संभल की जामा मस्जिद, सौंधन का किला, फिरोजपुर का किला, चंद्रेश्वर तीर्थ, बेरनी मंदिर और गुमथल शामिल हैं। डीएम द्वारा इन संरक्षित इमारतों की बेहतर देखभाल के लिए पत्राचार किया जा चुका है। लगातार टीम संभल में दौरा कर निरीक्षण कर रही है। जामा मस्जिद का निरीक्षण करने के लिए पहुंची टीम करीब एक घंटे तक शहर में घूमी। इस दौरान टीम ने जामा मस्जिद और प्राचीन कुओं की जानकारी भी जुटाई है।

### कब्रिस्तान का भी हाल देखा

मस्जिद व प्राचीन कुएं का निरीक्षण करने पहुंची एएसआई की टीम ने तरीन कब्रिस्तान का भी निरीक्षण किया। यह कब्रिस्तान और इस कब्रिस्तान में स्थित भवन का निरीक्षण किया। इसी तरह मस्जिद के आसपास बने भवनों को भी बारीकी से देखा है। बताया जा रहा है कि मस्जिद के आसपास तमाम भवन पुराने जमाने के बने हुए हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### यूपी में उदय प्रताप कॉलेज बनेगा 35वां विश्वविद्यालय

**वाराणसी।** उदय प्रताप कॉलेज प्रदेश के 35वें राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से सिर्फ एक कदम ही दूर है। 20 दिन पहले राज्य सरकार को भेजे गए प्रस्ताव में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अंतर्गत उदय प्रताप विश्वविद्यालय (यूपीयू) या राजर्षि उदय प्रताप विश्वविद्यालय के तौर पहचान देने की मांग की गई है। स्लोगन दृढ़ राष्ट्रभक्ति पराक्रमश्च ही तय किया गया है। वाराणसी में इससे पहले 2009 में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को राज्य विवि का दर्जा दिया गया था। वहीं 1974 में विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी बना था। उदय प्रताप शिक्षा समिति ने अपना पांच पेज का एजेंडा और छह खूबियां प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग मुख्य सचिव एमपी अग्रवाल को भेज दिया है।

### साधु संतों के लिए 50 सीटें आरक्षित करने की मांग

**प्रयागराज।** 27 जनवरी को प्रयागराज में धर्म संसद होने जा रही है। इस धर्म संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होने जा रहे हैं। धर्म संसद में चारों शंकराचार्य और 13 अखाड़े के प्रतिनिधि, विभिन्न संप्रदायों के पीठाधीश्वर, धर्माचार्य और कथावाचक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। धर्म संसद में सनातन बोर्ड का गठन, श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से अतिक्रमण हटाने और भव्य निर्माण कराने के साथ साथ, धर्माचार्यों के लिए संसद की 50 सीटों का आरक्षण, इस धर्म संसद का मुख्य मुद्दा होगा। धर्म संसद देवकीनंदन ठाकुर के शिविर में आयोजित की गई है। धर्म संसद के माध्यम से धर्माचार्य भाजपा के ऊपर दबाव बनाएंगे।

### चचेरे भाई ने की दो बहनों की गला रेत कर हत्या

**हाथरस।** यूपी के हाथरस जिले में आशीर्वाद धाम कॉलोनी में एक शिक्षक की दो मासूम बेटियों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना को अंजाम देने वाला कोई और नहीं, बल्कि उनका ही रिश्ते का भतीजा जिसका नाम विकास है, जिसने अपने साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। विकास और उसका साथी बुधवार रात शिक्षक छोटे लाल गौतम के घर पहुंचे। खाना खाने के बाद सब सो गए। इसी बीच रात के सन्नाटे में दोनों ने धारदार हथियार से 13 साल की सृष्टि और 7 साल की विधि का गला रेत कर हत्या कर दी। इसके साथ ही शिक्षक और उसकी पत्नी पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## किराड़ी सीट से भाजपा प्रत्याशी बजरंग के समर्थन में सीएम ने मांगे वोट

# दिल्ली में योगी की पहली रैली, बोले आप ने यमुना को बनाया दिया नाला

### आप के पापों की कीमत, मथुरा-वृंदावन के भक्तों-संतों को चुकानी पड़ रही

## आप ने उद्योग नहीं लगाए, लेकिन बांग्लादेशियों को बसाने का काम किया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ/नई दिल्ली

दिल्ली चुनाव में कुछ ही समय बचा है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से तैयारियों में जुटी हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किराड़ी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बजरंग शुक्ला के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने यूपी के प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ का जिक्र कर आम आदमी पार्टी की सरकार और अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। योगी ने यमुना के मुद्दे पर दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि इन्होंने यमुना को गंदे नाले में बदल दिया है। क्या केजरीवाल यमुना जी में स्नान करेंगे। प्रयागराज में गंगा की अविरल धारा है। कल प्रायगराज में कैबिनेट की बैठक हुई। एक मुख्यमंत्री के रूप के गंगा में स्नान कर सकते हैं। अरविंद केजरीवाल क्या अपनी पूरी केबिनेट के साथ यमुना में डुबकी लगा सकते हैं क्या। दिल्ली की सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़कें हैं। ये कोई विकास का काम नहीं करना चाहते हैं। जनता को बुनियादी सुविधाएं मिलें, ये वो काम नहीं करना चाहते हैं। इनका तो एक ही कार्य है, प्रातः काल होते ही सोशल मीडिया पर ट्वीट करना। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोगों को गुमराह करना।



### दिल्ली में कूड़े का ढेर लगा

यूपी सीएम ने कहा कि एनडीएमसी एरिया को हटा दिया जाए तो क्या स्थिति है दिल्ली की। एक वक्त था सुविधा के लिए लोग दिल्ली आते थे। मेट्रो देखने के लिए दिल्ली आते थे। सड़कें देखने के लिए दिल्ली आते थे। स्वास्थ्य सेवाएं देखने के लिए आते थे। आज नोएडा की सड़कों को देखो। दिल्ली में कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सीवर सड़कों पर बह रहे हैं। हमारे वाहन को भी उसी सड़क से आना पड़ा।

### यमुना की हालत खराब

सीएम ने दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि दिल्ली में यमुना की स्थिति का खामियाजा मथुरा वृंदावन के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। यमुना की हालत खराब हो चुकी। अब मॉडल के रूप में लोग उत्तर प्रदेश को देख रहे हैं। इन्होंने ओखला इलाके में उद्योग तो नहीं लगाए, लेकिन बांग्लादेशीयों को बसाने का काम किया। झूठ का एटीएम बनने में जो समय वे बर्बाद करते हैं, अगर उस दौरान उन्होंने दिल्ली के लोगों के बारे में सोचा होता, तो 10 साल में दिल्ली का कायाकल्प हो गया होता।

### बिधूड़ी बोले- आतिशी मुद्दे से भटक गईं

कालकाजी विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी निराश है, क्योंकि उनके पास कार्यकर्ता नहीं रह गए हैं। जो लोग समाज के लिए, राष्ट्र निर्माण के लिए अरविंद केजरीवाल से जुड़े थे, उन्होंने देखा है कि 10 साल में अरविंद केजरीवाल का लिफाफा फट गया है। अच्छा होता अगर आतिशी अपने द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बतातीं लेकिन वे मुद्दे से भटक गई हैं। उनके पास अब कुछ भी नहीं है।

### केजरीवाल ने जमकर किया भ्रष्टाचारः सचदेवा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इधर-उधर की बातें नहीं करनी चाहिए, उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने 10-11 सालों में क्या किया है। उन्होंने झूठ बोलने, भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया है। अगर अरविंद केजरीवाल ने कोई विकास कार्य किया है तो बताएं। वे कहते थे कि दलित छात्रों को छात्रवृत्ति देंगे, 11 सालों में सिर्फ पांच लोगों को मिली है, ये है उनका विकास।

# शहीद इंस्पेक्टर सुनील कुमार को दी अंतिम सलामी

## मुठभेड़ में हुए बलिदान, एनकाउंटर में थे एक्सपर्ट

**मेरठ।** शामली-करनाल बॉर्डर पर बदमाशों से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एसटीएफ इंस्पेक्टर उपचार के दौरान बुधवार को शहीद हो गए। जाबांज इंस्पेक्टर सुनील कुमार को चार बदमाशों को ढेर करने के दौरान तीन गोलियां लगी थीं। दो गोली पेट और तीसरी गोली लिवर में लगी थीं। वहीं इस मुठभेड़ में चार बदमाश ढेर हुए थे। मंगलवार को घायल इंस्पेक्टर के पेट से चिकित्सकों ने तीन गोलियां निकाली थीं, जिसके बाद वे चिकित्सकों की देख-रेख में थे। बुधवार को उनका बलिदान हुआ। गुरुवार को पुलिस लाइन में अंतिम सलामी के बाद एसटीएफ के बलिदान इंस्पेक्टर सुनील कुमार के



पार्थिव शरीर को मसूरी गांव ले जाया गया। बलिदानी इंस्पेक्टर को एडीजी मेरठ जोन डीके ठाकुर, एसएसपी एसटीएफ लखनऊ घुले, सुशील चंद्रभान, डीआईजी कलानिधि नैथानी, एसएसपी डॉक्टर विपिन ताड़ा ने कंधा दिया। पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर और अंतिम सलामी के बाद इंस्पेक्टर्स सुनील कुमार का पार्थिव शरीर उनके गांव मसूरी ले जाया गया है। गांव में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बांके बिहारी मंदिर आए श्रद्धालुओं पर टूटी आफत, एक घायल, दो की बिगड़ी तबीयत

एजेंसी ■ मथुरा

वृंदावन के ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने आए एक श्रद्धालु के ऊपर बंदरों ने ईंट गिरा दी, जिससे वह घायल हो गए, वहीं दो महिला श्रद्धालु तबीयत बिगड़ने से बेहोश हो गईं। चिकित्सकों के उपचार देने के बाद दोनों की हालत में सुधार आया। दिल्ली के पंजाबी बाग निवासी कविता (50) पत्नी जितेंद्र अरोड़ा अपने परिवार के साथ दर्शन करने के लिए आईं थीं, तभी अचानक मंदिर के गेट चार के समीप महिला की तबीयत बिगड़ गई। घबराहट होने के साथ ही वह बेहोश हो गईं। परिजनों ने महिला को संभाला और भीड़ के बीच से मंदिर में तैनात डॉक्टरों के पास ले गए। जहां डॉक्टर ने ब्लड प्रेशर चेक किया और प्राथमिक उपचार दिया। कुछ ही समय में महिला को होश आ गया।



### बंदरों ने एक के सिर पर गिरा दी ईंट, हुआ लहूलुहान

वहीं वृंदावन निवासी ललिता (70) पत्नी आत्माराम परिजनों के साथ दर्शन करने आईं थीं, तभी उनकी तबीयत खराब हो गई और वह बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें मंदिर के गेट पांच पर तैनात चिकित्सकों के पास ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें होश आया। मंदिर में तैनात डॉक्टर शिवम ने बताया कि श्रद्धालु महिला का ब्लड प्रेशर बहुत ही कम हो जाने से घबराहट होने के बाद वह बेहोश हो गई थीं। बीपी चेक करने के बाद प्राथमिक उपचार देने पर महिला श्रद्धालु सामान्य हो सकीं। इधर, मंदिर के गेट दो के समीप प्रवेश करने के दौरान भवनों की छत पर उत्पात मचा रहे बंदरों ने एक ईंट नीचे गिरा दी, जो दिल्ली निवासी कुमार प्रत्यय (25) पुत्र ओमप्रकाश के सिर पर आकर लगी। इससे उनके सिर में चोट लग गई। श्रद्धालु युवक को लेकर परिजन एंबुलेंस से जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे।

# रहमान खेड़ा में बाघ का आतंक, स्कूल-कॉलेज बंद

## दो माह से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग भी नाकाम, मंत्री ने दौरा कर रेस्क्यू का जायजा लिया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

लखनऊ के रहमान खेड़ा और मीठे नगर गांव में पिछले 60 दिनों से बाघ का खौफ फैला हुआ है। वन विभाग ने पिंजरा, मचान, सीसीटीवी और अम्बुष जैसे तमाम उपाय किए हैं, लेकिन अब तक बाघ को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गांव के लोगों में दहशत का माहौल है और स्कूल-कॉलेज बंद हैं। इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पढ़ रहा है। डर का आलम यह है कि किसान खेतों में काम करने से कतरा रहे हैं। महिलाएं शौचालय तक जाने से डर रही हैं। गांव वालों का कहना है कि





बाघ के डर से उनका जीना मुश्किल हो गया है। उत्तर प्रदेश के वन मंत्री ने रहमान खेड़ा के जंगलों का दौरा कर बाघ को पकड़ने के प्रयासों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वन विभाग पर्याप्त तकनीक का उपयोग कर रहा है और जरूरत पड़ी तो वर्ल्ड टाइगर रेस्क्यू टीम से मदद ली जाएगी। उम्मीद है जल्द ही बाघ को ट्रैंकुलाइज कर पकड़ लिया जाएगा।

### जल्द पकड़ने का भरोसा

फॉरेस्ट अधिकारी अनुराधा जी ने बताया कि हाथियों से लेकर ड्रोन तक सभी संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बाघ को पकड़ लिया जाएगा। गांव वालों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया है। वो जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान चाहते हैं। उनका कहना है कि बाघ का आतंक उनके जीवन को प्रभावित कर रहा है।

## कवायद

## वाराणसी में नई व्यवस्था से आसानी से होगी पहचान, मरीजों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

# अस्पतालों में दलालों पर अंकुश लगाएगा ड्रेस कोड

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

सरकारी अस्पतालों की ओपीडी से लेकर वार्ड, पैथलॉजी, रेडियोलॉजी विभाग सहित अन्य जगहों पर काम करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को ड्यूटी के समय अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड में रहना होगा। साथ ही नेम प्लेट भी लगाना होगा। अस्पतालों में इसका पालन न होने से ओपीडी से लेकर वार्ड, जांच केंद्र में घूमने वाले दलालों की पहचान भी नहीं हो पाती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से वाराणसी मंडल के चारों जिलों (वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर) में व्यवस्था लागू की गई है। सरकारी अस्पतालों में आए दिन



दलालों की सक्रियता की शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिलती रहती है। बाहर की दवा खरीदने से लेकर जांच के लिए दलाल फंसाकर ले जाते हैं। कभी कभी तो ओपीडी गेट पर ही दलाल खड़े रहते हैं। अपर निदेशक डॉ. नीता ने बताया कि सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर ड्रेस कोड का पालन होगा। कहा कि ड्यूटी के समय ड्रेस कोड में रहने से स्वास्थ्यकर्मियों की पहचान होती है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था के लागू होने के बाद से दलालों पर अंकुश तो लगेगा ही, साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों की पहचान भी हो जाएगी। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर इसको हर हाल में लागू करवाया जाएगा।

### गड़बड़ी मिलने के बाद व्यवस्था

वाराणसी के जिला अस्पताल में मंगलवार को अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. नीता, सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी के निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्ड ड्यूटी से लेकर पैथलॉजी, ब्लड बैंक सहित अन्य जगहों पर डॉक्टर ड्रेस में नहीं दिखे। पैरामेडिकल स्टाफ भी निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते नहीं मिले। नेम प्लेट भी किसी ने नहीं लगाया था। इस पर नाराज अपर निदेशक ने हर हाल में ड्रेस कोड का पालन करने को कहा है।

# प्रदेश में मौसम ने लिया यू-टर्न, घने कोहरे के साथ बढ़ी ठिठुरन

## राज्य के कई जिलों में बारिश का जारी किया गया अलर्ट

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी की राजधानी लखनऊ सहित अवध क्षेत्र में मौसम ने गुरुवार को अचानक यू-टर्न लिया। दो दिन धूप खिलने से पारा उछला, जो सुबह घने कोहरे और ठंड के साथ एकदम से बढ़ गया। इससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई। वाहन गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए लाइट जलाकर रेंगते हुए दिखे। वहीं स्कूली बच्चों और आफिस जाने वाले लोगों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोग अलाव के पास बैठकर ठंड से बचाव करते नजर आए। सड़कों पर एक तरह से सन्नाटा छाया



रहा। अति आवश्यक होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के भी आसार हैं। यूपी के ज्यादातर हिस्सों में पिछले दो दिनों से धूप खिलने से दिन के पारे में उछाल देखने को मिला है। साथ ही ठंड में कमी आई है। तराई के इलाकों में कोहरे और सर्दी का असर बरकरार है। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं। प्रदेश में तमाम जगहों पर वर्ष 2021 के बाद जनवरी में सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। 30 डिग्री के साथ वाराणसी सबसे गर्म और सात डिग्री के साथ अयोध्या सबसे ठंडा रहा। प्रदेश के तराई समेत 48 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, गाजियाबाद, नोएडा आदि में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100**, फोन- 403553 ।**स्थानीय संपादक दीपक अरोरा***।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**